नई दिल्ली

नई दिल्ली, सोमवार 24 फरवरी 2020

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 23, अंक : 339
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00 *

मौसम
अधि. 25.3
न्यून. 14.6

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 भारत देगा बांग्लादेश को जवाब

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के स्वागत के लिए भारत तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दो दिवसीय भारत यात्रा आज सोमवार से शुरू हो रही है। ट्रंप सबसे पहले अहमदाबाद पहुंचेंगे। अहमदाबाद यात्रा के मद्देनजर उनके स्वागत के लिए गुजरात का यह शहर तैयार है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वह रोड शो करेंगे और यहां के क्रिकेट स्टेडियम में 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम में संयुक्त रूप से जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए उत्सुक है।

अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियां अमेरिकी राष्ट्रपति की शहर की यात्रा को देखते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। योजना के मुताबिक अहमदाबाद हवाईअड्डे पहुंचने पर अमेरिकी राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया जाएगा, जहां से मोदी और ट्रंप 22 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। रोड शो के बाद दोनों नेता शहर के मोटेरा इलाके में नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम पहुंचेंगे। अधिकारियों का अनुमान है कि रोड शो के मार्ग में करीब एक लाख लोग जुटेंगे। इस रोड शो को अहमदाबाद नगर निगम ने 'इंडिया रोड शो' नाम दिया है। रोड शो को गणमान्य अतिथियों के साथ गुजरात के लोगों के लिए यादगार अनुभव बनाने की खातिर शहर की निकाय संस्था कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। आइए 'नमस्ते ट्रंप' के जरिए दुनिया को भारत की संस्कृति और विविधता का बेहतरीन प्रदर्शन करें।

## ट्रंप ने बाहुबली थीम पर बना अपना वीडियो शेयर किया

### अहमदाबाद में साबरमती आश्रम जाएंगे ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम भी जाएंगे। इसके बाद वह क्रिकेट स्टेडियम जाएंगे जहां वह एक लाख से अधिक लोगों को संबोधित करेंगे। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान साबरमती आश्रम महात्मा गांधी का अहम पड़ाव था। वह वहां 1917 से 1930 के बीच यहां रहे थे। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई' को इस बात की पुष्टि की कि ट्रंप 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए मोटेरा स्टेडियम जाने से पहले साबरमती आश्रम में कुछ समय बिताएंगे।



### 'प्रिय मित्र से मिलने के लिए काफी उत्साहित हूं'

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह आज भारत यात्रा के दौरान अपने 'प्रिय मित्रों' से मिलने के लिए काफी उत्साहित हैं। ट्रम्प ने एक वीडियो रिट्वीट करते हुए यह बात कही जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति को 'बाहुबली' (भारतीय फिल्म का एक किरदार) के अवतार में दिखाया गया है। वीडियो में राष्ट्रपति की पत्नी मेलानिया ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी नजर आ रहे हैं।

- डोनाल्ड ट्रंप आज सोमवार को भारत पहुंच रहे है, अहमदाबाद में ट्रंप का पहला कार्यक्रम होगा
- अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप का 25 फरवरी की सुबह राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा

## खबर संक्षेप

### वीरप्पन की बेटी विद्या भाजपा में हुई शामिल

**चेन्नई।** चंदन तस्कर वीरप्पन की बेटी विद्या रानी बीजेपी में शामिल हो गईं।



कृष्णागिरी में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव मुरलीधर राव, पूर्व केंद्रीय मंत्री पॉन राधाकृष्णन समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में विद्या समेत सैकड़ों लोग पार्टी में शामिल हुए। बीजेपी में शामिल होने के बाद विद्या रानी ने कहा कि मैं गरीबों और वंचितों के लिए काम करना चाहती हूं। पीएम मोदी की योजनाएं लोगों के लिए हैं और मैं उन्हें लोगों तक ले जाना चाहती हूं। बता दें कि वीरप्पन कुख्यात अपराधी था और इसका आतंक कर्नाटक और तमिलनाडु में फैला हुआ था।

### लाहौर में पाक के राष्ट्रपति से मिले शत्रुघ्न

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान दौरे पर गए कांग्रेस नेता शत्रुघ्न सिन्हा ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉ। आरिफ



अल्वी से मुलाकात की है। शत्रुघ्न सिन्हा दो दिन के पाकिस्तान दौरे पर थे। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा है कि ये एक निजी मुलाकात थी और इसमें राजनीति पर कोई चर्चा नहीं हुई। शत्रुघ्न सिन्हा लाहौर में एक शादी समारोह में हिस्सा लेने पाकिस्तान गए थे। विवाह समारोह में मौजूद लोग उस वक्त चौंक गए जब उन्होंने अपने बीच बॉलीवुड के जाने-माने सितारे शत्रुघ्न सिन्हा को पाया।

### गैंगस्टर रवि पुजारी द. अफ्रीका में गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** फरार गैंगस्टर रवि पुजारी को दक्षिण अफ्रीका में गिरफ्तार



कर लिया गया है और उसे अधिकारियों की एक टीम भारत ला रही है। इस टीम में कर्नाटक के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि पुजारी उगाही और हत्या के कई मामलों में वांछित है और 15 साल से फरार है। उसके सेनेगल निर्वासित कर दिया गया था, जहां पिछले साल जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया था।

## नजरिया



## सीएए और एनआरसी को लेकर फिर देशभर में बवाल

# जाफराबाद में विरोधियों और समर्थकों में झड़प अलीगढ़ में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लेकर बवाल तेज हो गया। सीएए के खिलाफ शाहीन बाग के बाद जाफराबाद में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया गया, तो जवाब में बीजेपी नेता कपिल मिश्रा और उनके समर्थक सड़क पर उतर आए। उन्होंने जाफराबाद और चांद बाग में सड़कें खुलवाने की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया और धरने पर बैठ गए। इस दौरान एक गली से कुछ लोग आए और कपिल मिश्रा और उनके समर्थकों पर पथराव कर दिया। इसके जवाब में समर्थकों ने पथराव की जवाबी कार्रवाई की। हालात बिगड़ते देखकर बाबरपुर और मौजपुर मेट्रो स्टेशन और सिग्नेचर ब्रिज को भी बंद कर दिया गया। इस दौरान दिल्ली पुलिस मूकदर्शन बनी तमाशा देखती रही। जब हालात काबू से बाहर होने लगे, तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इस पथराव में कई लोग घायल हो गए।

वहीं अलीगढ़ में सीएए के विरोध प्रदर्शन में ऊपरकोट इलाके में हुई। यहां प्रदर्शनकारियों की भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने पुलिस की जीप पर पथराव किया और ट्रांसफार्मर को आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। दो जगह ऊपरकोट, शाहजमाल और देहलीगेट इलाके में उपद्रव हुआ। सबसे पहले देहलीगेट में प्रदर्शनकारियों की भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने धार्मिक स्थल के पास पत्थरबाजी की। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। वहीं अलीगढ़ में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

### पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए छोड़े आंसू गैस के गोले



### सीएए के समर्थन में महिलाएं, कहा- हम भी प्रदर्शन करेंगे

प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि जब तक केंद्र सरकार सीएए को वापस नहीं लेती है, तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, मौजपुर में पथराव के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने सीएए के समर्थन में धरना शुरू कर दिया, जो कि कुछ देर बाद खत्म भी हो गया। महिलाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि जाफराबाद-शाहीनबाग से अगले तीन दिन में सड़कें खाली नहीं कराई गईं तो हम फिर प्रदर्शन शुरू करेंगे।

### पत्थरबाजी में कई लोगों के फूटे सिर



सीलमपुर से मौजपुर की तरफ आते हुए मामला साफ था। एक तरफ सीएए के विरोध में लोग और दूसरी तरफ सीएए के समर्थन में लोग। कन्फ्यूजन शुरू होता है इससे आगे। यहां एक तरफ कबीरनगर तो दूसरी तरफ कर्दमपुरी है। सीएए के समर्थन में खड़े लोगों पर कथित रूप से कर्दमपुरी की तरफ से पत्थरबाजी हो रही थी। हमारे सामने वहां कुछ के सिर फूटे, जिन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। कुछ का तो यह तक कहना था कि पट्रोल बम छोड़े जा रहे हैं, हालांकि, ऐसा कुछ देखने में नहीं आया।

### शाहीन बाग पर हबीबुल्लाह ने दायर किया हलफनामा

## 'विरोध शांतिपूर्ण, पुलिस ने बेवजह बंद किए हैं रास्ते'

दिल्ली के शाहीन बाग में प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त वार्ताकारों में से एक, वजाहत हबीबुल्लाह ने कोर्ट में एक शपथ पत्र दायर किया है। वजाहत हबीबुल्लाह ने अपने हलफनामे में कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ शाहीन बाग में विरोध शांतिपूर्ण है। अपने हलफनामें में हबीबुल्लाह ने कहा है कि पुलिस ने शाहीन बाग के आसपास के पांच स्थानों पर नाकेबंदी की है। अगर इन अवरोधों को हटा दिया जाता है तो यातायात सामान्य हो जाएगा। उन्होंने अपने हलफनामे में कहा है कि पुलिस ने अनावश्यक रूप से सड़कों को अवरुद्ध किया है जिसकी वजह से



लोगों को समस्या हो रही है। सड़क 13 ए, जो दिल्ली को नोएडा से जोड़ती है, पिछले कई दिनों से आंदोलनकारियों द्वारा बुजुर्ग महिलाओं के नेतृत्व में नागरिकता अधिनियम का विरोध करते हुए अवरुद्ध किया गया है। नाकाबंदी के कारण आश्रम के आसपास और दक्षिणी दिल्ली के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम हो गया है।

## पुलिस बोली- कंट्रोल में स्थिति, फ्लैग मार्च जारी

मौजपुर इलाके में हुई पत्थरबाजी की घटना पर संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी रेंज) आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस पर भी पथराव किया गया। हमने स्थिति पर काबू पा लिया है। घटनास्थल पर पर्याप्त कर्मी तैनात कर दिए गए हैं और फ्लैग मार्च जारी कर लोगों से शांति बनाने की अपील की गई है। डीसीपी (नॉर्थ-ईस्ट) वेद प्रकाश सूर्या का कहना था कि अब हालात नियंत्रण में है। पुलिस की ओर दो आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे। सुरक्षा को देखते हुए रात में ही जाफराबाद रोड पर अर्द्धसैनिक बल और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। रविवार सुबह पुलिस व अतिरिक्त सुरक्षा बल ने रास्ता खुलवा लिया था। इसी बीच एक ओर से दिल्ली पुलिस और सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुई तो दूसरी तरफ सरकार और पुलिस के पक्ष में नारेबाजी शुरू हो गई। दोनों ओर से महिलाएं सड़कों पर आ गई।



### 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को खेल से जुड़ने की दी सलाह

# जो फिट रहेगा वो हमेशा हिट रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 62वें 'मन की बात' कार्यक्रम में युवाओं को खेल से जुड़ने की सलाह दी। पीएम ने कहा कि जो फिट रहेगा वो हमेशा हिट रहेगा। हाल ही में दिल्ली के हुनर हाट गए थे और वहां लिट्टी चोखा का आनंद लिया था। अब पीएम मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी हुनर हाट छाया रहा। रेडियो पर प्रसारित अपने मन की बात कार्यक्रम में रविवार को मोदी ने कहा कि हुनर हाट, शिल्पकारों के सपनों को पंख दे रहा है। उन्होंने कहा कि हुनर हाट ने शिल्पकारों की जिंदगी में व्यापक बदलाव किए हैं।

### हुनर हाट, शिल्पकारों के सपनों को दे रहा पंख



*महिला शक्ति बनी नई सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणास्रोत*

पीएम मोदी ने वैश्विक ताकत के रूप में उभरते नये भारत में नयी सोच के साथ आगे बढ़ने के लिये देश की महिला शक्ति की सार्थक पहल का जिक्र करते हुये कहा कि माताएं बहनें आगे बढ़कर चुनौतियों को स्वीकार कर समाज को सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही हैं।

### जैव विविधता का संरक्षण करने की देशवासियों से अपील की

पीएम मोदी ने भारतीय परंपरा में प्रकृति के प्रति अपार प्रेम के संदेश का जिक्र करते हुये देशवासियों से भारत की जैव विविधता का संरक्षण करने की अपील की। मोदी ने 'मन की बात' में अपने संबोधन के दौरान कहा कि हमारी जैवविविधता पूरी मानवता के लिए अनोखा खजाना है जिसे हमें संजोना है, संरक्षित रखना है, और इसकी खोज भी करना है। प्रधानमंत्री ने प्रवासी जीवों के संरक्षण की जरूरत पर बल देते हुये कहा कि हमारे देश की महान परम्परायें हैं।

## नौसेना का मिग-29के विमान क्रैश, पायलट सुरक्षित...



पणजी। भारतीय नौसेना का एक मिग–29के विमान रविवार सुबह गोवा तट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि पायलट विमान से सुरक्षित निकल आया। साथ ही कहा कि हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

### सभापति नायडू ने सचिवालय को दिया निर्देश

# राज्यसभा के हर सदस्य के प्रदर्शन का बनेगा रिपोर्ट कार्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के प्रत्येक सत्र के दौरान राज्यसभा में सभी सदस्यों की भागीदारी और उनके प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा और सत्र के समापन पर इसे हर सदस्य को मुहैया भी कराया जायेगा। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने राज्यसभा सचिवालय को निर्देश दिया है कि संसद के प्रत्येक सत्र के दौरान उच्च सदन में हर सदस्य की भागीदारी की पृथक रिपोर्ट बना कर सत्र खत्म होने के बाद इसे सदस्यों को दिया जाए। राज्यसभा सचिवालय ने उच्च सदन की कार्यवाही में सदस्यों की भागीदारी को लेकर नायडू के निर्देश पर अपने तरह का पहला विश्लेषण भी किया है।



### बजट सत्र का पहला चरण 11 फरवरी का हुआ पूरा

इसमें 11 फरवरी को खत्म हुये बजट सत्र के पहले चरण की विश्लेषण रिपोर्ट तैयार की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार उच्च सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों को अपनी बात रखने के ज्यादा अवसर मिले हैं।

### हिस्सेदारी के लिए सभी सदस्यों को मिले अवसर

सदस्य संख्या के लिहाज से सदन में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय सदस्यों को अपनी बात कहने के 19 प्रतिशत अवसर मुहैया कराए गए। विश्लेषण में यह बात उजागर करने की कोशिश की गई है कि उच्च सदन में विभिन्न दलों की हिस्सेदारी के मुताबिक उनके सदस्यों को अपनी बात रखने के समान अवसर मिले।

### 107 सदस्यों ने प्रश्नकाल ने बजट सत्र में लिया हिस्सा

विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार गैर एनडीए दलों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, अन्नाद्रमुक के सदस्यों को अपनी बात कहने के आनुपातिक तौर पर अधिक अवसर मिले, जबकि बीजद, द्रमुक, टीआरएस और माकपा को सदन में सदस्यों की हिस्सेदारी के अनुरूप अवसर मिले। राज्यसभा में बजट सत्र के पहले चरण की कार्यवाही के दौरान 107 सदस्यों ने प्रश्नकाल में और सौ सदस्यों ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और बजट प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया।

### कोरोना वायरसः शी ने बताया-सबसे बड़ी स्वास्थ्य आपदा

# जापानी जहाज पर फंसे चार भारतीय संक्रमित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जापान तट के पास खड़े क्रूज पोत पर चालक दल के चार भारतीय सदस्यों में कोरोनावायरस की पुष्टि हुई है। भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा कि सभी परिणाम आने के बाद जिन लोगों में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है उन्हें घर लाने में मदद की जाएगी। इस बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कोरोनावायरस को देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आपदा बताया है। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिहिदे सुगा ने कहा कि अनेक लोगों के जहाज से उतरने के बावजूद पोत पर 1,000 से अधिक यात्री और चालक दल के सदस्य अब भी मौजूद हैं। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, 'दुर्भाग्य से, स्थानीय समयानुसार 12 बजे प्राप्त हुए परिणामों में चालक दल के चार भारतीय सदस्य जांच में पॉजीटिव पाए गए हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प की यात्रा के लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व बंदोबस्त

**आज आईटीसी मौर्य होटल में ठहरेंगे ट्रम्प केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की करीब 40 टुकड़ियों को भी किया गया है तैनात**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सोमवार को आईटीसी मौर्य होटल में ठहरेंगे और इसी के मद्देनजर होटल में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजार किए गए हैं। सेना और अर्द्धसैन्य बल उन रास्तों पर जांच कर रहे हैं जहां से ट्रम्प गुजरेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां अमेरिका की खुफिया सेवा के साथ मिलकर भी काम कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि ऊंची इमारतों पर एनएसजी की ड्रोन रोधी टुकड़ी, विशिष्ट स्वैट कमांडो, पतंग पकड़ने वाले दलों, श्वान दलों, शार्प शूटर्स को तैनात किया गया है तथा होटल में और उसके आसपास के इलाकों तथा मार्गों पर 'पराक्रम' वैनों को तैनात किया गया है। सुरक्षा बंदोबस्त के लिए छह जिलों के पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की करीब 40 टुकड़ियों को काम में लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सरदार पटेल मार्ग पर रात में साफ तस्वीर लेने के साथ ही हाई-डेफिनिशन वाले सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि 24 घंटे स्थिति पर नजर रखी जा सकें। होटल आईटीसी मौर्य इसी मार्ग पर स्थित है।



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यात्रा के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन के पास रायसीना हिल पर भारत और अमेरिका के झंडे लहराते हुए।

पांच साल पहले जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा राष्ट्रीय राजधानी आए थे तो दिल्ली पुलिस ने 605 सीसीटीवी कैमरे किराये पर लिए थे और इसे किराये पर लेने, लगाने तथा बाद में हटाने पर एक करोड़ से अधिक रुपये खर्च किए थे। सूत्रों ने बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने के मद्देनजर इस बार सुरक्षा का खतरा अधिक है और एजेंसियां पहले के मुकाबले अधिक 'सतर्क एवं चौकस' हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने अर्द्धसैन्य बल और सेना से हमला रोधी दलों का अनुरोध भी किया है। वे अमेरिकी राष्ट्रपति की यहां की यात्रा के दौरान उनके रास्ते में आने वाले हर मार्ग पर नियमित रूप से हमला रोधी जांच करते रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बहु चरणीय सुरक्षा व्यवस्था के अलावा दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए हैं।

### सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी रहेंगे मौजूद

आईटीसी मौर्य में तीन चरणीय सुरक्षा कवर होगा। चाणक्यपुरी में डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में स्थित होटल में हर मंजिल पर सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी मौजूद होंगे। दिल्ली पुलिस की सुरक्षा शाखा के कर्मी अमेरिका की सीक्रेट सर्विस के साथ मिलकर अंदरुनी सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। सुरक्षा का दूसरा चरण होटल के लॉबी क्षेत्र, पार्किंग, लॉन क्षेत्र तथा पूल के आसपास होगा जबकि तीसरे चरण में जिला पुलिस के कर्मी होंगे। होटल के सामने बहुत बड़ा हरित क्षेत्र है और सुरक्षाकर्मी वहां भी तैनात होंगे।

### रास्तों पर रखी जाएगी हवाई निगरानी

ट्रम्प का काफिला जिन सड़कों से गुजरेगा उन सभी पर दोहरे बैरिकेड लगाए गए हैं। रास्ते पर हवाई निगरानी भी रखी जाएगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गाड़ियों को लेन में रखने के लिए मार्ग पर मॉड्यूलर कंक्रीट या प्लास्टिक के बैरियर लगाए गए हैं। दिल्ली सरकार नागरिक संस्थाओं के साथ मिलकर काम कर रही है।

### होटल में दो सप्ताह से सुरक्षा के है कड़े प्रबंध

आईटीसी मौर्य में जिस मंजिल पर ग्रैंड प्रेजीडेंशियल सुइट स्थित है वहां होटल के अधिकांश कर्मियों को जाने की अनुमति नहीं है। सूत्रों ने बताया कि होटल में पिछले दो सप्ताहों से सुरक्षा बंदोबस्त चल रहे हैं। एनएसजी कमांडो और दिल्ली पुलिस के कर्मी नियमित रूप से हर मंजिल पर गश्त दे रहे हैं। अमेरिकी दूतावास के अधिकारी भी तैयारियों पर नजर रख रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि जिस वक्त ट्रम्प और उनके साथ आए लोग होटल में होंगे उस दौरान अन्य मेहमानों के लिए होटल बंद होगा और पांच सितारा होटल के सभी 438 कमरे बुक कर लिए गए हैं।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प का दिल्ली सरकार के एक स्कूल का दौरा करने का भी कार्यक्रम है। उस स्कूल तक जाने वाले रास्ते पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम होंगे। प्रोटोकॉल के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों के निर्देश पर पेड़ों को काट दिया गया है। सुरक्षा को लेकर अमेरिका के सुरक्षा एजेंटों के साथ बैठकें भी की गई है। यहां तक कि पड़ोस में स्थित ताज पैलैस होटल में भी सुरक्षाकर्मी कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

## करोड़ों की हेरोइन के साथ तीन विदेशी गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने 60 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एनसीबी दिल्ली जोन के निदेशक के पी एस मल्होत्रा ने बताया कि मोजांबिक की दो महिलाओं को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पहुंचने पर पकड़ा गया।

उनके पास से कथित रूप से 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। एक महिला से मिली सूचना के आधार पर ग्रेटर नोएडा में रहने वाले आइवरी कोस्ट के एक व्यक्ति के घर पर छापा मारकर एनडीपीएस अधिनियम के तहत उसे गिरफ्तार किया गया और वहां से चार किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी ने हेरोइन तस्करी के आपूर्ति गिरोह का भंडाफोड़ किया जिसकी जड़ें मोजांबिक और दक्षिण अफ्रीका से होते हुए अफ्रीका से भारत तक फैली हैं। मल्होत्रा ने बताया कि 14.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी गई जिसकी कीमत 60 करोड़ रुपये बताई जाती है। उन्होंने कहा कि दोनों महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मोजांबिक की राजधानी मापुतो से यह प्रतिबंधित सामग्री ली थी और इसे वे ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 106 में किसी और को देने वाली थीं।

## मुनिरका गांव में गिराई गई झुकी इमारत



हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत मुनिरका गांव में झुकी हुई इमारत रविवार को गिरा दी गई। हालांकि इमारत गिराने में निगम प्रशासन को पिछले तीन दिनों तक काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके झुकने से आसपास के निवासियों में डर का माहौल व्याप्त था। गौरतलब है कि निगम प्रशासन को इमारत के झुकने की जानकारी गुरुवार को पता चली थी। इसके बाद निगम का दस्ता इमारत को गिराने के लिए शुक्रवार सुबह मौके पर जेसीबी मशीनें लेकर पहुंचा। मशीन से इमारत गिराने की कोशिश की गई लेकिन वह नहीं गिर सकी। इसके बार शनिवार को बड़ी मशीनें मंगाई गईं। यातायात पुलिस ने अहतियात के तौर पर बाबा गंगनाथ मार्ग को बंद भी कर दिया था लेकिन शनिवार को भी इमारत नहीं गिराई जा सकी। रविवार सुबह करीब 11 बजे भवन को गिराया जा सका।

## बोंटा पार्क में युवती पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी अरेस्ट

- पीड़िता की एक अन्य युवक से थी दोस्ती
- इसी से नाराज को होकर आरोपी ने दिया वारदात को अंजाम

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** नॉर्थ जिला पुलिस ने बोंटा पार्क में युवती पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक दिव्यांग है। आरोपी का नाम शिबू उर्फ बिलाल (28) है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि युवती कि एक अन्य युवक से भी दोस्ती थी, जो कि उसे नागवार थी। इसी बात को लेकर दोनों का पार्क में झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसने युवती पर पत्थर से हमला किया और उसे मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, शिबू पोलियो ग्रस्त है। वह अपने परिवार के साथ लोनी गाजियाबाद में रहता है और सिलाई का काम करता है। युवती भी गाजियाबाद की रहने वाली है और वह एक इंस्टिट्यूट से कंप्यूटर कोर्स कर रही है। इसी दौरान उनकी दोस्ती शिबू से हुई थी। इसी बीच शिबू को पता चला कि युवती की दोस्ती एक अन्य युवक से भी है तो उसने युवती को मिलने के लिए शनिवार को बोंटा पार्क में बुलाया। जहां दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

## होटल में घुसकर दो बदमाशों ने हथियार के बल पर की लूटपाट

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** आदर्श नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने होटल में घुसकर हथियार के बल पर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। लूटपाट के बाद बदमाशों ने होटल में तोड़फोड़ की और बाद में वह मौके से फरार हो गए। पुलिस ने होटल मैनेजर शिव कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, देर रात करीब 3.30 बजे पुलिस को आदर्श नगर इलाके में स्थित होटल में लूटपाट करने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। होटल मैनेजर शिव कुमार ने पुलिस को बताया कि वह रात 3.30 बजे अपने साथी के साथ रिशेप्शन पर बैठे हुए थे। इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश होटल में दाखिल हुए। एक बदमाश ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि दूसरा बिना हेलमेट के था। इससे पहले वह अभी कुछ समझ पाते, दोनों बदमाशों ने उन पर पिस्टल तान दी। इसके बाद वह उनसे गल्ले में से रुपये निकालकर देने की बात कहने लगे। इस बीच बदमाश ने गल्ले में रखे करीब 12 हजार रुपए खुद ही निकाल लिए। बदमाशों ने कमरों की तलाशी लेने की बात कही। जिन्होंने कमरों में भी जाकर तलाशी ली और कुछ कस्टमर के साथ बदतमीजी करने की कोशिश की। बदमाशों ने होटल में कुछ सामान तोड़ा और सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर को तोडकर साथ ले गए।

**जलवा...**



नई दिल्ली की सड़कों पर जलवा दिखाती विंटेज कार।

## युवक ने की खुदकुशी, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** प्रेम नगर थाना इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम रोशन शाह है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाये है कि पुलिस ने बच्चे व महिलाओं पर लाठीचार्ज किया है। इसकी कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में पुलिस डंडों से पब्लिक को खदेडने की कोशिश कर रही है। परिवार वालों ने शव का पैनल में पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।




**अब सरकारी विपणन पोर्टल पर पंजीकृत होंगे उत्पाद**

## 'हुनर हाट' के शिल्पकारों और कारीगरों को मिली बड़ी पहचान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चल रहे 'हुनर हॉट' में पीएम नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के अवलोकन के बाद अल्पसंख्यक शिल्पकारों ओर काश्तकारों के उत्पादों की पहचान को बल मिला है, जिनके लिए देश विदेश से भी आर्डर मिलने के संकेत मिले हैं। इसी लिए अब केंद्र सरकार ने 'हुनर हॉट' में हिस्सा लेने वाले शिल्पकारों और कारीगरों के उत्पादों को सरकारी विपणन पोर्टल पर पंजीकृत करने का फैसला किया है।

यह जानकारी रविवार को यहां इंडिया गेट परिसर में अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा आयोजित 'हुनर हॉट' मेले में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास ने दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हुनर हॉट में लगे स्टॉलों का अवलोकन करने के बाद अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी 'हुनर हॉट' के अपने अनुभव का जिक्र किया और हुनर हाट का उल्लेख कर प्रधानमंत्री ने देशी कला एवं काश्तकारी के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी है। इससे पहले राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'हुनर हॉट' का भ्रमण किया है। नकवी ने बताया कि इस कारण इस मेले में हिस्सा ले रहे देश के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से अपने उत्पादों के साथ यहां पहुंचे शिल्पकारों व कारीगरों को पहचान मिली है और उनके प्रदर्शित उत्पादों की गूंज देश-विदेशों तक भी पहुंची है। इसलिए सरकार ने फैसला किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय के शिल्पकारों व कारीगरों के उत्पादों को सरकारी विपणन पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा ताकि देश-विदेश से उनके उत्पदों के लिए आर्डर मिल सके। नकवी ने कहा कि उनका मंत्रालय शिल्पियों एवं काश्तकारों के उत्पादों का सरकारी विपणन पोर्टल पर पंजीकरण करायेगा।





इंडिया गेट पर हुनर हाट में केंद्रीय मंत्री मुख़्तार अब्बास नकवी के साथ दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जायजा लिया। इस दौरान मिट्टी से बर्तन बनाने का हुनर भी देखा।

### लाखों लोगों को भाया हुनर हॉट

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नकवी ने नई दिल्ली में इंडिया गेट परिसर में राजपथ पर गत 13 फरवरी को शुरू हुए 'हुनर हॉट' मेले की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को इस मेले का अंतिम दिन है और इन 11 दिनों में 15 लाख से भी ज्यादा भारतीय और विदेशी आगंतुक यहां पहुंचे और खरीददारी भी की। उन्होंने स्वीकार किया कि अब तक अयोजित तीन दर्जन से ज्यादा 'हुनर हॉट' मेलों के मुकाबले इस 'हुनर हॉट' में जयादा आगंतुक पहुंचे, जिसके कारण इसमें हिस्सा ले रहे देशभर के शिल्पकारों व कारीगरों को ज्यादा प्रोत्साहन मिला और उत्साहवर्धन हुआ।

## देर रात तक लोगों को समझाती रही पुलिस, निकाला फ्लैग मार्च

# जाफराबाद में तनाव, छतों से भी फेंके गए पत्थर





मनीष राणा ⏭नई दिल्ली

राजधानी में शाहीन बाग, जाफराबाद, इंद्रलोक, खुरेजी चौक, भजनपुरा, लाल बाग, आदि इलाकों में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। जाफराबाद स्थित मौजपुर व कबीर नगर में रविवार शाम को सीएए के समर्थकों और विरोधियों में झपड़ और पथराव हुआ। दोनों तरफ के लोग एक-दूसरे पर पथराव कर रहे थे तो कुछ लोग छत पर खड़े होकर पथराव करते नजर आये।

पथराव के दौरान पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर प्रदर्शनकारियों पर काबू पाया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने हालात पर पूरी तरफ काबू पा लिया था। इस दौरान कई लोग घायल भी हुए। घायलों को आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल जाफराबाद में तनाव बना हुआ है। वहीं, चश्मदीदों की माने तो लोगों ने भीड़ के कुछ लोग को बुरी तरह पीटा भी है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पथराव की सूचना मिलते ही संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी रेंज) आलोक कुमार मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। इलाके में पर्याप्त सुरक्षाकर्मी तैनात किया गया हैं और फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति बनाये रखने की अपील भी की जा रही है। बता दें कि रविवार को जाफराबाद इलाके में उस वक्त तनावपूर्ण स्थिति हो गई, जब सीएए के विरोध में प्रदर्शनकारियों के सामने सीएए के समर्थन में नारे लगाते हुए कुछ लोग आ गए। दोनों ओर से प्रदर्शनकारी अपने-अपने पक्ष में खूब तेज नारे लगाने लगे। दोनों ओर से नारेबाजी को देखते हुए पुलिस तुरंत एक्टिव हो गई। तनावपूर्ण माहौल के बाद पुलिस की उपस्थिति बढ़ा दी गई है। वहीं, दूसरी ओर यमुनापार में सड़कों से दूर बैठीं महिला प्रदर्शनकारियों ने पिछले 12 घंटे में तीन सड़कों को बंद कर दिया है। इसकी शुरुआत शनिवार शाम जाफराबाद रोड से हुई। रविवार को चांद बाग के पास



वजीराबाद और खुरेजी में पटपड़गंज रोड पर प्रदर्शनकारी आ गए। इन तीनों जगहों पर प्रदर्शनकारियों की वजह से यातायात बंद हो गया है। इसकी वजह से जाम की समस्या भी खड़ी हो गई।

### हालात पर काबू पाने में लगी रही पुलिस

प्रदर्शनकारियों के उग्र होने के बाद हालात बेहद खराब हो गए। देर शाम तक पुलिस हालात पर काबू पाने की कोशिश करती रही। आसपास के कई जिलों से फोर्स बुलाने के अलावा अर्द्धसैनिक बलों को मौके पर तैनात किया गया। हालात बेकाबू होने के बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त आलोक कुमार खुद मौके पर पहुंचे और उन्होंने मौके का जायजा लिया।

### प्रदर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक

जाफराबाद इलाके में शनिवार रात से ही जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के नीचे रोड पर बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक हैं। जाफराबाद में महिलाएं रोड खाली करने से मना कर रही हैं। प्रदर्शनकारियों में बुजुर्ग महिलाओं से लेकर युवतियां तक शामिल रही। उन्होंने अपने हाथों में तिरंगा लिया हुआ था। प्रदर्शन की वजह से जाफराबाद मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया गया है। यहां पर एंट्री और एग्जिट गेट को बंद कर दिया गया है। मेट्रो ट्रेन यहां पर नहीं रुक रही हैं।

### धर्मगुरु की बात को भी किया अनदेखा

प्रदर्शनकारियों के सड़कों पर आने के बाद पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने उठने से मना कर दिया। इसके बाद पुलिस ने जाफराबाद स्थित मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना शमीम अहमद को भी बुलाया कि वह लोगों से अपील करें कि कानून को हाथ मे न लें और सड़क खाली करें। महिलाओं ने मौलाना की बात नहीं मानी।

### रात भर चलता रहा प्रदर्शन

पथराव के बाद पुलिस ने दोनों लोगों शांत कर दिया। इसके बाद दोनों समुदाय के लोगों को अलग-अलग कर दिया। एक तरफ जहां सीएए के विपक्ष में प्रदर्शन हो रहा है। वहीं, दूसरी और सीएए के समर्थन में प्रदर्शन हो रहा है। खबर लिखे जाने तक दोनों गुटों के लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते रहें।

### लोगों ने खुद को किया घरों में कैद

पथराव के दौरान पूरे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति हो गई। इसके बाद लोगों ने खुद को घरों में बंद कर लिया। वह छतों पर खड़े होकर इलाके में हो रहे पथराव को देखने लगे। लोगों का कहना है कि दोनों ओर से जमकर पथराव हो रहा था। मौके पर मौजूद पुलिस बल कुछ नहीं कर पा रहा था। बाद में लोगों को शांत करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

# विधानसभा सत्र आज से

■ पहले दिन नवनिर्वाचित विधायक लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का तीन-दिवसीय सत्र सोमवार को शुरू होगा जिस दौरान दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायक शपथ ग्रहण करेंगे और अध्यक्ष चुना जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार उपराज्यपाल अनिल बैजल 25 फरवरी को सदन को संबोधित करेंगे। सूत्रों के अनुसार पिछली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल के पद पर बने रहने की संभावना है। नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ लेने के बाद सोमवार को सदन में अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। दिल्ली की सातवीं विधानसभा का हाल में गठन हुआ जिसमें 70 सदस्यीय सदन में आम आदमी पार्टी को 62 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यह नव-गठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र होगा। इन चुनावों में भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं जबकि कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली।

### भेदभाव खत्म करने का काम कर रही सरकार : गौतम

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार भेदभाव को खत्म करने का काम कर रही है। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने रविवार सुबह अपने निवास पर बहुजन समाज के लोगों के साथ आयोजित बैठक में उक्त बाते कहीं। बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, वकील, समता सैनिक दल, भीम आर्मी से जुड़े लोग, बसपा, बामसेफ, बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। आम आदमी पार्टी का राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने के लिए और पूरे देश में अलग-अलग राज्यों में दलितों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आंदोलन की तैयारियों को लेकर कैबिनेट मंत्री गौतम ने कहा कि देश के सम्पूर्ण विकास के लिए समाज को एकजुट करना होगा। दलितों पर हो रहे जुल्मों के खिलाफ आंदोलन करना होगा। जिस तरह देश के अलग अलग राज्यों से लगातार दलितों पर अत्याचारों की खबरें आ रही हैं, उसे देखकर समाज के युवाओं में बढ़ती अपराध प्रवृति को देखकर आश्चर्य होता है। समाज के अंदर किस कदर जहर घोला जा रहा है और देश को बांटने के काम किया का रहा है। आज सबको एक जुट होकर इसके लिए आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस भेदभाव को खत्म करने का काम कर रही है।

ACB (INDIA) LIMITED
(INTERNATIONAL COMPETITIVE BIDDING)
ACB (INDIA) LIMITED
MARUTI CLEAN COAL & POWER LIMITED
&
TRN ENERGY PRIVATE LIMITED
A. WET LIME STONE TECHNOLOGY
B. WET AMMONIA TECHNOLOGY
Address for Communication:
Advisor Power Projects

# जाफराबाद हिंसा पर कपिल मिश्रा ने पुलिस को दिया अल्टीमेटम, कहा- नहीं बनने देंगे दूसरा शाहीन बाग

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) के विरोध में शाहीन बाग के बाद जाफराबाद और अब चांद बाग में भी लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन पर उतर आए। जिसके बाद भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि वे दिल्ली में दूसरा शाहीन बाग नहीं बनने देंगे। मिश्रा ने दिल्ली पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेताया कि जाफराबाद और चांद बाग की सड़कें खाली करवाइए। उन्होंने कहा कि



इसके बाद हमें मत समझाइयेगा, हम आपकी भी नहीं सुनेंगे, सिर्फ तीन दिन का समय है दिल्ली पुलिस के पास। इससे पहले मिश्रा ने कहा कि जाफराबाद में अब स्टेज बनाया जा रहा है। एक और इलाका जहां अब भारत का कानून चलना बंद हो गया। मिश्रा ने आगे लिखा कि सही कहा था मोदी जी ने, शाहीन बाग एक प्रयोग था। उन्होंने लिखा कि एक-एक करके सड़कों, गलियों, बाजारों, मुहल्लों को खोने के लिए तैयार रहिए। चुप रहिए, जब तक आपके दरवाजे तक ना आ जाएं, चुप रहिए।

## प्रदर्शन के कारण यातायात प्रभावित, लोग हुए परेशान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के खुरेजी खास क्षेत्र में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन के लिए लोगों के एकत्र होने के कारण यातायात प्रभावित रहा। कानून का विरोध करने के लिए मौजूद लोगों में अधिकतर महिलाएं थीं। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों की संख्या 100 से कुछ कम थी और उन्होंने खुरेजी खास मुख्य मार्ग तक जाने वाली सड़क पर धरना दिया व प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारी इस कानून को वापस लेने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने आसपास के इलाकों की कई सड़कों जाम



कर दी। इसकी वजह से आसपास के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के चलते कई बसों के रूट भी बदले गए। शाम को पथराव के बाद पुलिस ने सिग्नेचर ब्रिज को भी बंद कर दिया। कई सड़कों पर रूट बदले के अलावा कई सड़कों को बंद कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य मार्ग तक जाने वाली सड़क के एक तरफ प्रदर्शनकारियों ने धरना दिया। यातायात का परिचालन जारी रहा लकिन यहां से गाड़ियों की आवाजाही की रफ्तार बहुत धीमी थी। उन्होंने कहा कि सड़क खाली करने के लिए हमने उनके साथ बातचीत कर उन्हें मनाने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि बातचीत के बाद कई प्रदर्शनकारी मौके से चले गये जबकि कुछ लोग अब भी संशोधित नागरिकता कानून एवं राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी के खिलाफ धरने पर हैं।

### लोगों को स्वच्छता के बारे में किया जागरूक

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के पूर्व नेता सदन व वार्ड 36 रानीखेड़ा के निगम पार्षद जयेंद्र डबास ने अपने वार्ड की कॉलोनी वर्धमान एनक्लेव, कराला में आरडब्ल्यू के साथ एक बैठक कर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कचरा सड़क पर या खुले स्थान पर ना फेंके, कचरे को कचरा गाड़ी में ही डालें एवं खुले में शौच ना जाए। खाना खाने से पहले साबुन से हाथ अवश्य धोएं। सफाई कर्मी और कचरे की गाड़ी ना आने पर पार्षद को शिकायत करे। उसके बाद निगम पार्षद डबास ने कॉलोनी के अंदर निगम कर्मचारियों व आरडब्लूए के पदाधिकारियों के साथ मिलकर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के प्रधान, सतपाल विज, सुरेश माथुर, इंदर माथुर, अरविंद कुमार, दिनेश राय, अवतार सिंह, सुभाष, विजेंद्र डबास, दयानंद डबास, बलबीर सिंह शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## अवैध कब्जे का पता लगाने को चल रहा है सरकारी फ्लैटों का सर्वेक्षण

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सरकारी फ्लैटों पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुए दिल्ली पीडब्ल्यूडी ने सभी फ्लैटों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है और वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने हाल ही में कार्यकारी इंजीनियर और सहायक इंजीनियर समेत अपने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सरकारी फ्लैटों का सर्वेक्षण कराए। यह कदम तब उठाया गया है जब कुछ दिनों पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के अवैध कब्जे वाले 550 से अधिक मकानों को अनुमति देने के लिए आवास मंत्रालय को फटकार लगाई और केंद्र को दो सप्ताह के भीतर उन्हें खाली कराने का आदेश दिया। पीडब्ल्यूडी ने 19 फरवरी को पत्र में लिखा कि हाईकोर्ट ने पांच फरवरी को आदेश दिया और सरकार को नोटिस जारी कर उन सभी अधिकारियों की जानकारियां देने को कहा जो सेवानिवृत्ति के बाद भी अवैध तरीके से सरकारी फ्लैटों में रह रहे हैं। पीडब्ल्यूडी ने कहा कि सभी कार्यकारी अभियंताओं, सहायक अभियंताओं और कनिष्ठ अभियंताओं को उनके अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले सभी फ्लैटों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने और 24 फरवरी तक एक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए जाते हैं। पीडब्ल्यूडी के अनुसार, अधिकारियों को अवैध रूप से रह रहे लोगों की जानकारियां जैसे कि उनका नाम, विभाग और पद, फ्लैट के आवंटन की तारीख तथा सेवानिवृत्ति की तारीख देनी होगी।

### अस्पताल में कितने बिस्तर है आप को नहीं पता : भाजपा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी-पश्चिमी दिल्ली के द्वारका स्थित बना मल्टी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल कितने बिस्तर का है, यह आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार को भी पता नहीं है।



दिल्ली भाजपा प्रवक्ता हरीश खुराना ने ट्वीट कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साध कहा है कि क्या केजरीवाल जी, पहले तय तो कर लो सच क्या है? आप का एक ट्वीट कहता है द्वारका वाला अस्पताल 700 बिस्तर का और दूसरा ट्वीट कहता है 1241 बिस्तर का है। कितना कन्फ्यूजन है?



## खबर संक्षेप

### 'स्टेडियम के पुर्ननिर्माण को लेकर सरकार का रवैया उदासीन'

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद व हरियाणा की राष्ट्रीय धरोहर राजा नाहर सिंह स्टेडियम के पुर्ननिर्माण में हो रही अनियमितताओं को लेकर अब विरोध के स्वर उठने लगे है। स्टेडियम के पुर्ननिर्माण को लेकर बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले विजय प्रताप ने स्टेडियम के निर्माण को लेकर सरकार की न केवल खिलाफत की है बल्कि पूर्व हरियाणा रणजी क्रिकेटर संजय भाटिया की बात का समर्थन करते हुए उन्होंने फरीदाबाद नगर निगम को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का कोई भी जनप्रतिनिधि स्टेडियम को लेकर गंभीर नहीं है और यहां तक कि अभी तक बडखल की विधायक व यहां के सांसद भी स्टेडियम में चल रहे कार्यों को देखने के लिए अभी तक नहीं गए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर बनने वाले स्टेडियम में जहां हरियाणा प्रदेश का अंतर्राष्ट्रीय पटल पर नाम होगा वहीं अगर इसका गलत निर्माण हुआ और यहां की पिच सही ढंग से नहीं बनाई गई तो अंतर्राष्ट्रीय पटल पर हरियाणा की बहुत बदनामी होगी।

### अधिवक्ताओं ने चलाया सफाई अभियान



**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में गुड़गांव के अधिवक्ता भी पीछे नहीं है। अधिवक्ताओं ने बताया कि अदालत परिसर स्थित अधिवक्ताओं के चैंबरों, पार्किंग, कैंटीन क्षेत्र व ओपन स्पेस में सफाई कर कूड़े का निस्तारण किया। उन्होंने बताया कि कूड़ा उठाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली की व्यवस्था की गई थी। कई ट्रॉली कूड़ा उठाया गया। उनका कहना है कि पिछले कई दिनों से अदालत परिसर में सफाई व्यवस्था ठीक से नहीं हो रही थी तो उन्होंने रविवार का दिन ही चुना, क्योंकि रविवार को अदालतों में अवकाश रहता है और लोगों की आवाजाही भी नहीं रहती।

### पार्किंग में खड़े ट्रक का टायर चोरी

**फरीदाबाद।** चावला कॉलोनी चौकी क्षेत्र में गुरुग्राम नहर के समीप स्थित एक ट्रांसपोर्टर के पार्किंग में खड़े ट्रक का टायर व रिम चोरी हो गया। ट्रांसपोर्टर ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। ट्रांसपोर्टर रामफल शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह पूर्वी चावला कॉलोनी का रहने वाला है। वह अहमदाबाद रोड लिंक के नाम से ट्रांसपोर्टर का काम करता था। उसके एक ट्रक पर कानपुर का रहने वाला चालक तिलक पुत्र मलकान सिंह ने शनिवार को गुरुग्राम नहर के समीप पार्किंग में ट्रक को खड़ा किया था। जहां से उसके ट्रक का टायर व रिम खोल कर चोर ले गए। ट्रांसपोर्टर ने चालक पर ही शक जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### ई-रिक्शा में महिला का पर्स और नकदी चोरी

**फरीदाबाद।** शहर के पॉश सेक्टर-16 में एक ई-रिक्शा में बैठी महिला का सवारी बनकर रास्ते से बैठी तीन महिलाओं ने पर्स व नकदी चुरा लिया। महिला ने इसकी शिकायत सेक्टर-16 चौकी में दी है। पुलिस शिकायत दर्ज कर छानबीन कर रही है। गोपी कॉलोनी की रहने वाली नीलम रानी ने सेक्टर-16 पुलिस को बताया कि अपनी देवरानी वीना के साथ किटी पार्टी जाने के लिए गोपी कॉलोनी चौक से ई-रिक्शा में बैठकर मोती महल के समीप उतर गई। इसी दौरान लाजपत चौक सेक्टर-16ए के लाजपत चौक के समीप दो महिलाएं अपने बच्चों के साथ ई-रिक्शा में बैठ गई। महिला व उसके बच्चों ने नीलम के पर्स में रखा एक छोटा पर्स व 18 हजार रुपये चुरा लिए। नीलम के गले से सोने की चेन भी गायब थे। दोनों महिलाएं बच्चों के साथ रास्ते में ही उतर गई थी। नीलम को ई-रिक्शा से उतरने के बाद चोरी का पता चला।

## हरियाणा से गोरखपुर ट्रक में ले जा रहे थे शराब

# ऑपरेशन नकेल: पुलिस ने पकड़ा 33 लाख रुपये की शराब का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद



जिले में अवैध शराब की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में रविवार को निवाड़ी पुलिस ने रविवार को गंग नहर पटरी पर एक ट्रक शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है जो शराब को हरियाणा से गोरखपुर ले जा रहा था। इस शराब की आपूर्ति होली पर की जानी थी।

पुलिस कप्तान कलानिधि नैथान ने बताया कि थाना निवाड़ी पुलिस ऑपरेशन नकेल के तहत गंग नहर पुलिया चेकिंग कर रही थी ।

उसी दौरान एक ट्रक को रोककर चेक किया गया उसमें शराब की पेटियां भरी हुई थी साथ ही ट्रक का नंबर अधूरा लिखा हुआ था और इंजन भी स्पष्ट नहीं था। उन्होंने बताया कि शराब के साथ रवि नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है जो हरियाणा के फरीदाबाद जिले का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि शराब होली के त्यौहार के मद्देनजर हरियाणा से गोरखपुर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने ट्रक से 100 पेटी (पव्वा) इम्पीरियल ब्लू, 150 अद्धा इम्पीरियल ब्लू, 50 पेटी बोतल केसिनो प्राइड व अन्य ब्रांड की शराब बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि बाजार में इस शराब की कीमत 33 लाख रुपए है किसी को शक ना हो इसलिए शराब को लकड़ी की पेटियों में रख कर ले जाया जा रहा था। पुलिस कप्तान ने बताया कि उप्र के मुकाबले दूसरे राज्यों में शराब पर एक्साइज काफी कम है इसी लिए मोटा मुनाफा कमाने के लिए शराब तस्कर बाहर से शराब खरीद कर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करते हैं।

### नई आबकारी नीति से मिलेगा अवैध शराब के कारोबार को बढ़ावा

**गुरुग्राम।** नव इंडिया सेवा ट्रस्ट की बैठक सिटि प्लाजा कार्यालय में ट्रस्ट के संरक्षक महेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। महेंद्र कौशिक ने प्रदेश सरकार की नई आबकारी पॉलिसी का जिक्र करते हुए कहा कि यह पॉलिसी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली साबित होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि नई पॉलिसी के तहत घर-घर में शराब पहुंचाने की बजाए सरकार एसवाईएल का पानी हरियाणा में लाए, ताकि प्रदेश के आम नागरिक के चेहरे पर रौनक आ सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेशवासियों को तो स्वच्छ जल घर-घर तक नहीं पहुंचा रही है, अपितु उनके घर तक शराब पहुंचाने के लिए नई आबकारी नीति अवश्य लागू करने जा रही है।

## परिवहन मंत्री ने किया प्लास्टिक दान केन्द्र का शुभारंभ



**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को हरियाणा के पहले प्लास्टिक दान केंद्र का बल्लभगढ़ के सिटी पार्क में उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि अगर हम प्लास्टिक प्रदूषण की बात करें तो यह समस्या बहुत विकराल है। आलम यह है कि पूरे देश में सड़क से लेकर नाली सीवर व घरों के आसपास प्लास्टिक कचरा हर जगह नजर आता है, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में प्रतिदिन लगभग 26 हजार टन प्लास्टिक कचरा निकलता है। इसी तरह कचरे की समस्या को गंभीरता से लेते हुए हरियाणा में पहला प्लास्टिक डोनेशन सेंटर बल्लभगढ़ के सिटी पार्क में फरीदाबाद नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान से लगाया गया है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक डोनेशन सेंटर एक बेहतरीन पहल है, जो न केवल प्लास्टिक को रिसाइकल करने में हमारी सहायता करेगा बल्कि रोजगार एवं आय सृजन कार्यक्रम के रूप में भी काम करेगा। प्लास्टिक दान केंद्रों को पूरे देश व प्रदेश में स्थापित किया जाएगा। जहां लोग अपने प्लास्टिक को दान कर सकते हैं, जो कि विभिन्न उत्पादन जैसे कि ईट, टाइल्स, फर्श, फोम, जूते, सड़क निर्माण के लिए उप-उत्पादक आदि बनाने के लिए रिसाइकलन केंद्रों को भेजा जाएगा। इस प्लास्टिक से जो आए होगी उसका उपयोग समाज कल्याण व शहर के सौंदर्यीकरण के लिए किया जाएगा। उन्होने कहा कि इस्तेमाल में हुई प्लास्टिक को अगर हम सब प्लास्टिक दान में डालेंगे तो उससे ना ही शहर साफ रहेगा बल्कि वह प्लास्टिक दोबारा काम में ली जा सकेगी। उन्होंने सभी शहरवासियों से आह्वान किया कि अगर हम सभी मिलकर अपनी चारों तरफ साफ-सफाई रखेंगे तो हमारा शहर साफ रहेगा । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की झड़ी लगा रखी है।

## बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या के बाद सनसनी



**गाजियाबाद।** दिल्ली-उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित टीला मोड़ के पास कृष्णा बिहार में 60 वर्षीय बुजुर्ग को बदमाशों ने धारदार हथियारों से गला काट कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या का कारण रुपयों के लेनदेन से जुड़ा बताया जा रहा है।

टीला मोड़ थाना क्षेत्र के कृष्णा विहार में रविवार को उस समय सनसनी फैल जब लोगों ने एक शख्स की लाश पड़ी देखी। लोगों ने लाश पड़ी होने की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद टीला मोड़ के थाना प्रभारी रण सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास किए। इस शख्स की पहचान महाराज सिंह निवासी टीला शाहबाजपुर के रूप में हुई जो मूलरूप से बली बागपत का रहने वाला था। पुलिस ने उसके परिवार को मामले की सूचना दी जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। उनके पुत्र विकास ने आरोप लगाया कि उसके पिता का मनोज नामक शख्स से दो करोड़ के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था।

## राजनगर एक्सटेंशन में मिलेगी जाम से मुक्ति, जीडीए ने शुरू की कवायद

**गाजियाबाद।** शहर के आरडब्ल्यूए व एओए के प्रतिनिधियों की लगातार शिकायत के बाद गाजियाबाद विकास प्राधिकरण हरकत में आ गया है। यहां लगने वाले जाम से न केवल आम लोग परेशान हैं, बल्कि दिल्ली से मेरठ जाने वाले नौकरी पेशा लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी से लेकर केडीपी अपार्टमेंट चौराहे तक आए दिन लगने वाले जाम की स्थिति से निपटने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए ने कवायद शुरू कर दी है। जिसके लिए उसने संबंधित जीडीए अवर अभियंताओं को मानचित्र के विपरीत अवैध निर्माण करके दुकाने बनाने या अतिक्रमण का सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। शहर के विभिन्न आरडब्ल्यूए, एओए के प्रतिनिधियों के शिकायत के बाद जीडीए प्रशासन ने यह कार्रवाई शुरू की है। जोन -1 के प्रभारी व जीडीए के विशेषाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को बताया कि आरडब्ल्यूए, एओए के प्रतिनिधियों के शिकायतों को उन्होंने गंभीरता से लिया है और मौके पर पहुंचकर भौतिक निरीक्षण भी किया।

### यातायात का उल्लंघन किया तो देखनी होगी फिल्म

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन अब बहुत जल्द यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ गांधीगिरी हंटर चलाने जा रहा है। इस संबंध में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से सख्ती के बजाय जिला प्रशासन अब गांधीगिरी से निपटेगा। यदि आपने ने यातायात नियमों का उल्लंघन किया तो आपका चालान ऐसे ही नहीं भुगता जाएगा बल्कि आपको एक फिल्म देखनी होगी। और सिनेमा हॉल के प्रबंधकों से सर्टिफिकेट भी लेना होगा इसके बाद ही आपका चालान भुगता जाएगा। इस नई शर्त को गांधी जी का हंटर नाम दिया गया है। जी हां हम गाजियाबाद में यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वाले लोगों पर सख्ती करने के लिए लागू होने वाले नियम की बात कर रहे हैं। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, रेड लाइट क्रासिंग, नशे में ड़ाईविंग ये ऐसे चार मामले हैं जिनका उल्लंघन किए जाने पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जाता है।

## आरडब्ल्यूए के खिलाफ लोगों ने की शिकायत

**फरीदाबाद।** प्रिसेस पार्क सोसायटी ग्रेटर रीदाबाद सेक्टर.86 आरडब्ल्यूए एवं सोसायटीवासियों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। रविवार को सोसायटीवासी क्लब के सामने एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने आरडब्ल्यूए के खिलाफ नारेबाजी की। सोसायटीवासियों ने थाना खेड़ीपुल में जाकर पुलिस को आरडब्ल्यूए के खिलाफ शिकायत की दी। आरडब्ल्यूए ने बीपीटीपी एवं मेंटिनेंस एजेंसी के साथ समझौता किया है। इस समझौते से आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी ही सहमत नहीं हैं। सोसायटीवासियों ने आरडब्ल्यूए प्रधान नेहा पालीवाल को बैठक के लिए भी बुलाया था, लेकिन वह नहीं आईं।

सोसायटीवासी विनोद छाबड़ी ने आरडब्ल्यूए की प्रधान नेहा पालीवाल पर आरोप लगाया कि बिल्डर के साथ गैर कानूनी तरीके से बिल्डर के साथ समझौता किया है। इसमें उन्होंने बिल्डर को छह साल के लिए कैम चार्ज वसूल करने का अधिकार दे दिया है। इससे बिल्डर आइएफएमएस के नाम पर सोसायटी के अकाउंट में जमा 11 करोड़ रुपये को जब्त कर सकता है। इसके अलावा सोसायटी में एसटीपी को अपडेट नहीं किया गया है, जबकि समझौते में इसे अपडेट दिखाया गया है। इसी प्रकार प्रीपेड मीटर भी नहीं लगाए गए हैं।

## प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ केस दर्ज

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के गांव सीही में अवैध रूप से प्लाटिंग करने के आरोप में पुलिस ने एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला योजनाकार इन्फोर्समेंट नरेश कुमार ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर लोगों को कम कीमत पर प्लाट देने का लालच देकर जगह-जगह अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहे हैं, जो कॉलोनी बसने के बाद कार्यालय बंद करके भाग जाते हैं।

जिले में अवैध रूप से काटी जा रही सभी कॉलोनियों में बोर्ड लगा दिए गए हैं। जिस पर प्लाट न लेने के बारे में लिखा गया है। ताकि लोग प्लाट लेकर बेवजह रकम न लगाए, लेकिन कुछ जगह लगे बोर्ड पर काला रंग कर दिया है। अवैध रूप से प्लाटिग करने के आरोप में एक प्रॉपर्टी डीलर वेदपाल के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है।

## चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर परिचर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाईजेशन और भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन द्वारा भीमगढ़ खेड़ी क्षेत्र में शहीद चंद्रशेखर आजाद के सपनों का भारत विषय पर एक परिचर्चा की। जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष बलवान सिंह ने बताया कि शहीद चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई।

संगठन के राजेश कुमार ने क्रांतिकारी गीत देखो वीर जवानों अपने खून पर ये इल्जाम न आए के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगठन के उपाध्यक्ष बजीर सिंह ने कहा कि उनका जीवन बेहद प्रेरणादायक व अनुकरणीय है।

## कोयला कारोबारी से डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी, केस दर्ज

**फरीदाबाद।** गुजरात की दो फर्मों ने शहर के एक कारोबारी को 1.54 करोड़ रुपये की चपत लगा दी। कारोबारी ने अब फर्मों के खिलाफ शिकायत दी है। सेक्टर-17 थाना पुलिस ने धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सेक्टर-17 निवासी कोयला कारोबारी कृष्ण कुमार जैन ने पुलिस को बताया है कि पिछले साल जून में गुजरात की एमएस निधि कॉरपोरेशन और एमएस एसवी इंटरप्राइजेज नाम की दो फर्मों ने संपर्क किया था। उन फर्मों ने बताया कि वे कोयले की ट्रेडिंग करती हैं। उन्हें बड़ी मात्रा में कोयले की जरूरत है। कृष्ण कुमार जैन उनकी बातों में आ गए। उन्होंने निधि कॉरपोरेशन को 71 लाख से अधिक और एसवी इंटरप्राइजेज को 83 लाख से अधिक कीमत का कोयला सप्लाई कर दिया।

## न्यूज डायरी

### रक्षामंत्री ने पूर्व विधायक के निधन पर जताया शोक

**गाजियाबाद।** पूर्व विधायक नरेंद्र सिसोदिया के निधन पर उनके शुभ चिंतकों का उनके निवास पर तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में रविवार को केंद्रीय रक्षामंत्री



राजनाथ सिंह पूर्व विधायक नरेंद्र सिसोदिया के निधन पर संवेदना व्यक्त करने के लिए आरडीसी राजनगर स्थित आवास पर पहुंचे और उनके परिवार का ढांढस बंधाया। नरेंद्र सिसोदिया के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सिंह ने कहा कि नरेंद्र भाई भाजपा के सच्चे सिपाही थे। उनके जाने से भाजपा को एक बड़ी क्षति हुई है। जिसकी भरपाई नहीं की जा सके।

### घर के सामने खड़ा ऑटो चोरी

**फरीदाबाद।** सिटी थाना एरिया की भाटिया कॉलोनी में घर के सामने खड़ें ऑटो को चोरी कर लिया गया। इस मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दर्ज मामले के अनुसार भाटिया कॉलोनी निवासी मनोज शर्मा ने बताया कि रात को उसने ऑटो को घर के बाहर खड़ा कर दिया था। किसी समय चोरों ने उसे चुरा लिया। जिस पर उसने पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी इंद्रजीत ने बताया कि इस मामले में मिली शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टेनिस कोच व परिजनों पर पड़ोसियों ने किया हमला

**फरीदाबाद।** सेक्टर-8 स्थित सीही गांव में रहने वाले टेनिस कोच व उसके परिवार पर रंजिश के चलते पड़ोसियों ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-7 थाने में दर्ज मामले के अनुसार सीही गांव निवासी टेनिस कोच देवेंद्र सिंह ने दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर से सेक्टर.8 जाने के लिए स्कूटी लेकर निकल रहा था। जब वह पड़ोसी सुनील के घर के सामने निकला, तभी सुनील ने बाइक साफ करने वाला कपड़ा उसके मुंह पर दे मारा। देवेंद्र ने स्कूटी रोककर उससे पूछा कि यह क्या बदतमीजी है। आरोप है कि इस बात के पूछने पर सुनील उसे गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। इसी बीच सुनील के परिजन ओमप्रकाश व अनिल भी आ गए। आरोप है कि इस दोनों ने भी देवेंद्र सिंह साथ मारपीट शुरू कर दी। देवेंद्र ने बचाव में आए उसके पिता कर्मपाल व चचेरी बहन भावना पर भी आरोपियों ने हमला किया। घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया। सेक्टर.8 चौकी प्रभारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कार्यालय से कर्मचारियों ने लैपटॉप चुराया

फरीदाबाद। सेक्टर-2 स्थित कंपनी मालिक के कार्यालय से उसके कर्मचारियों ने पिछले दिनों लैपटॉप चोरी कर लिया। इस मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिटी थाने में दर्ज मामले के अनुसार सेक्टर.2 निवासी जितेंद्र धनखड़ ने दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी कंपनी का एक कार्यालय अपने घर और दूसरा इंदौर में बनाया हुआ है। पिछले दिनों उसके सेक्टर.2 कार्यालय पर इंदौर से अभिनव प्रताप व आदित्य बघेल ट्रेनिंग पर आए थे। जब वे यहां से वापिस गए तो वह कंपनी मालिक का लैपटॉप ले गए। जितेंद्र धनखड़ ने उनसे बात की तो दोनों ने इंदौर कार्यालय में लैपटॉप देने की बात कही। आरोप है कि अब व उसे लैपटॉप नहीं दे रहे हैं। आरोपी उसकी कंपनी के ग्राहकों का डाटा प्राप्त करके उसे नुकसान कर सकते हैं। इस मामले में आरोपियों के साथ कर्मचारी दीपक, पुनीत तोमर, धर्मेंद्र सोनी, विनय सिंह, मोहित कुशवाह, दीपक चौहान, सोनू मोरे व सुनील कुमार शर्मा मिले हुए हैं।

### धार्मिक स्थल के निर्माण का विरोध

**फरीदाबाद।** न्यू जनता कॉलोनी में धार्मिक स्थल के निर्माण से स्थानीय लोग नाराज हैं। रविवार को लोग एकत्र होकर पहले निर्माण स्थल, उसके थाने तथा



बाद में नगर निगम आयुक्त कैंप कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अपना विरोध जताया। लोगों ने नारेबाजी भी की। नगर निगम आयुक्त कैंप कार्यालय में मौजूद नहीं थे। लोगों ने संयुक्त आयुक्त सतबीर मान से मुलाकात की और निर्माण रोकने की मांग की। संयुक्त आयुक्त ने लोगों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि सोमवार को कार्यकारी अभियंता ओमबीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम मौके का मुआयना करेगी। यदि निर्माण अवैध रूप से होता मिला तो उसे तुरंत रुकवाया जाएगा। न्यू जनता कॉलोनी के निवासी रविभगत व स्थानीय निवासियों ने बताया है कि समुदाय विशेष के लोग यहां धार्मिक स्थल का निर्माण करना चाहते हैं।

## दुर्घटना उन्मुख केंद्रों पर त्वरित कार्रवाई के लिए 24 घंटे तैनात रहेंगे जवान

# नदी में डूबते लोगों को बचाएगी लाइफ जैकेट से लैस डायल 112

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद



जिले में नदियों व नहरों में दुर्घटनावश डूबने वाले लोगों को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद पुलिस ने पहली बार डायल 112 वाहनों को लाइफ जैकेट रेस्क्यू से लैस किया है। जैसे ही पुलिस की टीम को किसी भी शख्स के डूबने की जानकारी मिलेगी वैसे ही रेस्क्यू आपरेशन शुरू कर दिया जाएगा। अब एनडीआरएफ की टीम पर निर्भर रहने की जरूरत अब नहीं रहेगी। नदियों के पास से गुजरने वाले रास्तों पर अब डायल 112 वाहनों पर लाइफ जैकेट से लैस जवान 24घंटे तैनात रहेंगे। उत्तर प्रदेश में पहली बार गाजियाबाद में रविवार को लाइफ जैकेट की व्यवस्था की गई है। दरअसल मुरादनगर गंग नहर,टांसहिंडन क्षेत्र स्थित हिंडन नदी व मसूरी गंग नहर ऐसे संवेदनशील केंद्र बिंदू हैं जहां अक्सर गाड़ियों के नदी या नहर में गिरने की आए दिन घटनाएं घटित होती रहती हैं। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस प्रशासन ने डायल 112 पीसीआर वाहनों को लाइफ जैकेट देने का निर्णय लिया है।

आपको बता दें कि अभी हाल ही में मुरादनगर गंग नहर की पटरी पर रात्रि में देहरादून से दिल्ली जा रही एक एसयूवी कार नहर में अचानक गिर गई है, जिसमें सवार दो युवतियों समेत छह लोग डूब गए थे। हालांकि इनमें दो युवक किसी तरह से नहर से बाहर निकल गए थे जबकि दो युवकों की लाश बरामद हो चुकी है लेकिन युवतियों का आज तक पता नहीं चल सका है। इससे पहले भी गंग नहर व हिंडन नदी में गाड़ियों के गिरने की दर्जनों दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है।

> "यह प्रयोग उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में सबसे पहले शुरू किया गया है"

### सकारात्मक परिणाम मिलेंगे

पुलिस कप्तान कलानिधि नैथानी ने रविवार को बताया कि ऐसे हादसे होने पर हम सबसे पहले एनडीआरएफ की टीम को बुलाते हैं, लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इस लिए घटना होने के त्वरित कार्रवाई के लिए अब पुलिस के पास ही रेस्क्यू की जैकेट होने से बचाव कार्य सूचना मिलते ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रयोग उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में सबसे पहले शुरू किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।



## खबर संक्षेप


नांगल चौधरी। आरोही मॉडल स्कूल की परीक्षा देते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

### आरोही स्कूल की परीक्षा में 154 बच्चे अनुपस्थित

**नांगल चौधरी।** आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा की ब्लॉक स्तरीय प्रवेश परीक्षा संपन्न हो गई। जिसमें 154 आवेदकों की अनुपस्थिति दर्ज की गई है। आवेदकों का मैरिट सूची के अनुसार दाखिला करने का प्रावधान है। परीक्षा के नियंत्रक देवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में केवल नांगल चौधरी ब्लॉक के बच्चों को कक्षा छठी, आठवीं तथा 11वीं में प्रवेश मिलेगा। पारदर्शिता को लेकर प्रवेश परीक्षा अनिवार्य है। जिसके लिए बीते महीने आवेदन मांगे गए थे। निर्देशानुसार 1514 बच्चों ने कक्षा छठी, आठवीं व 11वीं में प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया था। 615 बच्चों के लिए गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल चौधरी व 874 का सेंटर मंढाणा स्कूल में ही बनाया गया है। परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हो गई। जिसके परिणाम की सूची जल्द ही स्कूल व खंड शिक्षा कार्यालय पर उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। नियंत्रक के बताया कि परीक्षा में आरोही मॉडल स्कूल के स्टॉफ को सुपरवाइज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### जिला कुमार व केसरी दंगल 29 से 1 मार्च तक

**चरखी दादरी।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी सुदेश कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता तथा कुमार एवं केसरी दंगल पुरुष व महिला वर्ग में दिनांक 29 फरवरी से 1 मार्च तक हनुमान अखाड़ा फतेहगढ़ में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि उपायुक्त श्याम लाल पुनिया करेंगे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता राजकुमार सांगवान एशियन गोल्ड मेडलिस्ट व अर्जुन अवार्डी करेंगे। प्रतियोगिता के समापन पर दादरी जिला के विधायक एवं हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन सोमबीर सांगवान मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन प्रतियोगिता की अध्यक्षता जिला कुश्ती संघ दादरी के प्रधान चांद पहलवान बिठलियां करेंगे।

### नहर से महिला का गला सड़ा शव बरामद

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने भाखड़ा ब्रांच नहर से गली सड़ी महिला का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त न होने के चलते उसे नरवाना सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। मृतका की उम्र लगभग 50 वर्ष है। शव की दशा से साफ जाहिर था कि शव पीछे से बहकर नहर में आया है।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, युवक गंभीर

**जींद।** गांव झमौला के निकट कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिसमें कार सवार युवक घायल हो गया। जिसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करेला निवासी संजय रविवार सुबह कार में सवार होकर जुलाना से गांव वापस लौट रहा था। गांव झमौला से निकलते ही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिसमें संजय घायल हो गया। जहां चिकित्सकों ने उसके हालात गंभीर देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उपभोक्ता के खाते से 24 हजार निकाले

**जींद।** उपभोक्ता के खाते से 24 हजार रुपये गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसोला निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एसबीआई जुलाना शाखा का उपभोक्ता है। गत 15 दिसम्बर को वह कार्यवश राशि निकलवाने के लिए जुलाना आया था। जरूरत की राशि निकलवाकर वह घर वापस लौट गया। जिसके बाद खाते से 24 हजार की राशि गायब हो गई।

पंचकूला के सिविल अस्पताल का मामला, वीडियो हुआ था वायरल

# अबॉर्शन के लिए बीस हजार रुपये मांगने की आरोपित डॉक्टर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पंचकूला के सिविल अस्पताल में एक महिला चिकित्सक द्वारा 20 हजार रकम की मांग करने की वीडियो वायरल होने के बाद में मामला तूल पकड़ गया है। इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए सूबे के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने महिला डॉक्टर को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

- स्वास्थ्य मंत्री विज ने निलंबित करने का आदेश जारी किया
- वीडियो में डॉक्टर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी की आवाज इसमें आ रही

पंचकूला में सरकारी अस्पताल में एक महिला के अबॉर्शन की एवज में 20 हजार की मांग करने के आरोप में महिला चिकित्सक पूनम भार्गव को तुरंत प्रभाव से सेहत मंत्री विज ने निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है। महिला डॉक्टर और महिला मरीज के रिश्तेदार के बीच में बातचीत व पैसे की मांग को लेकर वीडियो वायरल हो रहा है। सेक्टर 6 नागरिक अस्पताल में गायनी डॉ पूनम भार्गव का गैरकानूनी तरीके से गर्भपात करने संबंधी बातचीत का वीडियो देखने के बाद में मंत्री ने डॉक्टर को निलंबित करने के साथ ही सीएमओ डॉ जसजीत कौर को इस संबंध में जाच करने के लिए कहा है। सीएम ने भी वीडियो के आधार पर जांच की बात स्वीकार कर ली है। डॉक्टरssssss और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी की आवाज भी इसमें आ रही है। शनिवार को सेक्टर-5 पुलिस थाना प्रभारी एसएचओ राजीव मिगलानी ने भी जांच की शुरुआत कर दी है। अस्पताल की ओर से डॉ. पूनम भार्गव की ओपीडी और ऑप्रेशन थिएटर के लॉकर सील कर दिए हैं, जिस युवक द्वारा यह वीडियो बनाई है, विभाग की ओऱ से उसे जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।

जनता दरबार में गृहमंत्री विज ने सुनीं समस्याएं, बोले

## समस्याओं का समाधान करना ध्येय

- जनता दरबार में गृहमंत्री के पास पहुंची डीएसपी की शिकायत
- सभी जिलों के एसपी सुने अपने जिले की रोजाना समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गृह, शहरी स्थानीय निकास एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें संतुष्ट करना उनका ध्येय है। उनके पास समस्याएं लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है तथा उनका विश्वास भी बढ़ा है। लोगों का विश्वास वह टूटने नही देंगे। जनता दरबार में पुलिस विभाग से सम्बन्धित ही नहीं, पंचायती राज, स्थानीय निकाय व अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें भी उनके पास पंहुच रही हैं। गृह मंत्री रविवार को अपने शास्त्री कॉलोनी अम्बाला छावनी स्थित निवास स्थान पर जनता दरबार के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित लोगों की शिकायतों का निपटान उनके क्षेत्र में ही है, इसके लिए प्रदेश के सभी एसपी को निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिदिन 11 से 12 बजे तक लोगों को समस्याओं को सुनना सुनिश्चित करें। जनता दरबार में यमुनानगर जिला के गांव मलिकपुर खादर निवासी फारूख ने मौजूदा सरपंच जसविन्द्र सिंह द्वारा गांव के रास्ते में से बजरी निकालकर उसका अपने निजी कार्य के लिए प्रयोग करने बारे व घर के आगे ही पंचायत की जमीन की चारदिवारी कर उसको हथियाने बारे गृह मंत्री का अवगत करवाया।


अंबाला। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए गृह मंत्री अनिल विज। *फोटो : हरिभूमि*

### डीएसपी जेठ ने झूठा आरोप पत्र तैयार कर केस दर्ज करवा दिया

इसी प्रकार आदमपुर के गांव मोहब्बतपुर निवासी सुदेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पति जगदीश ने वर्ष 2018 में आत्महत्या कर ली थी। उसने आरोप लगाया कि उसका जेठ जोकि पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर तैनात है, उसने जगदीश की मौत के 45 दिन बाद झूठा आरोप पत्र तैयार करके उस पर ही मामला दर्ज करवा दिया है। इतना ही नहीं सुदेश कुमारी को अपनी 11 वर्षीय बेटी को भी जान का खतरा है। इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने बारे उसने गृह मंत्री से गुहार लगाई। पानीपत दिलहौरी, दि धर्मा प्राइवेट बस यूनियन के प्रतिनिधियों ने लिखित प्रार्थना पत्र में बताया कि पानीपत डिपो में तैनात चालक अनिल उनकी बसें नहीं लगने देता है।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी जाट पाली का दीक्षांत समारोह 28 को, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



- 11 शोधार्थियों को स्वर्ण पदक, 10 को पीएचडी, छह को एम फिल और 627 को दी जाएगी यूजी और पीजी की डिग्री

गांव जाट पाली स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी का छठा दीक्षांत समारोह आगामी शुक्रवार 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस दीक्षांत समारोह में गोवा के राज्यपाल सत्यपाल मलिक, मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जबकि केंद्र सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह, भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह, प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. वेदप्रकाश विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आरसी कुहाड़ ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 643 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री प्रदान की जाएगी। प्रो. कुहाड़ ने बताया कि इस बार भी दीक्षांत समारोह में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विपुल यादव ने बताया कि छठे दीक्षांत समारोह में 31 जनवरी तक उत्तीर्ण कुल 643 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी। डॉ. यादव के अनुसार इस बार 10 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 06 को एमफिल और 627 विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री प्रदान की जाएगी। जहां तक छात्र-छात्राओं की बात है तो इस दीक्षांत समारोह में डिग्री पाने वाले कुल 643 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 323 छात्र और 320 छात्राएं शामिल हैं।

## सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक से ठग लिए छह लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर एक व्यक्ति ने युवक से छह लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित युवक के पिता की शिकायत पर आरोपित व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव मामली निवासी सुभकरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2016 में उसका बेटा सुमित पढ़ लिखने के बाद किसी नौकरी की तलाश में घूम रहा था। इस दौरान उसकी मुलाकात चूहड़पुर कलां निवासी शिवम से हो गई। शिवम ने उन्हें सरकारी नौकरी दिलवाने का आश्वासन दिया और छह लाख रुपये दे दिए। इस दौरान आरोपित ने कुछ दिन में नौकरी दिलवाए जाने का वादा कर लिया। आरोपित ने वादे से मुकर गया और अब पैसे भी नहीं दे रहा है।

## लेंटर खोलते समय करंट की चपेट में आकर गिरे दो मजदूरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

छावनी के सुंदर नगर में एक मकान के लेंटर खोलने के दौरान हुए हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई व एक अन्य घायल हो गया। शटरिंग से गिरते वक्त मजदूर करंट की चपेट में भी आ गए। दोनों घायलों को अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया था, जहां डाक्टरों ने एक मजदूर गांव केसरी निवासी बादल सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके साथी सुरेश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान सुरेश ने भी दम तोड़ दिया। पड़ाव थाना पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसा किस तरह और किस वजह से हुआ इस बारे में अभी कुछ साफ नहीं है। बता दे कि सुंदर नगर में हितेश कुमार के घर पर करीब 15 से 20 दिनों पहले घर की पहली मंजिल पर लेंटर डाला गया था और लेंटर के साथ से ही 11 हजार वोल्ट की बिजली की तारें गुजर रही है। रविवार को जब मजदूर लेंटर खोलने लगे तो यह हादसा हो गया। शव को पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए फिलहाल मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं।


अंबाला। घायल को अस्पताल ले जाते हुए उसके साथी। फोटो : हरिभूमि

**दुखद**

- अंबाला छावनी के सुंदर नगर में हादसा, शटरिंग खोलते समय मजदूर करंट की चपेट में आए
- मकान के साथ से गुजर रही है 11 हजार वोल्ट बिजली की तारें

## तरतारन में शादी का झांसा देकर चार वर्ष किया दुष्कर्म

- आरोपित ने न्यूजीलैंड से लौटकर भी बनाया शिकार

**तरनतारन।** दिल्ली की रहने वाली युवती को प्रेम जाल में फसाकर विवाह का झांसा देकर चार वर्ष दुष्कर्म करने व बाद में जान से मारने की धमकियां दी गई। इस बाबत पुलिस ने न्यूजीलैंड रहते युवक और उसकी मां खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। चार दिसंबर 2019 को एसएसपी ध्रुव दहिया समक्ष पेश होकर दिल्ली निवासी युवती ने शिकायत देते बताया कि थाना वैरोवाल के गांव के सरली खुर्द निवासी बलजीत सिंह के लड़के सनप्रीत सिंह के साथ उसकी दोस्ती हुई। युवक ने उसे प्रेम जाल में फसाकर विवाह का झांसा दिया। नवंबर 2014 में सनप्रीत सिंह ने युवती को अपनी मां परमजीत कौर के साथ मिलवाते जल्द विवाह का आशवासन दिया। इसके बाद सनप्रीत ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दिसंबर माह में सनप्रीत सिंह न्यूजीलैंड चला गया। एक वर्ष बाद वापस लौटते ही आरोपित ने युवती को गोइंदवाल साहिब में बुलाया और दोबारा प्रेम जाल में फंसा लिया। यह सिलसिला 2018 तक जारी रहा। युवती को बार-बार दुष्कर्म का शिकार बनाकर सनप्रीत सिंह न्यूजीलैंड लौट जाता। विवाह के लिए युवती ने जब सनप्रीत सिंह की मां परमजीत से संपर्क किया तो उसे मारने की धमकियां मिलने लगी। एसएसपी दहिया ने डीएसपी इकबाल सिंह को मामले की जांच सौंपी। जांच में आरोप साबित हो गए। जिनके आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शमिंदरजीत सिंह ने बताया कि आगे की कार्रवाई एएसआई लखविंदर सिंह को सौंपी गई है।

## हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने किया कोर्ट और जज निवास के लिए साइट का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना में बनने वाले उपमंडल स्तरीय न्यायालय व जजों के रिहायशी क्वार्टर के लिए रविवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश हरिपाल वर्मा ने साइट का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने कनीना कोर्ट, एसडीएम कार्यालय व उनके निवास की साइट देखी। उसके बाद पशु अस्पताल व नगर पालिका कार्यालय के समीप कॉलेज की साइट का अवलोकन किया। उसके बाद उन्होंने उन्हाणी की साइट का निरीक्षण किया। उनके साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव धनपत सिंह, जिला उपायुक्त जगदीश शर्मा, सीजेएम प्रवेश सिंगला, एसपी सुलोचना गजराज, एसडीजेएम प्रतीक जैन, जेएमआईसी प्रवीन कुमार, एसडीएम रणबीर सिंह, डीएसपी साधुराम, नायब तहसीलदार किफायतुल्ला, बार प्रधान हरीश यादव गाहड़ा, राजस्व विभाग के पटवारी अनूप सुहाग, नपा के चेयरमैन सतीश जेलदार, बीडीपीओ देशबंधु, राजेंद्र लोढा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी थे। न्यायाधीश हरिपाल वर्मा ने भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों से उपरोक्त सभी साइट का अवलोकन कर रिपोर्ट मांगी। जिस पर उन्होंने वहां पर बने भवन व रिक्त पड़ी सारी भूमि के बारे में जानकारी दी।

उनके मुताबिक यहां पर 12 एकड़ भूमि होना जरूरी है। जिसमें 6 एकड़ में रिहायशी भवन व 6 एकड़ में कार्यालय बनाए जाने प्रस्तावित हैं। एसडीएम कार्यालय के समीप कुल 79 कनाल जमीन है, जिसमें कुछ हिस्से पर भवन बने हुए हैं। इसी प्रकार नपा कार्यालय के समीप कॉलेज की भूमि 20 कनाल से अधिक है इसके अलावा पशु अस्पताल की जगह शामिल है। जिसका सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर अवलोकन किया गया है। उन्होंने नगर पालिका कार्यालय में बैठककर अधिकारियों से इस बारे में गहराई से चर्चा की और बाद में पैदल मौके पर जाकर सारी स्थिति को समझा। करीब दो घंटे रुके न्यायाधीश ने जिला उपायुक्त जगदीश शर्मा व नायब तहसीलदार किफायतुल्ला से जमीन संबंधी जानकारी हासिल की।


कनीना। उन्हाणी में साइट का अवलोकन करने के बाद एसीएस से चर्चा करते न्यायाधीश हरिपाल वर्मा। फोटो : हरिभूमि

गैंगस्टर की मां को फोन कर कहा

## जेल अधिकारी बेटे को पीटता है, बचाना है तो 30 हजार दो

- 14 फरवरी को वह पेशी भुगतने के लिए कपूरथला गया था, वहां से अदालत ने उसे केंद्रीय जेल कपूरथला में भेज दिया

एजेंसी ▶▶| बठिंडा

केंद्रीय जेल में बंद तीन कैदियों ने इसी जेल में बंद एक अन्य कैदी की मां को फोन कर कहा कि जेल सुपरिंटेंडेंट उसके बेटे से रोज मारपीट करता है। यदि वह अपने बेटे को बचाना चाहती है तो जेल सुपरिंटेंडेंट को 30 हजार रुपये देने होंगे। गैंगस्टर की मां ने पेटीएम से कैदियों के बताए अकाउंट में 15 हजार जमा करवा दिए। जब गैंगस्टर की मां और पत्नी उसे कपूरथला में पेशी के दौरान मिली तो सच सामने आया। घटना की जानकारी बठिंडा जेल प्रशासन को दी गई। सहायक सुपरिंटेंडेंट की शिकायत पर तीन कैदियों पर मामला दर्ज किया गया।

थाना कैंट पुलिस को भेजे पत्र में केंद्रीय जेल बठिंडा के सहायक सुपरिंटेंडेंट सुरिंदरपाल सिंह ने बताया कि इरादा-ए-कत्ल मामले में अमृतसर का गैंगस्टर व कैदी हरप्रीत सिंह उर्फ बिल्ला सात साल की सजा काट रहा है। उस पर आठ केस और दर्ज हैं, जोकि अभी पेंडिंग है। वह बठिंडा जेल की सिक्योरिटी ब्लॉक में बंद था। 14 फरवरी को वह पेशी भुगतने के लिए कपूरथला गया था। वहां से अदालत ने उसे केंद्रीय जेल कपूरथला में भेज दिया। 20 फरवरी को दोबारा उसकी पेशी हुई तो उसकी मां और पत्नी मिलने के लिए पहुंचीं। वहां पर गैंगस्टर की मां ने बताया कि 14 फरवरी के बाद उसे बठिंडा जेल में बंद मोगा के कैदी जतिंदर सिंह उर्फ पाला, बठिंडा का निर्मल सिंह उर्फ चिट्टी व बठिंडा के लक्ष्मण सिंह ने मोबाइल से कई बार फोन किया। कैदियों ने उन्हें बताया कि हरप्रीत सिंह को बठिंडा जेल सुपरिंटेंडेंट ने जेल की चक्की में बंद कर दिया है।

कैदी हरप्रीत के मुताबिक 15 हजार लेने के बाद दो दिन बाद दोबारा से उक्त कैदियों ने उसकी मां को फोन कर 25 हजार की डिमांड की, जबकि उसने पेशी के दौरान मां को बताया कि न तो उसके साथ किसी भी जेल अधिकारी ने मारपीट की और न ही किसी ने उससे पैसे मांगे हैं, जबकि वह 14 फरवरी से कपूरथला जेल में बंद है।

# पचास फीसदी या उससे कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूल और शिक्षक विभाग के रडार पर

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सरकारी स्कूलों के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने औऱ परिणाम सुधार को लेकर आला-अफसरों ने चिंतन-मंथन के बाद में साफ कर दिया है कि श्रेष्ठ परिणाम देने वाले शिक्षकों को भरपूर सम्मान दिया जाएगा, दूसरी तरफ फरलो मारने, खराब परिणाम देने वालों पर आने वाले वक्त में शिकंजा कसा जाएगा। शिक्षा विभाग के अफसरों ने पचास फीसदी से कम परिणाम देने वाले राज्य के सात आठ जिलों पर खास फोकस रखने के लिए कहा है। प्रदेशभर के 22 जिलों से उन जिलों पर फोकस किया जा रहा है, जहां का परिणाम पचास फीसद से नीचे रहा है। इस तरह के सात आठ जिलों को चिन्हित कर लिया गया है। इसके अलावा बाकी जिलों में स्कूलों के अंदर जिन शिक्षकों का परीक्षा परिणाम पचास फीसदी से नीचे अथवा बेहद ही खराब है, उन पर शिकंजा कसा जाएगा। 50 फीसदी या उससे कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों पर शिक्षा विभाग के अधिकारी नजर रख रहे है।

### आठ जिलों का 10वीं और 12वीं का परिणाम संतोषजनक नहीं



### पलवल में दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट खराब

पलवल प्रदेश का ऐसा जिला है, जिसका 10वीं 12वीं दोनों ही क्लास का परिणाम ज्यादा खराब रहा। 10 वीं का परिणाम सबसे कम 37 फीसद रहा तो वहीं 12 वीं भी अन्य जिलों की तुलना में सबसे कम 51 फीसद रहा। 10 वीं के मामले में फतेहाबाद में भी रिजल्ट महज 39 फीसदी ही था, दोनों जिलों में हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। जिसमें सुधार के लिए स्कूलों के मुखिया और शिक्षक चिंतन मंथन में जुटे हैं।

**कार्रवाई करेंगे**



प्रदेश के स्कूलों में बेहतर शिक्षा और बेहतर परिणाम आएं इस दिशा में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिएगए हैं। शिक्षामंत्री ने कहा कि काम नहीं करने वाले लापरवाह लोगों पर कार्रवाई होगी, बेहतर परिणाम देने वाले शिक्षकों को भरपूर सम्मान देंगे। इसके अलावा भी परिणाम सुधार की दिशा में कोई कदम उठाना पड़ा, तो उठाया जाएगा।

\- **कंवरपाल,** शिक्षामंत्री, हरियाणा

**परिणाम सुधरने की उम्मीद:** हालांकि पिछली बार 10 वीं की तुलना में 12 की कक्षा का रिजल्ट कहीं बेहतर रहा। एक जिले का 60 फीसद से नीचे तो केवल 4 ही जिले इस तरह के थे, जिनका परिणाम परिणास 70 फीसदी से नीचे रहा था। इस तरह के जिलों की बात करें तो सोनीपत, फरीदाबाद, गुरुग्राम और यमुनानगर शामिल है। चारों जिलों का रिजल्ट 10 वीं के मामले में भी कोई ज्यादा अच्छा नहीं रहा था। इस बार सारे हालात को देखते हुए शिक्षा विभाग के आला अफसरों नेट परिणामों के मामले में पिछड़े जिलों को को ऊपर उठाने का है। 7 जिलों का 10 वीं का रिजल्ट 50 फीसद से कम रहा, अबकी बार का लक्ष्य इसको बढ़ाकर न्यूनतम 55 से 75 फीसदी लाना है।

**ये जिले अव्वल :** चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, भिवानी और झज्जर जिलों में 60 से 67 फीसदी तक रिजल्ट रहा। 12 वीं के मामले में हिसार और रेवाड़ी ऊपर थे। जिन जिलों में पास फीसदी 79 था तो वहीं इनके बाद महेंद्रगढ़, रोहतक व पानीपत में 77 फीसद पासिंग फीसदी था।

### कुवि में दक्षिण एशियाई महोत्सव का आगाज आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम हॉल के मंच पर 24 फरवरी से दक्षिण एशियाई कला, संस्कृति, वेशभूषा व अनछुए पहलुओं का मंचन होने जा रहा है। इस पांच दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव में पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र की संस्कृति के दर्शन होंगे और साथ ही इस क्षेत्र में आपसी प्यार, प्रेम व भाईचारे के संदेश के साथ यह उत्सव शुरू होगा। हरियाणा प्रदेश के लिए सोमवार का दिन गौरवशाली होगा जब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पहली बार कुलपति डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा के मार्ग दर्शन में दक्षिण एशियाई सांस्कृतिक महोत्सव की मेजबानी करेगा। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा रविवार को आडिटोरियम के सीनेट हॉल में दक्षिण एशियाई महोत्सव के आयोजन को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि 13वें दक्षिण एशियाई महोत्सव के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लेफ्टिनेंट जनरल डीपी वत्स होंगे व स्थानीय सांसद नायब सिंह सैनी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### आज भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाएंगे मरांडी

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम माथुर रांची पहुंच रहे हैं। सोमवार सुबह राष्ट्रीय महामंत्री मुरलीधर राव भी रांची पहुंच जायेंगे। तीनों केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी में झारखंड के प्रथम सीएम बाबूलाल मरांडी सोमवार को विधानसभा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। झारखंड प्रदेश भाजपा के महासचिव दीपक प्रकाश ने कहा है कि विधायक दल के नेता के चयन के लिए सोमवार को पार्टी के विधायकों की बैठक बुलाई गई है।

### फांसी से लटकी मिलीं मृत मां और बेटी

**संत कबीर नगर (उप्र)।** संत कबीर नगर के खलीलाबाद क्षेत्र में रविवार को मां और बेटी फांसी से लटकी मृत पाई गयीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि खलीलाबाद क्षेत्र के बहिलपुर गांव में वंदना (40) और उसकी बेटी सौम्या (18) अपने मकान फांसी से लटकी मृत मिलीं। पुलिस दरवाजा तोड़वाकर घर के अंदर पहुंची। वह दोनों शव पोस्टमार्टम के लिये ले गई। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या का मामला लगता है। बहरहाल, जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकराई, दो की मौत

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एक तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना जिले के गांडेय स्थित अहिल्यापुर गांव की है है। जानकारी के मुताबिक, बाइक पर तीन युवक सवार थे। रविवार को सुबह ये काफी तेज रफ्तार में आ रहे थे। गांव में एक जगह घुमावदार सड़क थी। तेज रफ्तार होने के कारण बाइक को संभाल नहीं पाए, बाइक सीधे दीवार से टकरा गई। घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, तीसरा गंभीर रूप से घायल है। गांव वालों ने युवक को गिरिडीह अस्पताल में भर्ती कराया है।

## सम्पत्ति व धन के लेन-देन के विवाद को लेकर हुई वारदातः पुलिस

# डॉक्टर कफील के मामा की गोली मारकर हत्या

वारसी और इमामउद्दीन में सिद्धार्थनगर जिले के इटवा इलाके में 10-12 एकड़ जमीन को लेकर था विवाद

एजेंसी ⏭ गोरखपुर



- शनिवार रात वारसी को घर के सामने गोली मारी गई, इमामउद्दीन, सोनकर पर हत्या का मामला दर्ज

गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2017 में बड़ी संख्या में हुई बच्चों की मौत के मामले से चर्चा में आए डॉक्टर कफील खान के मामा की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

पुलिस का मानना है कि यह वारदात सम्पत्ति व धन के लेन-देन के विवाद को लेकर हुई है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कफील के मामा एवं पेशे से प्रॉपर्टी डीलर डॉक्टर नुसरतउल्ला वारसी की शनिवार रात करीब पौने 11 बजे राजघाट थाना क्षेत्र के बनकटीचक स्थित उनके घर के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक वारसी शनिवार रात पड़ोस में ही रहने वाले अपने मित्र सिराज तारिक के घर से लौट रहे थे कि तभी उनके घर के सामने खड़े व्यक्ति ने उनके सिर में गोली मार दी। इस मामले में इमामउद्दीन और अनिल सोनकर नामक व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वारसी ने पिछले साल नवम्बर में इमामउद्दीन से साढ़े चार एकड़ जमीन पर कब्जे का मुकदमा जीता था। दोनों के बीच सिद्धार्थनगर जिले के इटवा इलाके में भी 10-12 एकड़ जमीन को लेकर विवाद था। वहीं, अनिल सोनकर ने वारसी की प्रॉपर्टी डीलिंग कम्पनी में एक करोड़ 95 लाख रुपये निवेश किए थे, जिन्हें वह वापस लेना चाहता था।

### आरोपियों की तलाश में तीन टीम गठित हुई

एसएसपी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या व साजिश रचने का मामला दर्ज किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं। वारसी गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के निलंबित प्रवक्ता व इस वक्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मथुरा जेल में बंद डॉक्टर कफील खान के मामा थे।

### दरगाह की जियारत करने आए परिवार की बच्ची की हत्या

**बहराइच (उप्र)।** बहराइच स्थित सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह की जियारत करने आए परिवार की छह वर्षीय बच्ची की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। एसपी विपिन कुमार मिश्र ने बताया कि श्रावस्ती जिले के नासिरगंज के निवासी साबिर अपने परिवार के साथ दरगाह शरीफ में जियारत करने आए थे। रात में वे सभी पास में ही स्थित बाग में ठहरे थे। देर रात उनकी छह साल की बच्ची गायब हो गई। काफी तलाश करने के बाद रविवार सुबह उसका शव बाग के नजदीक झाड़ियों में पाया गया। बच्ची के पेट, गर्दन पर चाकू से वार किया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। इस बीच, दरगाह शरीफ प्रबंध समिति के अध्यक्ष शमशाद अहमद ने बताया कि आसपास के लोगों का शक है कि यह बाहर से आए किसी झाड़-फूंक करने वाले व्यक्ति का भी कारनामा हो सकता है। हालांकि दरगाह क्षेत्र में न तो कोई झाड़ फूंक करता है व यहां इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई है।

## अयोध्या में बोले योगी, पीएम मोदी के नेतृत्व में देश कर रहा तरक्की



- सीएम योगी ने आरोग्य मेला का उद्घाटन किया
- सूबे में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला शुरू

एजेंसी ⏭ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन होने के बाद रविवार को पहली बार सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है। मोदी जी ने जो कहा, वो हमने किया। देश की आकांक्षाओं के प्रतीक कश्मीर में धारा 370 को हटाना, तीन तलाक को प्रथा को प्रबंधित करना, देश के अंदर नागरिक कानून में संशोधन करके दुनिया के पीड़ित मानव को शरण देने की पारदर्शी व्यवस्था बनाना चाहे के साथ अयोध्या में राम मंदिर मार्ग को प्रशस्त करना नेतृत्व का प्रतीक है।

अयोध्या वासियों की तरफ से मैं पीएम नरेंद्र मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह का अभिनंदन करता हूं। करीब चार घंटा के प्रवास के दौरान सीएम योगी ने आरोग्य मेला का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि सूर्यकुंड पर आरोग्य मेला आयोजित किया जा रहा है। में चौथा आरोग्य मेला है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। उसी श्रृंखला में सूर्यकुंड परिसर में मुझे भी मेले में आप सबके साथ सहभागी बनने का सौभाग्य मिला है। कार्यक्रम एक साथ प्रदेश में 4000 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है। अगर सभी लोग जागरूक होकर शासन की योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हो जाए तो कोई कारण नहीं कोई भी गरीब बीमार होकर दवा के अभाव में नहीं मर सकता, क्योंकि पीएम मोदी ने आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया है।

### हनुमान गढ़ी में किए दर्शन बच्चियों से किया दुलार

दर्शन करने पहुंचे हनुमान गढ़ी, दो बच्चियों को रोक पूछा हाल-चाल सीएम योगी अयोध्या एयरपोर्ट उतरने के बाद दर्शन नगर के सूर्य कुंड में आयोजित आरोग्य मेला का उद्घाटन करने पहुंचे। मेले का निरीक्षण कर सीएम हनुमान गढ़ी में दर्शन करने पहुंचे। वहीं, दो छोटी बच्चियों को देख रुके सीएम योगी रूक गए। दोनों बच्चियां भार्गवी सिंह (4 साल) व शुभी शर्मा (5 साल) परिवार के साथ दर्शन करने प्रतापगढ़ व हिमांचल से आई थी। सीएम ने बच्चियों से हालचाल व शिक्षा के बारे भी पूछा। उसके बाद उनको आशीर्वाद दिया।

### 'रामराज्य' का सही अर्थ समझें सीएम योगीः सपा

सीएम योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान समाजवाद को अप्रासंगिक वअव्यवहारिक बताया था। योगी ने कहा था कि देश को समाजवाद नहीं, रामराज्य की जरूरत है। सीएम के बयान के बाद अब विपक्षी सपा ने भी मोर्चा खोल दिया है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आईपी सिंह ने भगवान श्रीराम को सबसे बड़ा समाजवादी बताते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को रामराज्य की सही अवधारणा समझने की सलाह दी है।

### मरांडी के बेटे की हत्या में शामिल नक्सली की मौत

**दुमका/जमुई।** झारखंड के दुमका जिला से गिरफ्तार हार्डकोर नक्सली सिदो कोड़ा की बिहार के जमुई सदर अस्पताल में मौत हो गई। उसे 22 फरवरी को बिहार-झारखंड पुलिस व एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसने पुलिस से पेट व छाती में दर्द की शिकायत की। पुलिस उसे लेकर जमुई सदर अस्पताल गई,डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। झारखंड के प्रथम सीएम बाबूलाल मरांडी के बेटे, सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट हीरा झा की हत्या में वह शामिल था।

## बिहारः जिला परिषद अध्यक्ष के जेठ का मर्डर

एजेंसी ⏭ छपरा (बिहार)

- घटना के विरोध में भीड़ ने रेफरल अस्पताल के सामने रोड जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए
- हत्या के खिलाफ मढ़ौरा बाजार बंद, क्षेत्र में घटना की वजह से तनाव की स्थिति बनी
- अर्जुन सिंह आर्म्स एक्ट में पुलिस से था आरोपित, हाल ही में हाईकोर्ट से मिली थी जमानत



छपरा जिले में मढ़ौरा रेलवे ढाला के समीप रविवार की सुबह बाइक सवार अपराधियों ने जिला परिषद अध्यक्ष मीना अरुण के जेठ अर्जुन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। अर्जुन सिंह बाइक पर सवार होकर अपने सहयोगी के साथ अवारी स्थित घर से मढ़ौरा बाजार स्थित अपने गल्ला दुकान पर आ रहे थे।

इस बीच मढ़ौरा रेलवे के दक्षिणी छोर वाले ढाला पर पहुंचने से पहले ही बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें रोक कर कनपटी में गोली मार दी, फरार हो गए। बाद में बाइक चला रहे अर्जुन सिंह के उक्त सहयोगी के चिल्लाने पर वहां एकत्र हुए लोगो ने उन्हें उठाकर मढ़ौरा अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के विरोध में सैकड़ों उग्र लोगो ने रेफ़रल अस्पताल के सामने मढ़ौरा- छपरा मेन रोड को जाम कर दिया व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान सैकड़ो उग्र लोगों ने मढ़ौरा, खैरा पुलिस को भी अस्पताल में घुसने से रोक दिया व बाद में खदेड़ दिया। पुलिस अभी पर्याप्त संख्या में जिला से फोर्स आने का इंतजार कर रही है। हत्या के खिलाफ मढ़ौरा बाजार बंद है। क्षेत्र में घटना के खिलाफ तनाव की स्थिति है। अर्जुन सिंह को आर्म्स एक्ट में पुलिस ने आरोपित किया था। हाल ही में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

## राशिफल 24 फरवरी 2020



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष :** बिजनेस ट्रिप पर जाना फायदेमंद साबित होगा। परिवारिक सदस्य का रिश्ता पक्का हो सकता है। दोस्त या रिश्तेदार से मिलने जा सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। **शुभ अंकः** 1, **रंग :** गाढ़ा गुलाबी।

**वृषः** कार्यक्षेत्र पर अधूरे पड़े कामों को पूरा करने की कोशिश करें। गृहणियां अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ नया करना चाहेंगी। दोस्तों के साथ यात्रा पर जाकर एंजॉय करेंगे। **शुभ अंकः** 5, **रंगः** ब्लूइश ग्रीन।

**मिथुनः** कार्यक्षेत्र पर कोई आपके विचारों से असहमत हो सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा तालमेल रहेगा। धन संबंधित मामलों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। **शुभ अंक :** 8, **रंगः** सफेद।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र पर प्रतिद्वंदियों से सतर्क रहें। पारिवारिक मोर्चे पर चीजे करवाने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी। करीबियों से मिलने जा सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करें। **शुभ अंकः** 7, **रंगः** गाढ़ा पीला।

**सिंहः** कार्यक्षेत्र पर बुद्धिमत्ता से चीजों को अपने पक्ष में करने में सफल होंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते खुलकर एंजॉय न कर पाएंगे। छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंकः** 15, **रंगः** इंडिगो।

**कन्याः** करियर में तरक्की के योग हैं। बजट बनाकर पैसा खर्च करना फायदेमंद रहेगा। स्वस्थ खानपान की आदत डालें। किसी घर या प्लॉट का मालिकाना हक मिल सकता है। **शुभ अंकः** 6, **रंगः** क्रीमसन।

**तुलाः** करियर में तरक्की के नए मौके मिल सकते हैं। घर के किसी विवाद को जल्द से जल्द सुलझाने की कोशिश करें। धन संबंधित मामलों को लेकर सतर्क रहें। **शुभ अंकः** 17, **रंग :** पीच।

**वृश्चिकः** कार्यक्षेत्र पर काम की हामी भरने से पहले सभी पहलूओं की जांच कर लें। परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंकः** 7, **रंग :** गाढ़ा पीला।

**धनुः** करियर के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए मूड स्विंग्स पर नियंत्रण रखें। परिवार के किसी सदस्य के विदेश यात्रा को लेकर चिंतित हो सकते हैं। **शुभ अंक :** 2, **रंगः** नारंगी।

**मकरः** सही समय पर किए प्रयासों से मुश्किलों से आसानी से निकल जाएंगे। परिवारिक सदस्य आपसे असहमत हो सकते हैं। किसी के साथ यात्रा पर जाकर एंजॉय करेंगे। **शुभ अंक :** 1, **रंगः** ऑलिव ग्रीन।

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र पर अधूरे कामों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय देना होगा। गृहणियां किसी समारोह का आयोजन कर सकती है। किसी को शहर घूमाने में व्यस्त रहेंगे। **शुभ अंक :** 18, **रंगः** ब्राउन।

**मीनः** कार्यक्षेत्र पर काम को समय पर पूरा करने की जरूरत है। बच्चे माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। किसी प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मिल सकता है। **शुभ अंक :** 2, **रंग :** हल्का लाल।

**: टिप्स :**

1. दो दीवारों के बीच फास बनाकर बेड नहीं लगाएं इससे रिश्तों में फांस लगती है। इसके साथ ही बिस्तर पर कभी दो से ज्यादा तकिया नहीं लगाएं इससे किसी तीसरे की नजर आपके रिश्ते पर पड़ती है।
2. खिड़कियां जीवन में समृद्धि, स्वास्थ्य व विकास के अवसर लाने में अहम भूमिका निभाती हैं। यदि गंदी हैं तो आपकी दृष्टि में धुंधलापन आ सकता है। यदि साफ है तो इससे बहुतायत में अवसरों को देखा जा सकता है।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

### सहकारिता महासम्मेलन में बोले नीतीश

## 'जनता मालिक, मौका देगी तो और काम करूंगा'

एजेंसी ⏭ पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कृषि रोडमैप बनने से राज्य में कई फसलों का उत्पादन बढ़ा है। गेहूं, चावल, मक्का, सब्जी व फलों का उत्पादन बढ़ रहा है। अनाज के मामले में बिहार आत्मनिर्भर है। हम लोगों ने सभी की सुविधाओं के लिए काम किया है। ऐसे में स्वाभाविक है कि लोगों की अपेक्षाएं भी बढ़ेंगी।

जनता मालिक है। अगली बार भी मौका देगी तो और काम करेंगे। लोगों की सेवा करना ही हमारा धर्म है। सीएम ने ये बातें रविवार को बापू सभागार में सहकारिता महासम्मेलन में कहीं। सहकारिता क्षेत्र के देशभर के दिग्गजों की मौजूदगी में उन्होंने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि 20 साल पहले पैक्स की, बिस्कोमान की क्या हालत थी सबको पता है। हमलोगों ने सरकार में आने के बाद पैक्स के गठन और चुनाव के लिए काम शुरू किया। पैक्स में सदस्यों की संख्या बढ़ी है। धान की अधिप्राप्ति बड़े पैमाने पर हो रही है। धान अधिप्राप्ति में जो कठिनाइयां नमी को लेकर आ रही है उसके समाधान के लिए हमलोग प्रयासरत हैं। मुख्य सचिव, सहकारिता मंत्री इसकी निगरानी कर रहे हैं। पैक्स की संख्या 1 करोड़ 24 लाख हो गई है। इसमें महिलाओं की संख्या 2 लाख से बढ़कर 36 लाख हो गई है। इससे स्वयं सहायता समूह जुड़ने लगे हैं। सहकारी बैंकों में 25 महिला सहायक प्रबंधक की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया। टोलों को भी पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। गांव के अंदर पक्की गली-नाली का निर्माण किया जा रहा है।

### पैक्स को दिए जाएंगे 15 लाख के कृषि यंत्र

सीएम ने कहा कि पैक्स को 15 लाख रुपए तक के कृषि यंत्र दिए जाएंगे, जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से 10 लाख रुपए और राज्य सरकार की तरफ से 5 लाख रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। हमारी इच्छा है कि कृषि यंत्र आपलोगों को उपलब्ध हो सके।

'बेरोजगारी हटाओ यात्रा' से राजद ने किया विस चुनाव का शंखनाद

## सरकार बनी तो नौकरियों में मूल निवास अनिवार्य करेंगेः तेजस्वी

- बिहार की नौकरियां, हमारा हक मार रहे बाहरी लोग : राजद

एजेंसी ⏭ पटना

राजद नेता, बिहार के पूर्व डिप्टीसीएम तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की चर्चित बेरोजगारी हटाओ यात्रा की औपचारिक शुरुआत रविवार को वेटनरी मैदान से हुई। आयोजित सभा में तेजस्वी यादव ने वादा किया कि अगर उनकी सरकार बनती है तो सबसे पहले वे सरकारी नौकरियों में मूल निवास की अनिवार्यता का कानून बनायेंगे। ताकि प्रदेश में सर्वाधिक रोजगार केवल बिहारियों को ही मिलें। अभी बिहार की नौकरियों व हमारे लोगों का हक बाहरी लोग मार रहे हैं।



### 'गरीब, पिछड़ों का है रथ' दम हो तो रोक कर दिखाएः तेजप्रताप

विपक्षियों के घेरने के बाद अब तेजस्वी के समर्थन में बड़े भाई तेजप्रताप यादव आ चुके हैं। तेजप्रताप ने कहा कि तेजस्वी जिस बस में सवार होकर बेरोजगारी हटाओ यात्रा पर निकाल रहे हैं वो गरीब, बैकवर्ड व अति पिछड़ा वर्ग का रथ है व है किसी माई के लाल में दम तो रोक कर दिखाए। मैं लालू, राबड़ी का बेटा चुनौती देता हूं। मैं तेजस्वी को अपने खून का एक-एक कतरा देने को तैयार हूं।



### सफलता के लिये मां से लिया आशीर्वाद

तेजप्रताप यादव ने अपनी मां, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी से उनके सरकारी आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने अपनी मां से मुलाकात करते हुए रैली की सफलता को लेकर आशीर्वाद भी लिया। तेजप्रताप ने मां से बातचीत करते हुए फोटो भी ट्विटर पर शेयर की। फोटो शेयर करते हुए तेजप्रताप यादव ने ट्वीट किया कि 'बेरोजगारी हटाओ यात्रा के शुभारंभ से पहले मां का आशीर्वाद लेने पहुंचा।

### जेडीयू ने पोस्टर जारी कर तेजस्वी पर साधा निशाना



गौर हो कि यात्रा के शुरू होने से पहले जेडीयू ने पोस्टर जारी कर तेजस्वी पर बड़ा हमला बोला है। जेडीयू के नये पोस्टर में तेजस्वी के बेरोजगारी हटाओ यात्रा को आर्थिक उगाही यात्रा का नाम दिया है। पोस्टर में बड़े अक्षरों में लिखा गया है कि हाइटेक बस तैयार हुआ, अति पिछड़ा हुआ शिकार। पोस्टर में लालू यादव को बस चलाते हुए भी दिखाया गया है।

### 'लालू कुनबा को छोड़ कोई बेरोजगार नहीं'

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने तेजस्वी की बेरोजगारी यात्रा पर तंज कसा है। कहा है कि जब राजद की सरकार ही नहीं बनेगी तो वे डोमिसाइल कैसे लागू करेंगे। सच्चाई है कि वे बेरोजगारी हटाने नहीं बल्कि अपना और अपनी पार्टी का वजूद बचाने निकले हैं। बिहार में उनको और उनके कुनबे को छोड़कर कोई बेरोजगार नहीं है।

### अपने शासन में परिवार की दूर की थी बेरोजगारी

बेरोजगारी हटाओ यात्रा पर सुशील मोदी ने कहा कि राजद ने अपने शासन काल में विकास ठप कर घोटाले, बेरोजगारी व पलायन को चरम पर पहुंचाया पर पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद ने परिवार के सभी सदस्यों की बेरोजगारी दूर कर ली। कम पढ़े-लिखे तेजस्वी बिना किसी नौकरी-व्यवसाय के 29 साल की उम्र में 54 बेनामी संपत्ति के मालिक बन गये।

## बिहारः 40 हजार शिक्षक 25 से जाएंगे हड़ताल पर

एजेंसी ⏭ पटना

- बात न बनी तो मैट्रिक की कापियों का मूल्यांकन कार्य होगा बाधित

प्रदेश के करीब छह हजार माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्कूलों में 25 फरवरी से तालाबंदी होगी।

इन स्कूलों के करीब 40 हजार हाईस्कूल व प्लसटू शिक्षक हड़ताल पर जायेंगे। रविवार को बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष केदारनाथ पांडेय, महासचिव शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने 25 से विद्यालयों में तालाबंदी, अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से की। सातवां पुनरीक्षित वेतनमान और सेवाशर्त समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की घोषणा की गई है। गौरतलब है कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों के नियोजित शिक्षक 17 फरवरी से ही हड़ताल पर हैं। अब हाईस्कूल व प्लसटू शिक्षकों की हड़ताल से 26 तारीख से होने वाले इंटर की कापियों के मूल्यांकन पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। शत्रुघ्न ने घोषणा की कि शिक्षक जनगणना, पशुगणना, मूल्यांकन समेत कोई भी सरकारी कार्य नहीं करेंगे। आरोप लगाया कि हड़ताल के लिए राज्य सरकार जिम्मेवार है। सीएम से लेकर शिक्षा मंत्री व विभाग के अपर मुख्य सचिव तक को 15 पत्र दिया गया, सरकार ने वार्ता की पहल नहीं की। संघ अध्यक्ष केदारनाथ पांडेय ने कहा कि आंदोलन का 50 विधायकों ने समर्थन किया है।

### 'शिक्षकों की मांग लोजपा के घोषणापत्र में शामिल होगी'

लोजपा के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि बिहार के स्कूलों में संविदा पर काम कर रहे शिक्षकों की मांगों को आगामी विस चुनाव में पार्टी के घोषणापत्र में जगह मिलेगी।

## 'स्वदेशी वस्तुएं उपयोग करें'



**प्रयागराज।** रेल मंत्री पीयूष गोयल ने लोगों से देश में बनी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया ताकि देश के लोगों का व्यापार बढ़े। वह रविवार को 'पिछड़ा वैश्य महाकुंभ' में लोगों को संबोधित कर रहे थे। पिछड़ा वैश्य महाकुम्भ के मुख्य अतिथि के तौर पर सभा को संबोधित करते हुए गोयल ने प्रदेश की योगी सरकार से पूरे प्रदेश के व्यापारियों को केंद्र की पेंशन योजना से जोड़ने का आग्रह किया। गोयल ने कार्यक्रम में आए वैश्य समाज के लोगों से कहा कि हमारा समाज गौरवान्वित है कि उसने इतने बड़े-बड़े महानुभावों को इस देश को दिया। फिर चाहे वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हों, चाहे राष्ट्रभक्त भामा शाह हो, दुर्गादास राठौर हों और अब वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों।

## ट्रंप के दौरे के बाद हो सकते हैं पांच करार!

# भारत-अमेरिका के बीच हो सकती है 25 हजार करोड़ रुपये की डिफेंस डील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप 24 फरवरी (आज) को अहमदाबाद में उनके भव्य स्वागत के बाद आगरा में ताजमहल के दीदार के लिए रवाना होंगे लेकिन वहां मेहमानों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं रहेंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच पांच समझौते किये जाने की तैयारी हो रही है। इनमें करीब 25 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है।

अमेरिका के वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति भारत और अमेरिका के बीच मजबूत और स्थायी संबंधों के प्रदर्शन के लिए भारत जा रहे हैं। ये संबंध लोकतांत्रिक परंपरा, साझा रणनीति एवं आर्थिक हित तथा दोनों देशों के नागरिकों के बीच आपसी रिश्तों पर आधारित हैं। अधिकारी ने बताया कि इस यात्रा के दौरान आर्थिक और ऊर्जा क्षेत्र में करार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों देशों के बीच 2018 में आपसी व्यापार 142 अरब डॉलर के पार पहुंच गया था जिसमें और प्रगति होने की संभावना है।

ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान कम से कम पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की तैयारी हो रही है लेकिन यात्रा का मुख्य ध्यान द्विपक्षीय समझौतों की बजाय अमेरिकी नेतृत्व के सामने भारत की सदियों पुराने सांस्कृतिक वैविध एवं वैभव के साथ लोकतंत्र की ताकत प्रदर्शित करने पर होगा जिससे दोनों देशों की वैश्विक रणनीतिक साझेदारी और सशक्त होगी सरकारी सूत्रों के अनुसार शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच पांच समझौते किये जाने की तैयारी हो रही है। इनमें करीब 25 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की रक्षा संबंधी समिति ने हाल ही में नौसेना के लिए 24 रोमियो मल्टीमिशन हेलीकॉप्टर, वायुसेना के लिए छह अपाचे युद्धक हेलीकॉप्टर और छह पी 8 आई समुद्री टोही विमान खरीदने के सौदों को मंजूरी दी है। इनकी आपूर्ति 2023-24 तक होने की संभावना है। इसके अलावा ट्रंप मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत एफ-18, एफ-15 ईएक्स अथवा एफ-16 का उन्नत संस्करण एफ-21 संयुक्त रूप से बनाने का प्रस्ताव भी कर सकते हैं। दोनों देशों ने रक्षा प्रौद्योगिकी एवं व्यापार पहल (डीटीटीआई) के तहत सात परियोजनाओं को चिह्नित किया है।




### एच1बी वीजा पर भी हो सकती है बातचीत

सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों ने फैसला किया है कि इस करार पर हड़बड़ी नहीं की जाएगी। इस पर स्वाभाविक गति से सहमति बनने दी जाएगी और नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह से सहमति कायम होने पर हस्ताक्षर किये जाएंगे। हम इसके लिए कोई तारीख तय नहीं करना चाहते हैं। बैठक में प्रवासी भारतीयों खासकर पेशेवर युवाओं के लिए एच1बी वीजा को लेकर भारत की चिंताओं, आंतकवाद से मुकाबले, अफगानिस्तान की स्थिति, ऊर्जा सुरक्षा आदि पर भी चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि इस यात्रा को संबंधों में एक खास स्तर की परिपक्वता आने के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जो दो बड़े लोकतंत्रों के नेताओं के बीच नियमित बैठकों तथा दोनों देशों के बीच सहजता बढ़ने के कारण आई है।\ दोनों नेताओं ने निजी तौर पर इस रिश्ते को प्रगाढ़ बनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति की ऐसी पहली भारत यात्रा है जिसमें वह केवल भारत आ रहे हैं और यहीं से स्वदेश लौट जाएंगे। भारत के साथ संबंधों को प्रशासन से लेकर संसद तक पक्ष-विपक्ष दोनों दलों का राजनीतिक समर्थन हासिल है।

### ट्रंप की यात्रा से पहले स्टेडियम का प्रवेश द्वार गिरा

अहमदाबाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अहमदाबाद यात्रा से एक दिन पहले मोटेरा इलाके में नव-निर्मित क्रिकेट स्टेडियम के बाहर बना अस्थायी वीवीआईपी प्रवेश द्वार रविवार सुबह तेज हवाएं चलने के कारण ढह गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूरी घटना एक दर्शक ने रिकॉर्ड कर ली और स्थानीय टीवी चैनलों ने इसे प्रसारित भी किया। अस्थायी प्रवेश द्वार स्टील की छड़ों से बनाया गया था और इसे फ्लेक्स बैनरों से कवर किया गया था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कुछ वक्त बाद, तेज हवाओं के कारण स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे दूसरे अस्थायी दरवाजे का भी एक हिस्सा ढह गया। उन्होंने कहा कि दोनों घटनाओं में कोई भी जख्मी नहीं हुआ है और इन दरवाजों को उनके स्थान पर फिर से लगाने का काम चल रहा है। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त अजय तोमर ने कहा, " (वीवीआईपी) प्रवेश द्वार तब गिर पड़ा जब कामकाज चल रहा था। यह कोई बड़ी घटना नहीं है। घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है।" राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां एक रोडशो करेंगे और बाद में मोटेरा के सरदार पटेल स्टेडियम में 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे जहां एक लाख लोगों के आने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने पूर्व में बताया था कि अहमदाबाद नगर निगम से स्टेडियम को पहले ही 'भवन इस्तेमाल' की इजाजत मिल चुकी है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है जहां एक लाख 10 हजार दर्शक मैच देख सकते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरे दोस्त हैं : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके 'दोस्त' हैं और वह भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक हैं। ट्रंप ने भारत रवाना होने से ठीक पहले कहा कि उन्होंने बहुत पहले भारत की यात्रा करने का वादा किया था और वह भारत के लोगों के साथ रहने को लेकर उत्साहित हैं। ट्रंप ने 'मरीन वन फॉर द ज्वाइंट बेस एंड्रयूज' में चढ़ने से पहले व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से कहा, " मैं भारत के लोगों से मुलाकात को लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास लाखों-लाख लोग होने वाले हैं। यह लंबी यात्रा है। मेरे प्रधानमंत्री नरेंदी मोदी के साथ बहुत अच्छे दोस्ताना रिश्ते हैं। वह मेरे दोस्त हैं। " एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, " मैंने इस यात्रा का बहुत समय पहले वादा किया था। मैं इसकी राह देख रहा था। मैंने सुना है कि वहां बहुत बड़ा कार्यक्रम होगा... भारत में हुआ उनका अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम। प्रधानमंत्री ने यह मुझसे कहा था। यह बहुत ही रोमांचक होने वाला है। मैं वहां एक रात रूकूंगा।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करने के लिए तैयार आगरा

आगरा। ब्रज की संस्कृति और आगरा की स्थापत्य कला की विरासत को दिखाने वाली चित्रों से शहर की दीवारों को सजाने के साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करने के लिए कई स्थानों पर विक्टोरियाई शैली वाले लैम्प लगाए गए हैं और ताजमहल के प्रांगण को भी सजाया जा रहा है। ट्रंप गुजरात के अहमदाबाद के नवनिर्मित मोटेरा स्टेडियम में एक बड़ा कार्यक्रम ' नमस्ते ट्रंप' को संबोधित करने के बाद शाम में आगरा आएंगे। आगरा में शहर प्रशासन ने 'आगरा का बेहतरीन चेहरा' दिखाने की पूरी तैयारी कर ली है। आगरा के संभागीय आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि हम पूरी तरह से तैयार हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल को बेहतरीन आगरा दिखाने की इच्छा है। खेड़िया हवाईअड्डे पर संभवतः चार बजकर 30 मिनट ट्रंप के आगमन पर सैंकड़ों कलाकार 'मयूर नृत्य' की प्रस्तुति करेंगे।" ट्रंप के पहले भारत दौरे के मद्देनजर शहर में सुरक्षा चाक-चौबंद बढ़ाई गई है। ट्रंप की इस यात्रा के दौरान उनके साथ उनकी बेटी इवांका, दामाद जेरेड कुशनर समेत कई अमेरिकी अधिकारी 24-25 फरवरी को मौजूद होंगे।

### ट्रंप की यात्रा से किसी महत्वपूर्ण परिणाम के सकारात्मक संकेत नहीं हैं: आनंद शर्मा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के नेता आनंद शर्मा ने रविवार को कहा कि अभी तक ऐसे कोई सकारात्मक संकेत नहीं हैं कि इस यात्रा का कोई महत्वपूर्ण परिणाम होगा। हालांकि पूर्व विदेश मंत्री एस एम कृष्णा का मानना है कि यह यात्रा महत्व रखती है क्योंकि अमेरिका और भारत दोनों को अपने बीच संबंध को पोषित करने और उसे बरकरार रखने की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप 24 से 25 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। शर्मा ने कहा कि यात्रा इस तथ्य के मद्देनजर महत्वपूर्ण है कि अमेरिका एक बड़ी शक्ति है, लेकिन केवल इतना ही है। शर्मा ने कहा'अभी तक मुझे किसी प्रमुख नतीजे का कोई सकारात्मक संकेत नहीं मिला है। यह रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग और अंतरिक्ष एवं परमाणु विज्ञान में हमारे सहयोग की पुनः पुष्टि होगी। यह चल रहा है और यह कोई नयी बात नहीं होगी।" वहीं संप्रग सरकार में विदेश मंत्री रहे और अब भाजपा में आ चुके कृष्णा का मानना है कि ट्रंप की यात्रा यद्यपि अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव के वर्ष हो रही है और वहां बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय वोट करेंगे लेकिन ''इसे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे एक व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए कि क्षेत्र में क्या हो रहा है।

### 'स्थानीय एफडीआई कानून का सम्मान करने की सलाह दें ट्रंप'

कैट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से आग्रह किया है कि वह अमेरिका की ई-वाणिज्य कंपनियों को भारत की एफडीआई नीति का पालन करने की सलाह दें। कैट ने बताया कि उसने भारत में अमेरिका के राजदूत केनेथ इयान जस्टर को ज्ञापन सौंप यह आग्रह किया है। कैट ने कहा कि अमेरिका की ई-वाणिज्य कंपनियां भारत के एफडीआई नियमों व कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं, इससे अमेरिका की छवि पर असर पड़ रहा है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने आरोप लगाया कि अमेरिका की ई-वाणिज्य कंपनियां लागत से भी कम मूल्य पर माल बेचने, भारी छूट देने, अनेक वस्तुओं को केवल अपने पोर्टल पर ही बेचने, बाजार में कीमतों को प्रभावित करने जैसे क्रियाकलापों में संलिप्त हैं। इससे भारतीय कारोबारियों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों के खिलाफ कई देशों में जांच चल रही हैं।

### ट्रंप को भेंट की जाएगी 90 वर्षीय दर्जी की सिली हुई खादी की कमीज

कोयंबटूर। भारत यात्रा पर आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तमिलनाडु में कोयंबटूर जिले के पोल्लाची के 90 वर्षीय दर्जी वी एस विश्वनाथन द्वारा सिली हुई खादी की सफेद कमीज भेंट की जाएगी। विश्वनाथन के परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने ट्रंप को कई बार टीवी और तस्वीरों में देखा, जिसके बाद उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति को कमीज भेंट किये जाने का विचार आया। उन्होंने भरोसा जताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति इसे स्वीकार करेंगे। परिवार के सदस्यों ने कहा कि कमीज दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय को भेज दी गई है। विश्वनाथन के परिवार ने कहा कि वह इससे पहले विभिन्न नेताओं को कमीज भेंट कर चुके हैं, उनमें तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्रियों दिवंगत के कामराज तथा सी एन अन्नादुरई और पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक समय वह दर्जी की दुकान चलाते थे, लेकिन बुढ़ापे के चलते अब वह ऐसा नहीं करते है। फिलहाल, वह नये दर्जियों को निशुल्क प्रशिक्षण देते हैं।

# ओडिशा में पुआल के ढेर में आग लगने से तीन बच्चों की मौत

ब्रह्मपुर (ओडिशा)

ओडिशा के गंजम जिले में एक गांव में पुआल के ढेर में आग लगने से रविवार को कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से झुलस गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि खैराछाता गांव में सुबह करीब 11 बजे पुआल के ढेर में जब आग लगी तब उसके पास साईराम जानी, दीपक गौडा और इतिश्री जीना खेल रहे थे। सभी की उम्र 10 साल से कम है।

अधिकारी ने बताया कि आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चला है। चौथे बच्चे आलोक जीना का ब्रह्मपुर में एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।अस्पताल के एक डॉक्टर ने कहा कि तीन बच्चों दो लड़कों और एक लड़की को जब अस्पताल लाया गया तब तक उनकी मौत हो गई थी। हम चौथे बच्चे को बचाने की कोशिश कर रहे हैं जो 60 प्रतिशत तक झुलस गया है।" घटना पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मृतक के परिवार के लिए चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। पटनायक ने एक बयान में कहा, ''मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करता हूं और पीड़ितों के परिजन को चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा करता हूं।" मुख्यमंत्री ने घायल बच्चे का निशुल्क इलाज करने की भी घोषणा की और उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



- सीएम पटनायक ने मृतक के परिवार को चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की

## सुन्नी वक्फ बोर्ड की अहम बैठक आज

# अयोध्या में जमीन लेने के मुद्दे पर होगा फैसला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को लखनऊ में होगी। इस बैठक में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अयोध्या में मस्जिद बनाने के लिये सरकार द्वारा दी गयी जमीन लेने के मामले पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बोर्ड की बैठक में इस बात पर भी फैसला लिया जाएगा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली जमीन पर मस्जिद ही बनेगी या कुछ और। हालांकि बोर्ड के अध्यक्ष जुफर फारूकी पहले ही कह चुके हैं कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेश पर दी जा रही जमीन को लेने से इनकार नहीं कर सकते, लिहाजा माना जा सकता है कि इस बैठक में जमीन लेने के निर्णय पर मुहर लगना महज औपचारिकता ही होगी। उच्चतम



### प्रस्तावित गर्भ गृह की मिट्टी का परीक्षण कराने के बाद ही शिलान्यास संभव : राय

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए'श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के महासचिव चंपत राय का कहना है कि मंदिर के लिए प्रस्तावित गर्भगृह की भूमि की मिट्टी का पहले परीक्षण कराया जाएगा और उसके बाद ही शिलान्यास संभावित है। 'श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के पास प्रस्तावित मंदिर के मॉडल और आकार को विस्तार देने सहित कई तरह के सुझाव आ रहे हैं।



मुंबई में रविवार को आज़ाद मैदान में सीएए और एनआरसी के विरोध में एक रैली में मुसलमानों ने भाग लिया।

### जनता टीवी की खास पेशकश: '2 साल जयराम सरकार' का उद्घाटन करेंगे राज्यपाल बंडारू

**हरिभूमि न्यूज. शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में एकबार फिर वीवीआईपी का जमावड़ा होगा। स्थान होगा- होटल पीटरहॉफ। मौका होगा - राज्य की जयराम सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर आज, सोमवार को जनता टीवी की बेहद खास पेशकश। कैसे महज 24 महीनों में जयराम सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों की योजनाओं को मूर्त रूप दिया ? कैसे जनसरोकारों से जुड़े गर्भनाल की सरकार चलाई – राज्य सरकार के कामकाज की पूरी बानगी आप सुनेंगे खुद मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की जुबानी। जनता के सवालों का जवाब देने जनता टीवी के मंच पर सभी मंत्रियों समेत पक्ष-विपक्ष के शीर्ष नेता भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह साढे दस बजे करेंगे सूबे के राज्यपाल बंडारूदत्तात्रेय। जब कि शाम को कार्यक्रम के प्रश्नोत्तरकाल में मुख्यमंत्री हाजिर रहेंगे। राज्य के सियासी गलियारे में जनता टीवी के इस खास कार्यक्रम की चर्चा खूब हो रही है। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम को छह सेशन में विभाजित किया गया है। जब कि कार्यक्रम का समापन मुख्यमंत्री के साथ सवाल-जवाब के बाद साढे सात बजे शाम तक होगा।

## गेहूं की फसल को फायदा रहेगा, लेकिन सब्जी की पैदावार प्रभावित होगी

# राज्य में कहीं-कहीं भारी बारिश और ओले गिरने की संभावना, यलो अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले 48 घंटे में प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश होने और ओला गिरने की चेतावनी जारी करते हुए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं रायपुर में ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के जिलों में बादल छाने लगे हैं। ऐसे में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। बारिश और ओलों से गेहूं की फसल को फायदा रहेगा, लेकिन सब्जी की पैदावार प्रभावित होगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर के साथ दक्षिण हरियाणा के मध्य और उत्तर प्रदेश के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना है। वहीं एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व मध्यप्रदेश से मध्य महाराष्ट्र तक बनी है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की सीमा में पूर्व से ठंडी और दक्षिण से चलने वाली गर्म और बंगाल की खाड़ी से चलने वाली नम हवा के अब आपस में टकराने की स्थिति बन रही है। ऐसे में ये जिन स्थानों पर टकराएंगी, वहां हल्की बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना दिख रही है।



### ओलावृष्टि की चेतावनी



गौरतलब है कि मौसम विभाग ने सरगुजा सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ में पहले ही अलर्ट जारी कर तेज हवा तूफान के बीच बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी थी। आगामी 24 घंटे के दौरान खराब मौसम से राहत की संभावना नहीं है शनिवार को सूरजपुर जिले के बिहार पुर चांदनी इलाके में भी जमकर हुई थी वहां भी फसलें बर्बाद हो गई है।

### उदयपुर विकासखंड में जोरदार बारिश के बीच जमकर ओले गिरे

**अंबिकापुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश के बीच चक्रवात और द्रोणिका के असर से रविवार दोपहर सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड में जोरदार बारिश के बीच जमकर ओले गिरे। करीब 20 मिनट तक ओलावृष्टि होती रही। आसपास के करीब 10 गांव ओलावृष्टि से प्रभावित हुए हैं। इससे गेहूं सहित सब्जियों की फसल चौपट हो गई है। इलाके में दोपहर 2 बजे के करीब तेज हवा के बीच बारिश शुरू हो गई और इसी दौरान ओलावृष्टि भी आरंभ हो गई। उदयपुर सहित पुटा,लक्ष्मणगढ़ सुखरी भंडार। रामनगर, फुनगी, महेशपुर सहित आसपास के 10 गांव में जमकर ओलावृष्टि की खबर है। करीब 30 मिनट हुई ओलावृष्टि से खेत खलिहान सड़क बर्फ से ढंक गए। पूरा इलाका सफेद चादर के समान नजर आ रहा था। आम के पेड़ों में लगे



### उत्तरी हिस्सों में हल्की व मध्यम बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ के उत्तरी हिस्सों में हल्की और मध्यम बारिश की संभावना है। चेतावनी जारी की गई है कि प्रदेश के उत्तरी भाग के कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर, जशपुर, सरगुजा के कुछ स्थानों पर गरज और चमक के साथ हल्की बारिश और ओले गिरने की संभावना है। वहीं बिलासपुर, बलोदबाजार, जांजगीर, महासमुंद और रायगढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा मध्य छत्तीसगढ़ में भी मध्यम बारिश होने की आशंका है। ऐसे में न्यूनतम तापमान में पश्चिमी विक्षोभ के चलते गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन अधिकतम में गिरावट होने लगी, जबकि बारिश होने के बाद एक बार फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

### राजस्थान: दलित युवकों की पिटाई का एक और मामला आया सामने, पांच लोग गिरफ्तार

**जैसलमेर (राजस्थानद)।** जैसलमेर जिले में तीन दलित युवकों की गधे चुराने के संदेह में पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। यह राजस्थान में हालिया दिनों में सामने आया इस प्रकार का तीसरा मामला है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस घटना से जुड़ा वीडियो सामने आने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीन अन्य को हिरासत में लिया गया है। यह घटना जिले की फतेहगढ़ तहसील के राम गांव में 15 फरवरी को हुई थी। युवकों को गधे चुराने के संदेह में लाठियों से पीटा गया था और करीब 12 लोगों द्वारा लात मारी गई थी। उन्हें बाद में सनगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया गया था। सनगढ़ पुलिस थाना प्रभारी उगम राज सोनी ने कहा कि अभी तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में एससी/एसटी कानून की धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।" इससे पहले नागौर और बाड़मेर में भी इसी प्रकार के मामले सामने आए थे।

## चिंतन

# तेजी से बदल रहे भारत में हम भी बनें भागीदार

अपनी ही संसद के बनाए कानून के खिलाफ मुट्ठीभर लोग जिस तरह सड़क पर हैं और देश की राह में बाधा बनने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विपरीत परिस्थितियों में अपनी मजबूत इच्छाशक्ति से हौसला बरकरार रखने का मंत्र सरकार के लिए अहमियत रखता है। अपने मन की बात कार्यक्रम के जरिये पीएम मोदी देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों से अवाम को रूबरू कराते रहे हैं और सरकार समेत सभी के लिए प्रेरणा के संदेश देते रहे हैं। जीवन के विपरीत समय में हमारा हौसला, हमारी इच्छा-शक्ति किसी भी परिस्थिति को बदल देती है। 12 साल की पर्वतारोही काम्या और 105 साल की उम्र में पढ़ाई करने वाली बुजुर्ग भागीरथी अम्मा इसकी नजीर हैं। अगर हम जीवन में प्रगति करना चाहते हैं, तो पहली शर्त यही होती है कि हमारे भीतर का विद्यार्थी (सीखने की ललक व जिजीविषा) कभी मरना नहीं चाहिए। बेतहाशा औद्योगिकीकरण, प्रदूषण, जनसंख्या बोझ और खराब जीवनशैली ने जिस तरह प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ा है, जैव विविधता का बंटाधार किया है और वैश्विक पर्यावरण को जहरीला बनाया है, उससे मानव जीवन पर ही संकट पैदा हो गया है। वैश्विक तापमान बढ़ा रहा है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, ओजोन परत का क्षरण हो रहा है, धरती पर पराबैंगनी किरणों का खतरा बढ़ रहा है और ब्लैक होल का आकार बढ़ रहा है। ये सभी धरती व मानव के अस्तित्व के लिए ही संकट हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री का जैव विविधता का संरक्षण व प्रकृति से प्रेम का संदेश जीवन की सुरक्षा के मार्ग हैं। जैव विविधता पूरी मानवता के लिए अनोखा खजाना है जिसे हमें संजोना है और इसकी खोज भी करते रहना चाहिए है। प्रकृति से प्रेम व जीव के प्रति दया का भाव भारतीयों को विरासत में मिले हैं। वैश्विक ताकत के रूप में उभरते नए भारत में नई सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए देश की महिला शक्ति की सार्थक पहल काबिलेतारीफ है। आधुनिक भारत में महिलाएं चुनौतियों को स्वीकार कर समाज को सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही हैं। नया भारत महिलाओं के प्रति पुरानी सोच को पीछे छोड़कर आगे निकल रहा है। आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, व्यापार, रक्षा-सुरक्षा आदि सभी क्षेत्रों में कामयाबी की गाथा लिख रही हैं। हाल ही में सेना ने महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का फैसला किया है। यह बदल रहे भारत की सकारात्मक तस्वीर है। विज्ञान के क्षेत्र में भारत नित तरक्की कर रहा है। इसरो ने अंतरिक्ष में अपना लोहा मनवाया है। मंगलयान की सफलता, चंद्रयान-2 का लाइव प्रसारण, स्पेस में मानव को भेजने का मिशन, सबसे अधिक उपग्रहों का प्रक्षेपण आदि ऐसी उपलब्धियां हैं, जो भारत की प्रगति की दास्तां बया कर रहे हैं। पिछले साल भारत ने जैव ईंधन से विमान उड़ाने का सफल परीक्षण किया है, इससे भारत को विमान ईंधन के आयात का खर्च कम करने में मदद मिलेगी। भारत हुनरकारों का देश रहा है। यहां की शिल्पकला, हस्तकला, मूर्तिकला आदि की दुनिया मुरीद रही है। देश में हुनरों की इतनी पुरानी विरासत रही है कि यह स्वरोजगार का सबसे बड़ा माध्यम रहा है। हुनर हाट, शिल्प मेला आदि का आयोजन भारत की पुरानी हकला व शिल्प को बचाए रखने व उसे बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी हाल में दिल्ली के हुनर हाट गए, वहां उन्होंने लिट्टी-चोखा का आनंद लिया। उनके इस कदम से जहां हुनर को संजोकर रखने वालों की हौसलाअफजाई हुई, वहीं बिहार में लिट्टी-चोखा का कारोबार बढ़ गया। पहले के वर्षों में खादी को लेकर पीएम की अपील से आज देश में खादी ब्रांड की पहचान बनी है। तमाम नकारात्मक खबरों के बीच भारत में अनेक मोर्चे पर सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं, ये हमें देखना चाहिए, इनका स्वागत करना चाहिए और हमें भी भागीदार बनना चाहिए। बदलाव की नई इबारत से ही नए भारत की गाथा बनेगी।

## सारा संसार



माउ में आप कई सारी एडवेंचर एक्टिविटीज का ले सकते हैं मजा। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए यहां एडवेंचर के ढेरों ऑप्शन्स मौजूद हैं। दुनिया के सबसे खूबसूरत डेस्टिनेशन्स में से एक है यह जगह। अंडरवाटर एक्टिविटीज के अलावा कई सारे वाटरफॉल्स भी हैं यहां। बीच पर शांति से बैठकर समुद्री लहरों को निहारने का भी अपना अलग ही मजा है।

## व्यंग्य

रामविलास जांगिड़

# साइबर यातना

डिजिटल दुनिया के इस दौर में हर काम ऑनलाइन होता है। सरकारें लोगों को डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहित करती हैं। बस, मेट्रो में सफर करें या हवाई जहाज से उड़ान भरें। नौकरियों से लेकर शादियां तक ऑनलाइन ढूंढी जा रही हैं। सुबह बिस्तर में ऑनलाइन से लेकर देर रात सोने से पहले ऑनलाइन होना हर व्यक्ति की दिनचर्या बन चुकी है। ऐसे समय में अब साइबर ठगी, चोरी, जालसाजी के बाद अब 'साइबर यातना' के रूप में नया साइबर क्राइम दिखाई पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अब दुनिया में साइबर यातना के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। देश-दुनिया में बढ़ते हुए साइबर अपराधों के बीच अब साइबर यातना के मामले बहुत तेजी से बढ़ते दिखाई पड़ रहे हैं। इसमें चिंता का विषय यह है कि इसमें पीड़ित को मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत-बहुत परेशान किया जाता है। उसे डराया जाता है, धमकाया जाता है, प्रताड़ित किया जाता है और उसे निजी और सार्वजनिक रूप से लगातार अपमानित किया जाता है, जिससे पीड़ित टूट जाता है। आज साइबर टेक्नोलॉजी का उपयोग इस तरीके से हो रहा है कि साइबर यातना देकर उसके मान-सम्मान को ठेस भी पहुंचाई जा रही है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की साइबर तकनीकों को काम में लेते हुए साइबर यातनाओं के बहुत सारे तरीके काम में लिए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की लगभग 75 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा की शिकार हुई हैं। एक सर्वे में लगभग 86 देशों का साइबर क्राइम अध्ययन किया। इसके मुताबिक भारत में साइबर अपराध के मामले में 35 प्रतिशत महिलाओं ने साइबर हिंसा की शिकायत की जबकि 46 फीसद महिलाओं ने साइबर हिंसा-प्रताड़ना की शिकायत भी नहीं की। ग्लासगो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नील्स कहते हैं कि आज साइबर टेक्नोलॉजी का अमर्यादित उपयोग हो रहा है। इसके विषम उपयोग से लोगों को भड़काया जा रहा है। उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। उसके मान, सम्मान और इज्जत को ठेस पहुंचाई जा रही है। इसके सबसे ज्यादा मामले महिलाओं के दिखाई पड़ रहे हैं। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी हाल ही में चेतावनी जारी की है। साथ ही दुनियाभर की विशेषज्ञों का कहना है कि शारीरिक प्रताड़ना के साथ ही साइबर यातना के प्रकरण बहुत ज्यादा बढ़े हैं। दरअसल साइबर यातना इंसान को अंदर से हिला कर रख देती है। साइबर यातना के कुछ प्रमुख तरीके हैं। इनमें साइबर स्टॉकिंग के रूप में टेक्स्ट मैसेज भेजना, फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजना और उसके स्टेटस पर नजर रखते हुए इंटरनेट की गतिविधियों को ध्यान में रखना शामिल है। बाद में उसके साथ इमोशनल अटैचमेंट करते हुए उसको पीड़ित, उत्पीड़ित किया जाता है। साइबर स्पाइंग में चेंजिंग रूम, लेडिज वॉशरूम, होटल रूम, बाथरूम आदि स्थानों पर रिकॉर्डिंग डिवाइस लगाए जाते हैं। फिर इनकी मदद से प्रताड़ना शुरू कर दी जाती है। साइबर पोर्नोग्राफी का साइबर यातना में ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इसमें अश्लील फोटो या वीडियो ऑनलाइन पोस्ट की जाती है। अधिकांश मामलों में लोगों को बदनाम करने और उसकी इज्जत उछालकर पीड़ित किया जाता है।

# संबंधों की गर्मी 'नमस्ते ट्रंप'



अमेरिका

डॉ. रहीस सिंह

अपने अमेरिका दौरे के दौरान टाइम्स स्क्वायर और ह्यूस्टन में भारतवंशियों के बीच उपस्थित होकर प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल भारतवंशियों के साथ संवेदनात्मक रिश्ते कायम किए बल्कि अमेरिकी लोकतंत्र में भारत के प्रभाव को ताकत दी। यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी समझते हैं। मोदी सरकार में दोनों देशों के संबंधों में नई ऊंचाई आई है। संभावना है कि अहमदाबाद के नमस्ते ट्रंप से भारत-अमेरिका के बीच स्थापित संबधों की बॉन्डिंग और कितनी होगी, लेकिन कितनी?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने खिलाफ चले महाभियोग को खारिज कराकर नई लोकप्रियता के साथ भारत आ रहे हैं और उनका स्वागत कर रहा है दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र। संभावना है कि अहमदाबाद के नमस्ते ट्रंप से भारत-अमेरिका के बीच स्थापित संबधों की बॉन्डिंग और कितनी होगी, लेकिन कितनी? क्या इसमें कुछ अरिथमेटिकल डिविडेंड भी शामिल होंगे?

विदेश नीति पर विचार करते समय यह ध्यान रखने की जरूरत होती है कि वे कौन से कारक हैं जो विदेश नीति की दिशा तय करने में सहायक होते हैं या वे किसी न किसी प्रकार से उसे प्रभावित करते हैं। वर्तमान समय में बाजार के साथ-साथ स्ट्रैटेजी इस पर खासा प्रभाव डाल रही हैं, लेकिन दूसरी तरफ व्यक्तित्व और लोकप्रियता इसे नई दिशा देने में सहयोगी होती है। टाइम्स स्क्वायर और ह्यूस्टन में भारतवंशियों के बीच उपस्थित होकर प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल भारतवंशियों के साथ संवेदनात्मक रिश्ते कायम किए बल्कि अमेरिकी लोकतंत्र में भारत के प्रभाव को ताकत दी। उन्होंने भारतवंशियों को यह एहसास दिलाया कि उनकी उपस्थिति केवल अरिथमेटिकल महत्व नहीं रखती बल्कि यह नए इतिहास की रचना करने में समर्थ है। ट्रंप शायद इसे समझ भी चुके हैं। यही वजह है कि वे चुनाव से पहले भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। हां अभी यह तय होना है कि उनकी यात्रा के बाद भारत-अमेरिका संबंध शेष एशियाई देशों के साथ स्थापित संबंधों के मुकाबले कितने डिविडेंड की स्थिति में होंगे? यह भी देखना होगा कि ट्रंप अमेरिका-चीन ट्रेड वार और कोरोना इम्पैक्ट के बाद अमेरिकी अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान की भरपाई को केन्द्र में लाकर भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाना चाहेंगे या फिर स्वतंत्र रूप से भारतीय हितों को ध्यान में रखते हुए।

इस यात्रा के दौरान संभवतः भारत और अमेरिका के बीच कोई ट्रेड समझौता न हो और हो तो कोई छोटा-मोटा समझौता ही हो। ऐसा ट्रंप स्वयं स्पष्ट कर चुके हैं। दरअसल दोनों ही देश एक व्यापक एफटीए पर बात कर रहे हैं जिसमें सभी पक्षों के हितों की समान तौर पर रक्षा होनी चाहिए। ध्यान रहे कि अब तक भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिका के ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव रॉबर्ट लाइथाइजर के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है और दोनों पक्षों के बीच इस बात पर सहमति भी बन चुकी है कि कोई छोटे-मोटे ट्रेड समझौते की जगह बड़े समझौते को तरजीह दी जानी चाहिए, लेकिन अभी तय नहीं है। हां यह पहला अवसर होगा जब दोनों देश व्यापक मुक्त व्यापार पर बात कर रहे हैं अन्यथा अभी तक तो परस्पर वरीयता वाले कारोबार को लेकर बातचीत ही हो रही थी। भारत सरकार इस दिशा में बेहद संजीदगी के साथ कदम बढ़ा रही है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी समझौता भारत और अमेरिका के बीच 500 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को स्थापित करने के लिए रास्ता तलाश करेगा। लेकिन अभी भारत चाहता है कि अमेरिका जीएसपी के तहत मिलने वाली रियायतें फिर से बहाल करे, भारतीय कृषि एवं तकनीकी उत्पादों आयात अमेरिका और बढ़ाए



तथा भारतीय पेशवरों के रास्ते में आने वाली सभी बाधाएं दूर हों। दूसरी तरफ अमेरिका चाहता है कि भारत उसके कृषि उत्पादों व एल्कोहल उत्पादों पर शुल्क घटाए, उसकी आटो कंपनियों के लिए भारतीय बाजार के दरवाजे और खोले जाएं तथा ई-कामर्स कंपनियों के लिए बने नए नियमों को अधिक उदार बनाया जाए। ध्यान देने की बात यह है कि अपनी यात्रा से ठीक पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शिकायत की है कि व्यापार के मामले में भारत उनके देश के साथ 'कोई बहुत अच्छा' बर्ताव नहीं कर रहा है। उन्होंने यह संकेत दिया कि नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले भारत के साथ किसी 'बड़े' द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावना कम है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप का व्यवहार बेहद अप्रत्याशित रहा है, यही वजह है कि उनके शत्रु तो उनसे नाराज हुए ही मित्र भी कम्फर्ट जोन में कभी नहीं रहे, लेकिन सीनेट में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के गिर जाने के बाद उनकी लोकप्रियता को बल मिल गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी अमेरिका और अमेरिकी फर्स्ट की नीति ने अमेरिका में बेरोजगारी दर को कम कर दिया है, इसलिए उनकी कम से कम अमेरिकी युवाओं के बीच स्वीकार्यता बढ़ गई है। अब इन विशेषताओं के साथ वे भारत आ रहे हैं और उनका स्वागत प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अहमदाबाद में होना है। इसमें कोई संशय नहीं कि ट्रंप अमेरिका के सबसे अनिश्चित विदेश नीति के वाहक हैं। उनसे स्थायी व्यवस्था की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह भी सही है कि अमेरिकी राजनीति में भारत की सक्रियता को जिस सीमा तक विदेश नीति से डिविडेंड्स हासिल होने थे ट्रंप की अगंभीरता और भारत के आंतरिक मामलों पर उनके द्वारा कभी-कभी की गईं टिप्पणियां उसे कम करती रही हैं। जैसे प्रधानमंत्री मोदी के एक कार्यक्रम के बाद उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ प्रेस वार्ता की थी और स्पष्ट तौर पर कहा था कि, 'मेरे साथ यह जो शख्स बैठा हुआ है पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान है, मैं इन पर पूरा भरोसा करता हूं।' उन्होंने यह भी कहा कि मेरे पहले जो राष्ट्रपति रहे हैं उन्होंने पाकिस्तान के साथ नाइंसाफी की है। उन्होंने यह भी कहा कि 'हाउडी मोदी' रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'बेहद आक्रामक बयान' सुनकर आश्चर्यचकित था।

भारत के अपने उद्देश्य हैं और इन उद्देश्यों के समक्ष आने वाली चुनौतियां भी हैं। उनका समाधान ढूंढने में संभवतः अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप बेहतर साबित हों। भारत के अपने उद्देश्यों में सबसे अहम है प्रधानमंत्री मोदी का भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य। इसके लिए अमेरिकी बिजनेस कम्युनिटी को बड़े निवेशों के लिए समझाना बेहद जरूरी है। हालांकि भारत काफी हद तक अमेरिकियों को यह बताने में सफल रहा है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट और एक्सपोर्ट हमारे मुख्य एजेंडे में हैं और हम पीपल फ्रेंडली, डिवेलपमेंट फ्रेंडली और इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली वातावरण निर्मित करते हुए आगे निकल रहे हैं, लेकिन इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था रेस्सेशन के दौर से गुजर रही है इसलिए निवेश इनफ्लोज उस गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं जिस गति से बढ़ने चाहिए थे। चीन में कोरोना इम्पैक्ट के बाद इसके और धीमे पड़ने की संभावनाएं हैं।

इसके अतिरिक्त जो उद्देश्य हो सकते हैं या फिर हैं- भारत को एक कांटिनेंटल या मैरीटाइम पॉवर के रूप में स्थापित करना, ग्लोबल डिप्लोमैटिक डिविडेंड्स हासिल करना, पाक को वैश्विक कूटनीति में अलग-थलग करना और सुरक्षा। इनमें अमेरिका एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है। चूंकि इस समय अमेरिका और रूस के बीच वैसे रिश्ते नहीं जैसे कि ओबामा प्रशासन में रहे थे इसलिए भारत-अमेरिकी बॉन्डिंग, भारत-रूस संबंधों में भी विशेष अड़चन नहीं पैदा करेगी, इसलिए बेहतर संभावनाओं की संभाव्यता अधिक है।

## सदा कर्तव्यों को भली-भांति करते रहें



संकलित

दर्शन

श्रीमद्भगवद् गीता में जीवन का सार बताया गया है और अगर कोई व्यक्ति गीता के ज्ञान को अपने जीवन में उतार ले तो वो किसी भी परिस्थिति का सामना बहुत आसनी से कर सकता है। कहते हैं गीता के पूर्ण ज्ञान को अपने जीवन में उतारना हर किसी के वश की बात नहीं है लेकिन गीता के कुछ उपदेश ऐसे हैं जिन्हें हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए और उसे आजमाने से वह खुश हो सकते हैं। गीता के कुछ प्रमुख उपदेश हैं जो लाभ दे सकते हैं। असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पुरुषः॥ भावार्थ : निरंतर आसक्ति से रहित होकर सदा कर्तव्यकर्म को भलीभांति करता रहें क्योंकि आसक्ति से रहित होकर कर्म करता हुआ मनुष्य परमात्मा को प्राप्त हो जाता है। कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः। लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हसि॥ भावार्थ : जनकादि ज्ञानीजन भी आसक्ति रहित कर्मद्वारा ही परम सिद्धि को प्राप्त हुए थे, इसलिए तथा लोकसंग्रह को देखते हुए भी तू कर्म करने के ही योग्य है अर्थात तेरा कर्म करना ही उचित है। यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानवः। आत्मन्येव च सन्तुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते॥ भावार्थ -जो मनुष्य आत्मा में ही रमण करने वाला और आत्मा में ही तृप्त तथा आत्मा में ही सन्तुष्ट हो, उसके लिए कोई कर्तव्य नहीं है। नैव तस्य कृतेनार्थो नाकृतेनेह कश्चन। न चास्य सर्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रयः॥ भावार्थ : उस महापुरुष का इस विश्व में न तो कर्म करने से कोई प्रयोजन रहता है और न कर्मों के न करने से ही कोई प्रयोजन रहता है तथा सम्पूर्ण प्राणियों में भी इसका किञ्चिन्मात्र भी स्वार्थ का संबंध नहीं रहता।

## सोच-समझकर करें दूसरों से व्यवहार



संकलित

प्रेरणा

सूफी कवि रहीम दास मध्यकालीन कवि थे। वो काफी विद्वान और कला के धनि व्यक्ति थे। रहीम दास जी सभी धर्म और सम्प्रदायों को मानने वाले थे। वो प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। मुसलमान होते हुए भी उन्होंने अपनी रचनाओं में हिंदू देवी-देवताओं, पर्वों, धार्मिक मान्यताओं का उल्लेख किया है। उन्होंने अपना पूरा जीवन हिंदू आदर्शों पर बिताया। रहीम दासजी ने जो दोहे लिखे हैं वे न केवल तत्कालीन बल्कि आज शब्दशः सत्य सिद्ध हो रहे हैं। बिगरी बात बने नहीं, लाख करो किन कोय. रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय। अर्थात- मनुष्य को सोच समझ कर व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि किसी कारणवश यदि बात बिगड़ जाती है तो फिर उसे बनाना कठिन होता है, जैसे यदि एकबार दूध फट गया तो लाख कोशिश करने पर भी उसे मथ कर मक्खन नहीं निकाला जा सकता। रहीम दासजी ने कहा- रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय, टूटे पे फिर ना जुरे, जुरे गाँठ परी जाय। अर्थात रहीम कहते हैं कि प्रेम का नाता नाजुक होता है इसे झटका देकर तोड़ना उचित नही होता यदि यह प्रेम का धागा एक बार टूट जाता है, तो फिर इसे मिलाना कठिन होता है और यदि मिल भी जाए तो टूटे हुए धागों के बीच में गाँठ पड़ जाती है। एकहि साधै सब सधै, सब साधे सब जाय रहिमन मूलहि सींचबोए, फूलहि फलहि अघाय। अर्थात : एक को साधने से सब सधते हैं। सब को साधने से सभी के जाने की आशंका रहती है, वैसे ही जैसे किसी पौधे के जड़ मात्र को सींचने से फूल और फल सभी को पानी प्राप्त हो जाता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से उज्ज्वला योजना पर ग्रहण

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को उसके सेहत के साथ-साथ पर्यावरण को भी ध्यान में रखकर घर-घर तक गैस कनेक्शन पहुंचाने का सराहनीय कदम उठाया था परंतु, वही कदम आज लड़खड़ाते हुए गरीबों के दो वक्त की रोटी पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। गैस की बढ़ती कीमतों ने जब मध्यम परिवार को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है, तो फिर गरीबों का क्या हाल होगा। गरीब एक बार फिर पुरानी पद्धति से ही अपने पेट को भरने पर मजबूर होंगे। सरकार जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी चीजों में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को तो पटरी पर ला सकती है, परंतु जनता की जीवन व्यवस्था पटरी से उतर जायेगी। -अभिनव कुमार

## करंट अफेयर

# भारत के लिए खतरनाक है तालिबान व ट्रंप की डील

ट्रंप के भारत दौरे की जोरदार तैयारियों के बीच भारत के लिए ये बुरी खबर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत दौरे पर आने से पहले तालिबान के साथ डील करते हैं। इस डील में हिंसा का रास्ता छोड़ने की बात कही गई है। इसकी पहली कड़ी में अमेरिका अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी का रास्ता तैयार करेगा। तालिबान के उभरने का मतलब है कश्मीर के जिहादी तत्वों का ताकतवर होना। सिर्फ कश्मीर ही नहीं इस पूरे इलाके में ये जिहादी ताकतवर होंगे। कश्मीर इनका ताजा निशाना है। अल्ताफ खान नाम का एक जिहादी, जो नेता बन गया है, जिसे आजम इंकलाबी के नाम से भी जाना जाता है, वो कहता है- एक छोटे से देश के, छोटी सी आबादी, कुछ सीमित संसाधनों और हथियारों के बल पर सोवियत यूनियन को हराकर उसके टुकड़े कर देती है। इससे हमें प्रेरणा मिली है। अगर वो पूरब में इतनी सख्त प्रतिक्रिया दे सकते हैं तो हम भी कश्मीर में बड़ी लड़ाई लड़ सकते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और आर्मी चीफ जनरल कमर बाजवा के लिए ट्रंप और तालिबान की डील एक तोहफे की तरह है। जिस तरह 9/11 जनरल परवेज मुशर्रफ के लिए तोहफे की तरह था और सोवियत यूनियन का अफगानिस्तान की जंग में फंसना मुहम्मद जिया-उल-हक के लिए।



## ऑफ बीट

# पांडवों ने बनवाया बेजोड़ नक्काशी वाला मंदिर

मध्य प्रदेश के शहडोल जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर सिंहपुर गांव में स्थित पचमठा मंदिर पांडवकाल की याद दिलाता है। यहां 11 रुद्री शिवलिंग स्थापित थे। मंदिर करीब पांच हजार साल पुराना बताया जाता है। इसका इतिहास उज्जैन के महाकाल मंदिर से मिलताजुलता भी बताया जाता है। बताया जाता है कि यहां पर पांडवों ने इस मंदिर का निर्माण कराया था। कुछ जानकार इसे कलचुरी काल से भी जोड़कर देखते हैं। मंदिर में स्थापित शिवलिंग की पूजा-अर्चना के बाद 11 मार्ग से लोग परिक्रमा करते थे। अभी यहां पर नौ मार्ग बचे हुए हैं, जबकि दो मार्ग टूट चुके हैं। प्रचलित है कि मुगलकाल में औरंगजेब के समय यहां की प्रतिमाओं को खंडित कर दिया गया था। आज भी उसके अवशेष दिखाई देते हैं। वे स्थान खाली हैं जहां कभी मूर्तियां स्थापित थीं। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि यह बहुत ही सिद्ध स्थल है और गोंड राजाओं के जमाने में यहां की भव्यता देखते ही बनती थी। पचमठा मंदिर की दीवार और दरवाजों पर पत्थर में उकेरी गई नक्काशी को देखकर ही लगता है कि इसे बनाने में काफी समय लगा होगा। मंदिर की प्राचीनता भी इसी बात से समझ में आती है कि यहां जैसी स्थापत्य कला 2000 साल पुराने मंदिरों में ही नजर आती है।



## ट्रेंड

### स्वागत को लेकर उत्सुक

भारत डोनाल्ड ट्रम्प का स्वागत करने उत्सुक है। यह सम्मान की बात होगी कि वह आज हमारे साथ होंगे, जिसकी शुरुआत अहमदाबाद में ऐतिहासिक कार्यक्रम से होगी। पूरा गुजरात एक आवाज में कहता है -नमस्ते ट्रम्प। -नरेंद्र मोदी



### लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था

भारत अब 2.94 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ रहा है। यह सरकार की प्रगतिशील आर्थिक योजनाओं और उपायों का प्रभाव है। -जेपी नड्डा



### पूंजीपति मित्रों के ऋण माफ

मोदीजी के पूंजीपति मित्रों का आठ लाख करोड़ रुपए के कर्ज माफ हो चुके हैं। सरकार इन लोगों के नाम सार्वजनिक क्यों नहीं कर रही है? इनके कर्ज किस प्रक्रिया के तहत माफ किए गए? -प्रियंका गांधी वाड्रा



### अत्यधिक ऊर्जा की जरूरत

यदि आप रहस्यवाद के संपर्क में जाना चाहते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको लंबे चेहरे के साथ गंभीर होना होगा। यदि आप कुछ गहरा करना चाहते हैं, तो आपको एक निश्चित स्तर की अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। सभी मनीषियों को आनंदित किया गया। -सदगुरु



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### केरल में विदेश निर्मित 14 कारतूस बरामद

**कोल्लम।** केरल के कोल्लम जिले में विदेश निर्मित 14 कारतूस बरामद हुए हैं और इस मामले की जांच केरल पुलिस के आतंक रोधी दस्ते को सौंप दी गई है। केरल के पुलिस महानिदेशक लोकनाथ बेहरा के अनुसार दो लोगों को शनिवार को कुलाथपुझा में 14 कारतूस मिले। यह स्थान तमिलनाडु की सीमा से लगा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि प्राथमिक जांच से खुलासा हुआ है कि ये कारतूस विदेश निर्मित हैं। आतंक निरोधी दस्ता इसकी जांच करेगा। वहीं, इसी तरह की एक और घटना में केरल-कर्नाटक सीमा पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति से देसी बंदूक में इस्तेमाल होने वाले 60 कारतूस बरामद किए। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास कारतूस रखने को लेकर जरूरी दस्तावेज नहीं थे। उसे हिरासत में ले लिया गया है।

### डालमिया-ओसीएल के चीन स्थित संयंत्र का परिचालन पुनः शुरू हुआ

**नई दिल्ली।** डालमिया भारत समूह की कंपनी डालमिया-ओसीएल के चीन के लिआओनिंग प्रांत में स्थित संयंत्र ने पुनः परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। डालमिया-ओसीएल भारत की शीर्ष रीफ्रैक्ट्री कंपनी है। रीफ्रैक्ट्री एक उपकरण है जिसका इस्तेमाल गर्म इस्पात बनाने के क्रम में उच्च तापमान को झेलने के लिये किया जाता है। डालमिया-ओसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर नागपाल ने कहा कि कंपनी का दाशिकिआओ संयंत्र 24 जनवरी से बंद था और इसके परिचालन की पुनः शुरुआत पिछले सप्ताह हुई। यह संयंत्र पहले नववर्ष के सार्वजनिक अवकाश को लेकर बंद हुआ था। उसके बाद कोरोनावायरस का संक्रमण फैलने के कारण संयंत्र को बंद रखने की अवधि बढ़ा दी गयी थी। उन्होंने कहा कि नववर्ष के कारण संयंत्र 24 जनवरी से 30 जनवरी तक बंद रहा।

## राज्यसभा चुनावः खाली हो रही 55 सीटों पर दिख सकते है कई नए चेहरे

# कांग्रेस से तारिक, राजद से शरद, शिवसेना से प्रियंका की खुल सकती है किस्मत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा की कुल 55 सीटों पर उम्मीद है कि 26 मार्च को चुनाव हो सकता है। होली से पहले ही 6 मार्च को राज्यसभा के चुनाव के लिए घोषणा की जा सकती है! उच्चसदन से बिहार की पांच खाली हो रही सीटों में से उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, कहकशां परवीन और रामनाथ ठाकुर तीनों जदयू से हैं जब कि राजद से लालू यादव की बेटी मीसा भारती और भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी ठाकुर का कार्यकाल भी पूरा हो रहा है। जदयू कोटे से हरिवंश का फिर से चुना जाना तय माना जा रहा है। मुसलमान बिरादरी की तेजतर्रार नेता कहकशां परवीन को बदला जाएगा, इसकी संभावना भी कम है।

आगामी नवंबर में बिहार विधान चुनाव होने हैं उससे पहले



राज्यसभा की उम्मीदवारी सभी दलों की ओर से ऐसी तय करने की कोशिश होगी जिसका व्यापक मैसेज जाए। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकार चाहते हैं कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के पास आने वाली पांच में से तीन सीटों में से एक सीट पर तारिक अनवर को लाया जाए। जीत के लिए 35 वोटों की दरकार रहेगी। कांग्रेस के पास 26 विधायक हैं। राजद के 82 विधायकों की गिनती 2 सीटों के वोट के बाद भी 12 बचेंगी। ये 12 विधायक अगर कांग्रेस प्रत्याशी को वोट कर दें तो एक सीट कांग्रेस कोटे से आसानी से निकाली जा सकती है।

पार्टी की ओर से बिहार के लिए रणनीतिक बिसात बिछाने वाले एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पिछले राज्यसभा चुनाव में अगड़ी जाति से पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश सिंह और विधान परिषद में भी अगड़ी बिरादरी से ही प्रेमचंद मिश्रा को मौका दिया गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मदन मोहन झा भी अगड़ी जाति से हैं, ऐसे में तब एक मुसलमान का राज्यसभा में लाना तार्किक है जब असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने बिहार में जीत का खाता खोलकर आक्रामक ढंग से मुसलमानों को लुभाने में जुटी है। तारिक अनवर राकांपा छोड़कर कांग्रेस में दो दशक के बाद वापसी की थी। उसके बाद से वे राजनीतिक बियाबां में खो से गए हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उनके सांगठनिक कौशल का लाभ पार्टी लेना चाहती है। राजद से मीसा भारती को अगर फिर से मौका नहीं मिलता है तो उनकी जगह उनकी मां बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के राज्यसभा में आने की संभावना है। दूसरी सीट पर शरद यादव को उच्चसदन राजद भेज सकता है।

### महाराष्ट्र की 7 सीटों पर रहेगी नजर

महाराष्ट्र की खाली हो रही 7 सीटों में से शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस को एक-एक सीटें आसानी से आ जाएंगी। लेकिन पांच उम्मीदवार वोटों का गुणाभाग करने में व्यस्त हैं। राकांपा सुप्रीमो शरद पवार फिर से राज्यसभा में चुनकर आएंगे। उनके साथ वे एक और प्रत्याशी पार्टी की ओर से उतारना चाहते हैं। कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक और युवा नेता राजीव सातव अनुसूचित जाति वर्ग का उच्चसदन में नेतृत्व करने जोर आजमाइश करेंगे। शिवसेना की ओर से प्रियंका चतुर्वेदी, चंद्रकांत खैरे, अनंदराव अड़सूल, शिवाजी राव पाटील और अनंत गीते लाइन में हैं। भाजपा और साथी दल मिलकर आराम से तीन सीटों पर विजय हासिल करेंगे। जिसमें से एक केंद्रीय मंत्री और आरपीआई नेता रामदास अठावले का नाम तय है। राकांपा से भाजपा में आकर सतारा सीट पर लोकसभा चुनाव लड़कर हारने वाले उदयन राजे भोसले दूसरे प्रत्याशी होंगे।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा

# कांग्रेस के 'डांवाडोल' होने की बढ़ रही धारणा को दूर करने के लिए नेतृत्व मुद्दे का हल हो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि पार्टी को लोगों में कांग्रेस के 'डांवाडोल' होने की बढ़ रही धारणा को दूर करने के लिए अपने नेतृत्व का मुद्दा शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक अध्यक्ष को लेकर अनिश्चितता का समाधान करना पार्टी को फिर से खड़ा करने के लिए बड़ा महत्वपूर्ण है। थरूर ने साक्षात्कार में यह भी कहा कि यह राहुल गांधी की इच्छा पर निर्भर करता है कि वह कांग्रेस प्रमुख के रूप में लौटना चाहते हैं या नहीं, लेकिन यदि वह अपना पिछला रुख नहीं बदलते हैं तो ऐसे में पार्टी के लिए सक्रिय और पूर्णकालिक नेतृत्व तलाशने की जरूरत है ताकि पार्टी आगे बढ़ सके जैसा कि राष्ट्र अपेक्षा करता है। पिछले सप्ताह कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के चुनाव की फिर मांग कर चुके तिरुवनंतपुरम के सांसद ने कहा कि पार्टी का निर्णय लेने वाली इस शीर्ष समिति के कुछ सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया से एक ऐसी ऊर्जावान नेतृत्व टीम सामने आएगी जिसके पास संगठन की चुनौतियों का हल करने के लिए मिलकर काम करने का अधिकार होगा।



### वक्त की जरूरत नया अध्यक्ष और नेतृत्व हासिल करना है

थरूर ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में गांधी या गैर गांधी के बार-बार उठने वाले सवाल में असल स्थिति को भुला दिया जाता है। सांसद ने कहा कि बड़ी चिंता और वक्त की जरूरत नया अध्यक्ष और नेतृत्व हासिल करना है तथा मुझे विश्वास है कि यदि हम सहभागी, पारदर्शी और आंतरिक लोकतांत्रिक चुनाव के माध्यम से ऐसा करते हैं तो आखिर में कार्यकर्ता निश्चित ही उन लोगों के पीछे अपनी पूरी ताकत और ऊर्जा लगा देंगे जो विजयी उम्मीदवार होकर उभरेंगे।

## कोरोना वायरसः दक्षिण कोरिया में मामले बढ़े

# इटली और ईरान ने उठाए कठोर कदम

**कोडोग्नो/शंघाई।** दक्षिण कोरिया में रविवार को कोरोना वायरस के मामले काफी बढ़ गए जबकि इटली और ईरान ने इस महामारी के फैलने के डर से कठोर कदम उठाए हैं। इस संक्रामक बीमारी के फैलने पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अफ्रीका की स्वास्थ्य प्रणाली को आगाह किया है जो 'कोविड-19' से निपटने के लिहाज से तैयार नहीं है। चीन के बाहर किसी देश में अगर कोरोना वायरस के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं तो वह दक्षिण कोरिया है जहां संक्रमित लोगों की संख्या 556 तक पहुंच गई है। रविवार को दो और लोगों की मौत के साथ देश में मृतकों की संख्या चार तक पहुंच गई है। इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री चुंग स्ये-क्युन ने कहा कि करीब 5 करोड़ 10 लोगों की आबादी वाले देश के सामने ''गंभीर'' स्थिति खड़ी हो गई है। देश के रोग नियंत्रण एवं बचाव केंद्र ने एक बयान में बताया कि संक्रमण के नए मामलों में कई लोग दाएगू शहर के शिंचेओंजी चर्च से जुड़े हैं। चर्च के सैकड़ों सदस्य अब इस संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। शुरुआत 61 वर्षीय व्यक्ति के साथ हुई थी जिसे 10 फरवरी को बुखार आया था लेकिन संक्रमण का पता चलने से पहले वह चार बार चर्च की प्रार्थना में शामिल हुआ। प्रधानमंत्री ने कोरिया वासियों से धार्मिक सेवाओं समेत बड़ी जन सभाओं में शामिल होने से बचने की अपील की है। वहीं, इटली में दो लोगों की मौत के बाद शनिवार को कई शहरों को कुछ हफ्तों तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इटली यूरोप में पहला देश है जहां शुक्रवार को कोरोना वायरस से उसके एक नागरिक की मौत का मामला सामने आया। इसके बाद करीब 12 शहरों में यात्रा पाबंदियां लगा दी गईं।



### 15 नए मामलों में से तीन और की मौत

तेहरान। ईरान ने रविवार को कोरोना वायरस से तीन और मौतों की जानकारी दी। पिछले 24 घंटों में सामने आए 15 नए मामलों में ये लोग शामिल हैं। इसी के साथ देश में मृतक संख्या आठ पर जबकि संक्रमितों की संख्या 43 पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता कियानोश जहांपोर ने कहा कि तेहरान में कोविड-19 के चार नए मामले सामने आए जबकि पवित्र शहर कौम में सात, गिलान में दो और मरकाजी व टोनेकाबोन में एक-एक मामला सामने आया।

## नदी महोत्सव ...



कोलकाता में रविवार नदी महोत्सव के दौरान गंगा नदी के तट पर कला का प्रदर्शन करती छात्राएं।



जम्मूः महिलाएं जम्मू के बाहरी इलाके में रविवार को एक खेत से गेंदे के फूल ले जाती हुई।

# अमेरिका में आव्रजन पर आज से लागू होगा नया नियम

**वाशिंगटन।** अमेरिका सोमवार से ऐसा नियम लागू करने जा रहा है जिससे उन कानूनी आव्रजकों को ग्रीन कार्ड या कानूनी रूप से स्थायी निवास की अनुमति नहीं दी जाएगी जिन्होंने फूड स्टाम्प्स जैसी जन योजनाओं का फायदा उठाया। इस कदम से कई भारतीय नागरिक प्रभावित हो सकते हैं जिनके पास एच-1बी वीजा हैं और जो लंबे समय से स्थायी कानूनी निवास की अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव स्टेफनी ग्रीशम ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद होमलैंड सुरक्षा विभाग सोमवार को अपना कानून लागू कर पाएगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से कठिन परिश्रम कर रहे अमेरिकी करदाताओं को सुरक्षा मिलेगी, वास्तव में जरूरतमंद अमेरिकियों के लिए कल्याण योजनाएं सुरक्षित होंगी, संघीय घाटा कम होगा और यह मौलिक कानूनी सिद्धांत पुनः स्थापित होगा कि हमारे समाज में आने वाले नए लोग वित्तीय रूप से आत्म निर्भर हो और अमेरिका के करदाताओं पर बोझ न बनें। 14 अगस्त 2019 को प्रकाशित अंतिम नियम को 15 अक्टूबर 2019 से लागू करना था लेकिन अदालतों के विभिन्न फैसलों के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका था। इस कानून से होमलैंड सुरक्षा विभाग यह पहचान करेगा कि कौन विदेशी नागरिक देश में रहने योग्य नहीं है और क्यों उसे अमेरिका में स्थायी निवास की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि वह विदेशी भविष्य में कभी भी 'पब्लिक चार्ज' बन सकता है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा के अनुसार, नये कानून में स्थायी निवास की अनुमति मांग रहे व्यक्ति को यह दिखाना होगा कि उसने गैर प्रवासी दर्जा हासिल करने के बाद से वित्तीय फायदे वाली योजनाओं का लाभ नहीं उठाया।




■ भारतीय एच-1बी वीजा धारकों के लिए मुश्किल

# कैलिफोर्निया में बस बांध में गिरी, तीन लोगों की मौत, 18 घायल

**पाला मेसा (अमेरिका)।** अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया राजमार्ग पर एक चार्टर बस सड़क से फिसलकर एक बांध में गिर गई जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। 'नॉर्थ काउंटी फायर प्रोटेक्शन डिस्ट्रिक्ट' के प्रवक्ता जॉन चोई ने बताया कि सैन डिएगो के उत्तर में करीब 72 किलोमीटर दूर पाला मेसा में शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। कई यात्रियों को बस से निकाल लिया गया था लेकिन एक मृतक बस के अंदर ही फंसा रहा। चोई ने कहा कि इस बस में कोई सीट बेल्ट नहीं थी। उन्होंने बताया कि घायलों को तीन अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारी मार्क लातुलिप्पे ने बताया कि बस चालक ने झटके से बस मोड़ी और वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। बारिश के कारण सड़क फिसलन भरी थी।



## 'पावर वॉक' का आयोजन करेगा एनसीडब्ल्यू

# महिला सुरक्षा पर फैलाई जाएगी जागरूकता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) अगले हफ्ते राष्ट्रीय राजधानी में 'पावर वॉक' का आयोजन करेगा जिसमें दुष्कर्म एवं तेजाब हमले की पीड़िताएं हिस्सा लेंगी।आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा और उनकी सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया जा रहा है।

शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग एक मार्च को शाम सात से आठ बजे तक 'पावर वॉक' का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में, इंडिया गेट से जनपथ तक मार्च किया जाएगा और बलात्कार एवं तेजाब हमले की पीड़िताएं हमारे साथ चलेंगी। हमने निर्भया की मां को भी आमंत्रित किया है। शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश समेत 14 अन्य राज्यों में भी इस तरह के मार्च का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पावर वॉक भरोसे को जगाने का अभियान है कि सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित बनाने का एकमात्र तरीका वहां बड़ी संख्या में मौजूद रहना और स्पष्ट संदेश देना है कि दिन हो या रात, महिलाओं के पास कहीं भी और कभी भी अपने लिए जगह तलाशने का अधिकार है।शर्मा ने कहा कि हमें 'सुरक्षित और असुरक्षित', घर से महिलाओं के बाहर निकलने के 'वाजिब कारण हैं या नहीं' जैसी मान्यताओं को परिभाषित करने वाले नियमों को तोड़ने की जरूरत है।

■ दुष्कर्म एवं तेजाब हमले की पीड़िताएं हिस्सा लेंगी

## एक रिपोर्ट के अनुसार गांव में पहले की तरह ही चहकती दिख रही है गौरैया

# लुप्त नहीं हो रही गौरैया, बस शहरों से दूर चली गई

एजेंसी ▸▸ जयपुर

गौरैया जिसे हम चिड़िया या चिड़ी कहते हैं क्या सच में लुप्त हो रही है? हालिया जारी एक रिपोर्ट की मानें तो ऐसा कतई नहीं है। बीते बीस पच्चीस साल में गौरैया (हाउस स्पैरो) की संख्या में कोई बड़ी गिरावट नहीं आई है। गांव कस्बों ढाणियों में यह वैसे ही चहकती फुदकती मिल जाती है बस शहरों या यूं कहें कि बड़े शहरों में अब वह कम या नहीं दिखती है। कारण कि वह शहरों को छोड़ती जा रही है।

नई दिल्ली के गुरु गोबिंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर (पर्यावरण) डॉ. सुमित डूकिया के अनुसार महानगरों से गौरैया के गायब होने की वजह यही है कि हमारा शहरी ढांचा उसके अनुकूल नहीं है। वहां न तो उसके लिए घोंसले बनाने की जगह बची है और न ही उसके चुग्गे पानी की गुंजाइश। शायद यही कारण है कि वह धीरे-धीरे महानगरीय सोच में ढलती आबादी से दूर जा रही है, क्योंकि यहां उसके चहकने, फुदकने, घोंसला बनाने की गुंजाइश नहीं है। आमतौर पर बड़े बुजुर्ग कहते सुने जाते हैं कि मोबाइल फोन टावरों से निकलने वाली हानिकारिक किरणों के चलते चिड़िया सहित अनेक पक्षी शहरों से पलायन कर रहे हैं। लेकिन इस रिपोर्ट में इस प्रचलित धारणा को खारिज करते हुए कहा गया है कि मौजूदा साक्ष्यों से तो ऐसा कुछ नहीं लगता। इस रपट 'स्टेट आफ इंडियाज बर्ड 2020' में दो पक्षियों चिड़िया और मोर के बारे में जानकारी 'अच्छी खबर' शीर्षक के साथ दी गई है क्योंकि आम धारणा के विपरीत बीते दो दशकों में इनकी संख्या घटी नहीं है। जो अच्छी बात है। रपट में गौरैया के बारे में कहा गया है,'आमतौर पर यही धारणा है कि भारत में गौरैया की संख्या कम हो रही है लेकिन इस प्रजाति की संख्या में बीते 25 से ज्यादा साल में कोई गिरावट नहीं आई है। रपट के अनुसार कई वजहों से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरू और हैदराबाद जैसे महानगरों में चिड़िया की संख्या कम हो रही है। हालांकि मोबाइल टावरों से निकलने वाली हानिकारक किरणों के चलते इस चिड़िया के शहर छोड़ने की बात भी अटकल ही है क्योंकि मौजूदा साक्ष्य इसकी गवाही नहीं देते। विशेषज्ञों का कहना है कि चिड़िया के महानगरों से दूर जाने की वजह दाने चुग्गे की कमी, घोंसले बनाने की जगह नहीं मिलना और ध्वनि तथा प्रकाश प्रदूषण हो सकता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई जब गौरैया के लगातार गायब होने की चिंता जताई जा रही है। उसको बचाने के लिए अनेक अभियान शुरू किए गए हैं। कहा यही जा रहा है कि मोबाइल फोन टॉवर से निकलने वाली किरणों, कीटनाशकों के कारण गौरैया लुप्त हो रही है।



### दिल्ली और बिहार में घरेलू गौरैया को राजकीय पंछी घोषित किया जा चुका है

दिल्ली और बिहार में घरेलू गौरैया को राजकीय पंछी घोषित किया जा चुका है और 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। यह रपट 'स्टेट आफ इंडियाज बर्ड 2020' 17 फरवरी को गांधी नगर में जारी की गई। भारत में पक्षी, पखेरूओं परिंदों की स्थिति पर यह अपनी तरह की पहली विस्तृत रपट है। इस रिपोर्ट में भारत में मिलने वाली पक्षियों की 1300 से अधिक प्रजातियों में से 867 का विश्लेषण किया गया है। यह रपट मोटे तौर पर 15,000 पक्षी प्रेमियों द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि पिछले लगभग 25 साल में 126 प्रजातियों में कोई कमी या बढ़ोतरी नहीं हुई। डॉ. डूकिया के अनुसार यह रपट अपने आप में अच्छी पहल है क्योंकि अब तक हमारे पास भारतीय पक्षियों पर इतने बड़े पैमाने पर डेटा उपलब्ध नहीं था। और लोगों के जुड़ने से यह आने वाले दिनों में और समृद्ध होगा और हम अपने पक्षियों की स्थिति को और बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। चिड़िया की बात हो रही है तो बताते चलें कि इसका वैज्ञानिक नाम पासर डोमेस्टिक है। देश के विभिन्न हिस्सों व अलग अलग भाषाओं में से इसे चिरैया, झिरकी, चिरी, चेर, चराई पाखी, घराछतिया, चकली, चिमनी, पिछुका, गुबाच्ची और कुरूवी के नाम से जाना जाता है।

**खबर संक्षेप**

### मेलों में भाग लेंगे भारतीय कपड़ा निर्यातक



**नई दिल्ली।** कपड़ा निर्यातक कारोबार की संभावनाएं तलाशने के लिए इस साल जापान और अमेरिका जैसे देशों में अंतरराष्ट्रीय मेलों में भाग लेंगे। अपैरल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल ने इसकी जानकारी दी है। तोक्यो के 'इंडिया टेक्स ट्रेंड फेयर', ब्रिटेन के प्योर लंदन, लास वेगास के मैजिक फेयर और कनाडा के अपैरल टेक्सटाइल सोर्सिंग जैसे अंतरराष्ट्रीय मेलों में भाग लेंगे।

### ऑरकॉम के कर्जदाताओं की आज होगी बैठक

**नई दिल्ली।** रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) ने कहा कि कंपनी के कर्जदाताओं की एक बैठक सोमवार को होगी। आरकॉम ने शेयर बाजार को बताया, 'रिलायंस कम्युनिकेशंस के कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की 18वीं बैठक सोमवार, 24 फरवरी 2020 को होनी है।' बैठक के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी गई।

### भारतीय विद्यार्थियों के लिए ट्रिनीटी कॉलेज डबलिन की स्कॉलरशिप की घोषणा

**नई दिल्ली।** ट्रिनीटी कॉलेज डबलिन में भारतीय विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता के विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए संस्थान के शिक्षा और प्रोफेशनल स्टाफ ने इंजीनियरिंग, इनवायरनमेंट और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के लिए 500,000 यूरो के अभूतपूर्व ई 3 स्कॉलरशिप की घोषणा की। अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रैजुएट प्रोग्राम के लिए प्रति वर्ष 1,000 यूरो से 5,000 यूरो तक के स्कॉलरशिप दिए जाएंगे। ई-3 (इंजीनियरिंग, एनर्जी एवं इनवायरनमेंट) एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है जिसका मकसद केवल एक रणनीतिक प्रयास से संस्थान के तीन स्कूलों: इंजीनियरिंग, प्राकृतिक विज्ञान और कंप्युटर विज्ञान एवं सांख्यिकी में शिक्षा और शोध का विस्तार करना है। इसमें सतत तकनीकी विकास की चुनौती दूर करने में मानवीकी को अहमियत दी गई है।

# बैंकों का महाविलय : आगे बढ़ सकती है एक अप्रैल की समयसीमा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों के महाविलय के लिए तय एक अप्रैल की समयसीमा तेजी से नजदीक आ रही है, लेकिन ऐसा लगता है कि ये समयसीमा आगे बढ़ सकती है क्योंकि अभी कई नियामक मंजूरियां मिलनी बाकी हैं।

- अभी कई नियामक मंजूरिया मिलनी बाकी है

एक बैंक अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित महाविलय योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बावजूद शेयर आदान-प्रदान अनुपात तय करना, शेयरधारकों की सहमति और अन्य नियामक मंजूरियां मिलने में कम से कम 30-45 दिन का समय लग सकता है।

**पीएसयू क्षेत्र के 10 बैंकों का होना है महाविलय**

#### 10 माह बाद भी विजया और देना बैंक का विलय नहीं

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विलय की घोषणा के 10 महीने बाद भी विजया बैंक और देना बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ विलय के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एकीकरण की प्रक्रिया अभी भी जारी है। साथ ही मानव संसाधन संबंधी मुद्दे कारोबार को नुकसान पहुंचा रहे हैं और ग्राहकों को असुविधा हो रही है।

#### बजट सत्र का दूसरा भाग दो मार्च से

बजट सत्र का दूसरा भाग दो मार्च को शुरू होगा। पिछले साल अगस्त में सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों का विलय कर चार बड़े बैंक बनाने का फैसला किया था। योजना के मुताबिक यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया और ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का विलय पंजाब नेशनल बैंक में किया जाएगा।




#### पीएमओ ने मांगी जानकारी

अधिकारी ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इन बैंकों से अगले तीन से पांच वर्ष के लिए उनके वित्तीय पूर्वानुमानों की जानकारी मांगी है। इसमें एनपीए, पूंजी आवश्यकता, ऋण वृद्धि और विलय से लागत में कमी के बारे में जानकारी मांगी गई है।

#### अगले वित्त वर्ष से शुरू हो सकते हैं

सार्वजनिक क्षेत्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऐसे में अगले वित्त वर्ष की शुरुआत से विलय को अमलीजामा पहनाए जाने की संभावना इस समय थोड़ी अवास्तवित लग रही है। नियामक मंजूरियों के अलावा विलय योजना को 30 दिनों तक संसद में भी रखा होगा, ताकि सांसद इसका अध्ययन कर सकें।

#### यूनियन प्रस्तावित विलय का विरोध कर रही

बैंक यूनियन भी प्रस्तावित विलय का विरोध कर रही हैं। उनका कहना है कि बैंकिंग क्षेत्र की समस्याओं और अर्थव्यवस्था में सुस्ती का समाधान बैंकों का विलय नहीं है।

#### सिंडीकेट बैंक का केनरा बैंक में विलय बाकी

इस विलय के बाद यह सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक होगा। सिंडीकेट बैंक का केनरा बैंक के साथ विलय होना है, जबकि इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में होगा। इसी तरह आंध्रा बैंक और कोऑपरेशन बैंक को यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया में मिलाया जाएगा।

**विचार-विमर्श : मुद्रास्फीति को निश्चित दायरे में रखने के प्रयास**

# मौद्रिक नीति रूपरेखा की समीक्षा कर रहा रिजर्व बैंक : गवर्नर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति निर्णय में खुदरा मुद्रास्फीति के लक्ष्य की रूपरेखा के साथ उसकी प्रभावित की समीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे में सरकार समेत संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श की योजना है।

सरकार ने मुद्रास्फीति को निश्चित सीमा के दायरे में रखने के प्रयास के तहत 2016 में आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति गठित करने का फैसला किया। समिति को नीतिगत दर (रेपो दर) निर्धारित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

#### महंगाई दर चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी

छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति को 2 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ महंगाई दर को 4 प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। दास ने बातचीत में कहा, 'मौद्रिक नीति रूपरेखा साढे तीन साल से काम कर रहा है। हमने आंतरिक समीक्षा की प्रक्रिया शुरू की है कि आखिर मौद्रिक नीति रूपरेखा ने किस तरीके से काम किया।'

#### नीतिगत दर में कुल 1.35 फीसदी की कटौती

कुल मिलाकर इसमें 1.35 प्रतिशत की कटौती की गयी। आरबीआई के वित्तीय लेखा वर्ष को केंद्र सरकार के अनुरूप किये जाने के बारे में दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष जून में समाप्त होगा जबकि अगला वित्त वर्ष जुलाई में शुरू होगा और 31 मार्च को समाप्त होगा।

#### मौजूदा वर्ष जून तक होगा

दास ने कहा, 'मौजूदा वर्ष जून तक होगा। अगला लेखा वर्ष एक जुलाई को शुरू होगा और 31 मार्च को समाप्त होगा। अतः 12 महीने का समय होगा।' गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक पास नौ महीने (जुलाई 2020 से मार्च 2021) की अवधि के लिए बही-खाता तैयार करने की जिम्मेदारी होगी।



#### रेपो दर में नरम रुख कायम

केंद्रीय बैंक ने छह फरवरी को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने लगातार दूसरी बार नीतिगत दर रेपो को 5.15 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि उसने नरम रुख को बनाये रखा है। दिसंबर में नीतिगत दर को यथावत रखने से पहले लगातार पांच बार नीतिगत दर में कटौती की गयी।

#### रूपरेखा कानून का हिस्सा

गवर्नर ने कहा कि निश्चित रूप से आरबीआई को सरकार से बातचीत करनी है क्योंकि रूपरेखा कानून का हिस्सा है। मौद्रिक नीति का लाभ ग्राहकों को मिलने के संदर्भ में गवर्नर ने कहा कि इसमें धीरे-धीरे सुधार हो रहा है तथा आने वाले समय में यह और बेहतर होगा।

#### पूर्ण वित्त वर्ष 1 अप्रैल 2021 से शुरू होगा

आरबीआई का पूर्ण वित्त वर्ष एक अप्रैल 2021 से शुरू होगा इस कदम के साथ आरबीआई करीब आठ दशक से चले आ रहे लेखा वर्ष को समाप्त करेगा। अप्रैल 1935 में गठित आरबीआई शुरू में जनवरी-दिसंबर को लेखा वर्ष मानता था लेकिन मार्च 1940 में दसे बदलकर जुलाई-जून कर दिया गया।

#### कटौती का लाभ ग्राहकों को देने से फायदा

दास ने कहा, 'मौद्रिक नीति में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने में सुधार आया है। दिसंबर एमपीसी में नये कर्ज में 0.49 प्रतिशत का लाभ ग्राहकों को दिया गया जबकि फरवरी में यह बढ़कर 0.69 प्रतिशत हो गया है। यानी इसमें सुधार आया है।'

***जून मध्य में विशेषज्ञों की बैठक***

*दास ने कहा, 'हमने आंतरिक रूप से मौद्रिक नीति रूपरेखा के प्रभाव की समीक्षा शुरू की है। चालू वर्ष के मध्य में जून के आसपास हम सभी विश्लेषकों और विशेषज्ञों तथा संबद्ध पक्षों के साथ बैठक करेंगे। इस बारे में सरकार की भी सलाह ली जाएगी।'*

# समर्पित मालवहन गलियारे से भाड़े में आएगी 50 प्रतिशत तक गिरावट

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज/ नई दिल्ली



- मालवहन गलियारा देश के चार महानगर को जोड़ेगा
- इनका उपयोग सिर्फ मालगाड़ियों के आवागमन के लिए

रेलवे का समर्पित मालवहन गलियारा 2021 में जब शुरू हो जाएगा तो इससे माल भाड़े में 50 प्रतिशत तक कमी आने की उम्मीद है। यह कहना है डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के प्रबंध निदेशक अनुराग सचान का।

समर्पित मालवहन गलियारा देश के चार महानगर नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को जोड़ने वाली 'स्वर्णिम चतुर्भुज' परियोजना का ही हिस्सा है। समर्पित मालवहन गलियारा परियोजना के तहत महाराष्ट्र के मुंबई में जवाहर बंदरगाह से हरियाणा के रेवाड़ी तक पश्चिमी और पंजाब में लुधियाना से पश्चिम बंगाल में कोलकाता के निकट दानकुनी तक पूर्वी रेल गलियारे बनाए जाने हैं। इनका उपयोग सिर्फ मालगाड़ियों के आवागमन के लिए होगा। पूर्वी समर्पित मालवहन गलियारा (ईडीएफसी) के एक निर्माणस्थल के दौरान सचान ने संवाददाताओं से कहा कि डीएफसीसीआईएल की ओर से वसूला जाने वाला माल भाड़ा भारतीय रेल के मुकाबले 50 प्रतिशत तक कम होगा।

सचान ने कहा, 'हम सभी मालगाड़ियों को 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार तक दौड़ाएंगे, इसलिए मालभाड़ा भारतीय रेल की तुलना में काफी कम होगा। यह 50 प्रतिशत तक कम हो सकता है।

#### मालभाड़े के बीच होगी प्रतिस्पर्धा

इसके लिए विकसित देशों की तरह एक नियामकीय संस्था बनाई जाएगी और यह इन निजी कंपनियों के परिचालन के लिए कोई भेदभाव नहीं करेगी। इसकी वजह से निजी कंपनियों और भारतीय रेल के मालभाड़े के बीच प्रतिस्पर्धा होगी।

### शीर्ष कंपनियों में से एयरटेल का बाजार पूंजीकरण गिरा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 29,487 करोड़ रुपए कम हो गया। भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में इस दौरान सबसे अधिक गिरावट आयी। टीसीएस, एचडीएफसी,हिंदुस्तान यूनिलीवर्स, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में भी गिरावट आयी।

# लॉटरी पर एक मार्च से लगेगा 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी

- केंद्रीय कर अधिसूचना में संशोधन

**नई दिल्ली।** लॉटरी पर एक मार्च से 28 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गई।

जीएसटी परिषद ने पिछले साल दिसंबर में राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे तथा मान्यता प्राप्त लॉटरी पर 28 प्रतिशत की एक समान दर से जीएसटी लगाने का निर्णय लिया था।

राजस्व विभाग ने लॉटरी की आपूर्ति पर जीएसटी दर की अधिसूचना जारी की और पहले की केंद्रीय कर (दर) अधिसूचना में संशोधन किया। इसके अनुसार, लॉटरी की आपूर्ति पर केंद्रीय कर की दर 14 प्रतिशत हो गयी है और राज्य सरकारें में भी समान दर से कर वसूलेंगी। अतः लॉटरी पर लगने वाला कुल जीएसटी 28 प्रतिशत हो गया है। राजस्व विभाग ने अधिसूचना में कहा, 'यह अधिसूचना एक मार्च 2020 से अमल में आ जाएगी।'




***अभी राज्यों की लाटरी पर 12 फीसदी की दर से जीएसटी*** *अभी राज्यों द्वारा संचालित लॉटरी पर 12 प्रतिशत तथा मान्यता प्राप्त लॉटरी पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। ऐसी मांगें उठ रही थीं कि लॉटरी पर एक समान दर से कर लगना चाहिये, जिसके बाद सुझाव देने के लिये मंत्रियों का एक समूह गठित किया गया था। इसके बाद जीएसटी परिषद ने दिसंबर में लॉटरी पर 28 प्रतिशत की दर से एक समान कर लगाने के पक्ष में वोट दिया।*

# अपनी आवास ऋण कंपनी को बेचेगा सेंट्रल बैंक

**मुंबई।** सरकारी क्षेत्र का सेंट्रल बैंक आफ इंडिया आवास ऋण कारोबार करने वाली अपनी अनुषंगी कंपनी -सेंट बैंक होम फाइनेंस लि. (सीबीएचएफएल) को बेचने का विचार कर रहा है।

बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैंक आवास ऋण कंपनी में अपनी पूरी की पूरी 64.40 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहा है। सेंट्रल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक पल्लव महापात्र ने कहा, 'हम सेंट बैंक होम फाइनेंस से निकलना चाहते हैं। बैंक खुद भी आवास कर्ज दे रहा है इसलिए हमें लगता है कि हमें आवास कर्ज कारोबार की अनुषंगी कंपनी रखने की जरूरत नहीं है।' सीबीएचएफएल में बाकी हिस्सेदारी आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको), यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया (यूटीआई) और नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) के पास है। सेंट्रल बैंक इस समय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के तहत पाबंदी में रह कर कारोबार कर रहा है।



- बैंक आवास ऋण कंपनी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचेगी
- सेंट्रल बैंक होम फाइनेंस से निकलना चाह रहा

बैंक ने 2016 में भी इस अनुषंगी में अपनी हिस्सेदारी बेचने का प्रयास किया था पर योजना परवान नहीं चढ़ी। सीबीएचएफएल ने 2018-19 में 16.28 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दिखाया था जो प्रति शेयर 6.51 रुपये बनता था। कंपनी ने 31 मार्च 2019 की रपट के अनुसार 1270.9 करोड़ रुपए के कर्ज दे रखे थे।

### रिजर्व बैंक अकेले मुद्रास्फीति नियंत्रित नहीं कर सकता

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कहा है कि आरबीआई अकेले मुद्रास्फीति को नियंत्रित नहीं कर सकता क्योंकि आपूर्ति मामलों को सरकार द्वारा प्रबंधित करने की जरूरत है। 'नई मौद्रिक नीति रूपरेखा-इसका मतलब' शीर्षक से जारी एक पत्र में रंगराजन ने आरबीआई की मुद्रास्फीति को काबू में रखने की सीमाओं के बारे में चर्चा की है। उन्होंने कहा, 'मुद्रास्फीति का जो लक्ष्य दिया गया है, उसका एक एक दायरा होना चाहिए और उसके समायोजन को लेकर समय सीमा होनी चाहिए तथा यह बहुत अल्प अवधि का नहीं होना चाहिए।'

# भारत में मोटरसाइकिल कारोबार बढ़ाने का लक्ष्य : सुजुकी इंडिया

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया की योजना देश में अपना मोटरसाइकिल कारोबार बढ़ाने की है। कंपनी का लक्ष्य घरेलू बाजार में अपनी कुल बिक्री का 20 प्रतिशत मोटरसाइकिल की बिक्री से हासिल करने का है। सुजुकी अभी देश में मोटरसाइकिल के पांच मॉडल बेचती है। कंपनी की कुल घरेलू बिक्री का 10 प्रतिशत उसे मोटरसाइकिल से मिलता है। जबकि इसमें स्कूटर की बिक्री की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत है। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया, सुजुकी मोटर कार्प की दोपहिया वाहन इकाई है। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के प्रबंध निदेशक कोइचिरो हिराओ ने कहा, 'यह (मोटरसाइकिल श्रेणी) हमारे लिए चुनौती है। इस श्रेणी की बिक्री को बढ़ाने के लिए हमने पहले ही नए मॉडल पेश किए हैं और शोरूम के अंदर बाइक जोन बनाए हैं।'

# प्राकृतिक गैस के दाम में 25% कटौती संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर दाम में नरमी के साथ देश में प्राकृतिक गैस की कीमतों में अप्रैल से 25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लि. एक अप्रैल से छह महीने की अवधि के लिए गैस के दाम में कटौती कर करीब 2.5 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर सकती हैं। फिलहाल यह 3.23 डॉलर प्रति यूनिट है। देश में उत्पादित गैस में इन दोनों कंपनियों की अच्छी-खासी हिस्सेदारी है। सूत्रों के अनुसार कठिन फील्डों से उत्पादित गैस के दाम भी मौजूदा 8.43 डॉलर प्रति यूनिट से कम कर 5.50 डॉलर प्रति यूनिट की जा सकती है। प्राकृतिक गैस के दाम हर छह महीने पर-एक अप्रैल और एक अक्टूबर- तय किए जाते हैं।

***रसोई गैस हो सकती है सस्ती :*** *गैस की कीमतों में कटौती से ओएनजीसी जैसी कंपनियों की आय कम होगी लेकिन इससे सीएनजी के दाम भी कम होंगे जिसका उपयोग कच्चे माल के रूप में प्राकृतिक गैस में किया जाता है। साथ ही घरों में पाइप के जरिये पहुंचने वाली रसोई गैस और उर्वरक तथा पेट्रोरसायन की लागतें भी कम होंगी।*



#### ओएनजीसी देश की सबसे बड़ी गैस उत्पादक

सूत्रों ने कहा कि दाम में कटौती से देश की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी ओएनजीसी की आय पर असर पड़ेगा। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी भागीदार बीपी की आय भी प्रभावित हो सकती है जो दूसरे चरण में पूर्वी अपटीय क्षेत्र में केजी-डी6 ब्लाक में खोजे गये फील्ड से 2020 के मध्य से उत्पादन की योजना बनाई है।

#### गैस के दाम बढ़ाने से यूरिया की लागत पर असर

ओएनजीसी का गैस कारोबार से आय और कमाई करीब 3,000 करोड़ रु. कम होगी। गैस के दाम में एक डॉलर प्रति यूनिट के बदलाव से यूरिया की उत्पादन लागत करीब 1,600 से 1,800 रुपये प्रति टन का बदलाव आता है। कीमत में कटौती से सरकार की सब्सिडी में 2020-21 की पहली छमाही में 800 करोड़ रुपये की कमी आएगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष




ज्योतिष




ज्योतिष




ज्योतिष



















**लोन**

☞ धोखेबाजों से सावधान श्री राम फाइनेंस कंपनी (REGISTERED) 1972 द्वारा मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, लोन घर बैठे पाएं (वार्षिक ब्याज 2%) (सब्सिडी 50% छूट) (ONLINE बैंकिंग का लाभ उठाएं) HELPLINE :- 73763-82496, 87655-37571

**टावर**

☞ (रजिस्ट्रेशन फ्री) GTL टावर कम्पनी द्वारा अपनी जमीन, खेत, प्लाट, मकान की छत पर 4G, 5G टावर लगवायें 90 लाख एडवांस, 90 हजार किराया 2 व्यक्ति की नौकरी 20 साल का कोर्ट एग्रीमेंट किसी दूसरी कम्पनी में फसा हुआ पैसा निकलवाने के लिए सम्पर्क करें 72 घंटों में अपना फसा हुआ पैसा निकलवायें, धोखेबाजों से सावधान मो.- 63977-33740, 76689-16707

## खबर संक्षेप



### भारतीय क्रिकेट को आईपीएल ने बदल दिया

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व आल राउंडर शाहिद अफरीदी ने भारतीय क्रिकेट की सफलता का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग को दिया और कहा कि इससे देश के उभरते हुए युवा क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दबाव से निपटने में मदद मिली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, 'मुझे लगता है कि आईपीएल ने भारतीय क्रिकेट को बदल दिया। उनके नए खिलाड़ी आईपीएल में शीर्ष विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलकर और उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आने बाद पूरी तरह तैयार होते हैं। वे इस स्तर के दबाव से निपटने के लिए तैयार होते हैं।'

### लाहिड़ी तीसरे दौर के बाद संयुक्त 38वें स्थान पर

**रियो ग्रेंडे।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने लगातार तीसरे दौर में 70 का कार्ड खेला जिससे



वह प्यूर्टोरिका ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 38वें स्थान पर हैं। लाहिड़ी ने सात बर्डी बनायी लेकिन इस बीच पांच बोगी भी की। उनका स्कोर अब छह अंडर 210 है। भारत के ही अर्जुन अटवाल (72) संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। डेनियल चोपड़ा ने 73 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 64वें स्थान पर हैं। पीजीए टूर में पहली बार खेल रहे विक्टर हावलैंड ने आठ अंडर 64 का कार्ड खेला और वह अंतिम दौर से पहले एक शॉट की बढ़त पर हैं।

### गोवा करेगा आईएसएल फाइनल की मेजबानी



**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का फाइनल गोवा के मडगांव में 14 मार्च को खेला जाएगा। फुटबाल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड की संस्थापक अध्यक्षा नीता अंबानी ने रविवार को यह जानकारी दी। फाइनल मुकाबला मडगांव के फार्तोदा स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 14 मार्च को शाम सात बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा। अंबानी ने कहा, 'गोवा आईएसएल फाइनल की मेजबानी का हकदार है। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि गोवा को अपनी फुटबाल से प्यार है और हम गोवा के लोगों के लिए फुटबाल का सबसे महत्वपूर्ण मुकाबला शहर में लाना चाहते हैं।'

### ज्योतिका ने खेलो इंडिया के तलवारबाजी में जीता स्वर्ण



**भुवनेश्वर।** गुरुनानक विश्वविद्यालय अमृतसर की ज्योतिका दत्ता ने रविवार को पहले खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की तलवारबाजी की इप्पी में स्वर्ण पदक जीता। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में मणिपुर विश्वविद्यालय की लिंथोई हाओबाम को हराया। ज्योतिका ने इससे पहले फ्रांस में अंतरराष्ट्रीय तलवारबाजी महासंघ के हाई परफोरमेन्स सेंटर में समय बिताया था जिसका उन्हें फायदा मिला।

### निशियोका डेलरे बीच के फाइनल में

**मियामी।** जापान के गैरवरीयता प्राप्त योशिहितो निशियोका ने शनिवार को यहां छठी वरीयता प्राप्त उगो हंबर्ट को हराकर एटीपी डेलरे बीच टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। निशियोका ने यह मैच 1-6, 6-4, 6-0 से जीतकर अपने करियर में दूसरी बार फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने 2018 में शेंजेन में खिताब जीता था।







# जितेन्द्र को रजत, राहुल और दीपक ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** जितेंद्र कुमार ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में सीनियर एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को 74 किग्रा फ्री स्टाइल वर्ग में रजत पदक हासिल किया। राहुल अवारे ने 61 किग्रा और दीपक पुनिया ने 86 किग्रा में कांस्य पदक जीता। भारत ने प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य सहित 20 पदक जीते। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार के 74 किग्रा वर्ग के प्रबल प्रतिद्वंद्वी जितेंद्र फाइनल में पहुंचे लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जितेंद्र के रजत पदक जीतने के साथ उनके ओलंपिक ट्रायल टूर्नामेंट में उतरने की संभावना मजबूत हो गई है। जितेंद्र को पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप के लिए हुए ट्रायल में सुशील से हार का सामना करना पड़ा था। सुशील विश्व चैंपियनशिप के पहले ही राउंड में बाहर हो गए थे। सुशील चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप के ट्रायल में नहीं उतरे थे और जितेंद्र के रजत जीतने से सुशील की संभावनाएं धूमिल हो गई हैं। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में 61, 74, 86, 92 और 125 किग्रा वर्ग के मुकाबले हुए,जिसमें केवल जितेंद्र ही फाइनल में पहुंचने में कामयाब रहे।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप : भारत ने झटके 20 पदक, पांच स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य के साथ शानदार प्रदर्शन

### जितेंदर ने ओलंपिक क्वालीफायर के लिये टीम में स्थान पक्का किया

जितेंदर कुमार ने रविवार को यहां एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने के साथ ओलंपिक क्वालीफायर के लिये भारतीय टीम में स्थान पक्का किया जिससे अनुभवी सुशील कुमार के लिये तोक्यो खेलों का द्वार बंद हो सकता है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील ने चोट का हवाला देते हुए इस चैम्पियनशिप में भाग नहीं लिया। कजाखस्तान के गत चैम्पियन दानियार कैसानोव के खिलाफ जितेंदर ने शानदार रक्षात्मक रणनीति अपनायी लेकिन आक्रमण की कमी दिखायी दी जिससे वह गत चैम्पियन से 1-3 से हार गये। हालांकि उनका प्रदर्शन राष्ट्रीय महासंघ को भरोसा दिलाने के लिये काफी था कि उन्हें ओलंपिक क्वालीफायर के लिये किर्गिस्तान के बिशकेक जाना चाहिए और इस वर्ग के लिये दोबारा ट्रायल की जरूरत नहीं पड़ी। इसका मतलब है कि दो बार के ओलंपिक पदकधारी सुशील कुमार (वह भी 74 किग्रा में खेलते हैं) को इंतजार करके देखना होगा कि जितेंदर बिशकेक में कैसा प्रदर्शन करते हैं जिसमें फाइनल में पहुंचने वाला पहलवान तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लेगा। अगर जितेंदर वहां स्वर्ण पदक के मुकाबले तक पहुंच जाते हैं तो इससे सुशील का रास्ता बंद हो जायेगा जो 2018 एशियाई खेलों के बाद से जूझ रहे हैं। अगर जितेंदर बिशकेक में ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर पाते हैं तो अंतिम मौका अप्रैल में विश्व क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के जरिये मिलेगा। जितेंदर ने कहा, "मैंने अंत में एक प्रयास करने की कोशिश की लेकिन ठीक से नहीं कर पाया।

### जापान के पहलवान से हारे दीपक

विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक को 86 किग्रा सेमीफाइनल में जापान के शुतारो यामादा से हार का सामना करना पड़ा। दीपक ने टखने की चोट के कारण विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में ईरान के हसन याजदानी को वाकओवर दे दिया था और तब से यह उनकी पहली प्रतियोगिता है। इसा अब्दुलसलाम अब्दुलवहाब अल ओबैदी के खिलाफ कांस्य पदक की भिड़ंत में उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक हासिल करने वाले दीपक ने कहा, "मैंने चोट की वजह से ज्यादा ट्रेनिंग नहीं की थी जो मुझे ट्रेनिंग के दौरान लगी थी। मेरी आंख के ऊपर छह टांके लगे थे।"

### किर्गिस्तान के पहलवान से हारे राहुल

वहीं नूर सुल्तान में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले राहुल ने गैर ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के जाहोंगीरमिर्जा तुरोबोव पर 11-9 से जीत हासिल की। लेकिन वह सेमीफाइनल में किर्गिस्तान के उलुकबेक झोलदोशबेकोव से 3-5 से हार गये। उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में ईरान के माजिद अलमास दास्तान को 4-2 से शिकस्त दी। सतेंदर ने 125 किग्रा वर्ग में अपना क्वालीफिकेशन मुकाबला जीता लेकिन वह क्वार्टर फाइनल और फिर रेपेचज दौर में हार गये। सोमवीर की 92 किग्रा वर्ग में चुनौती केवल 24 सेकेंड तक ही टिक सकी और वह उज्बेकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी अजीनीयाज सापारनियाजोव से पराजित हुए।

## कीवियों ने पहली पारी में बनाए थे 348 रन

# कोहली और पुजारा दूसरी पारी में भी नाकाम भारत बैकफुट पर, न्यूजीलैंड से 39 रन पीछे



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

टेस्ट बल्लेबाजी लाइनअप के दो मजबूत स्तंभों विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा की लगातार दूसरी पारी में नाकामी से भारत रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बैकफुट पर चला गया। भारत ने पहली पारी में 183 रन से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 144 रन बनाए हैं और वह अभी न्यूजीलैंड से 39 रन पीछे है। भारत का दारोमदार अब अंजिक्य रहाणे (67 गेंदों पर नाबाद 25) और हनुमा विहारी (70 गेंदों पर नाबाद 11) पर टिका है। भारत के 165 रन के जवाब में न्यूजीलैंड ने पुछल्ले बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे। सुबह अगर न्यूजीलैंड के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को निराश किया तो दूसरे और तीसरे सत्र में ट्रेंट बोल्ट ने भारत को झटके दिए। बोल्ट ने अब तक 27 विकेट पर तीन विकेट लिए हैं जिनमें पुजारा और कोहली के विकेट भी शामिल हैं। पुजारा (81 गेंदों पर 11) को अत्याधिक रक्षात्मक रवैया अपनाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। वह बीच में 28 गेंद तक छह रन पर अटके रहे और आखिर में अपनी इसी नकारात्मक बल्लेबाजी के जाल में फंस गए। उन्होंने चाय के विश्राम से पहले आखिरी गेंद पर बल्ला उठा दिया लेकिन वह उनका आफ स्टंप थर्रा गई।

■ भारतीय टीम दूसरी पारी में चार विकेट पर 144 रन बनाकर जूझ रही



### मयंक का अर्धशतक

भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (99 गेंदों पर 58) ने अर्धशतक जमाया लेकिन उनके साथी ओपनर पृथ्वी शॉ (30 गेंदों पर 14) की खराब तकनीक फिर से उजागर हुई। उन्होंने बोल्ट की गेंद पर शार्ट स्क्वायर लेग पर टाम लैथम को कैच दिया। लैथम ने डाइव लगाकर यह कैच लिया। अग्रवाल ने सकारात्मक बल्लेबाजी की। उन्होंने टिम साउदी (41 रन देकर एक) की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले सात चौके और स्पिनर अजाज पटेल पर लांग आफ पर छक्का लगाया।

### कोहली का खराब फार्म जारी

कोहली (43 गेंदों पर 19) ने सकारात्मक शुरुआत की लेकिन बोल्ट की शार्ट पिच गेंद पर पुल करने की जल्दबाजी में वह चूक गए और विकेटकीपर वीजे वाटलिंग को पीछे कैच दे बैठे। इस तरह से कोहली की न्यूजीलैंड के वर्तमान दौरे में खराब फार्म जारी रही। वह इस दौरे में तीनों प्रारूपों की नौ पारियों में केवल 201 रन बना पाए हैं।

### इशांत के 11वीं बार पारी में पांच विकेट

पहले सत्र में न्यूजीलैंड के पुछल्ले बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को परेशानी में रखा जिससे कीवी टीम 175 रन से अधिक की बढ़त हासिल करने में सफल रही। भारत की तरफ से इशांत शर्मा ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए।इशांत ने अपने करियर में 11वीं बार पारी में पांच या इससे विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन (99 रन देकर तीन) ने सुबह के सत्र में दो विकेट लिए लेकिन काइल जेमीसन और बोल्ट सहित पुछल्ले बल्लेबाजों ने उनकी गेंदों की धुनाई भी की।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 165/10

| न्यूजीलैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लैथम का पंत बो इशांत | 11 | 30 | 0 | 0 |
| टॉम ब्लंडेल बो इशांत | 30 | 80 | 4 | 0 |
| केन का सब. जडेजा बो शमी | 89 | 153 | 11 | 0 |
| रोस टेलर का पुजारा बो इशांत | 44 | 71 | 6 | 1 |
| निकोल्स का कोहली बो अश्विन | 17 | 62 | 2 | 0 |
| वाटलिंग का पंत बो बुमराह | 14 | 30 | 1 | 0 |
| ग्रैंडहोम का पंत बो अश्विन | 43 | 74 | 5 | 0 |
| टिम साउदी को शमी बो इशांत | 06 | 13 | 1 | 0 |
| जेमीसन का विहारी बो अश्विन | 44 | 45 | 1 | 4 |
| अजाज पटेल नाबाद | 04 | 20 | 1 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट का पंत बो इशांत | 38 | 24 | 5 | 1 |

**अतिरिक्त :** 08, कुल : 100.2 ओवर में 348/10

गेंदबाजी : बुमराह 26-5-88-1, इशांत 22.2-6-68-5, शमी 23-2-91-1, अश्विन 29-1-99-3

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का लैथम बो बोल्ट | 14 | 30 | 2 | 0 |
| मयंक का वाटलिंग बो साउदी | 58 | 99 | 7 | 1 |
| चेतेश्वर पुजारा बो बोल्ट | 11 | 81 | 0 | 0 |
| कोहली का वाटलिंग बो बोल्ट | 19 | 43 | 3 | 0 |
| अजिंक्य रहाणे खेल रहे हैं | 25 | 67 | 4 | 0 |
| हनुमा विहारी खेल रहे हैं | 15 | 70 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त :** 02, कुल : 65 ओवर में 144/4

**गेंदबाजी :** साउदी 15-5-41-1, बोल्ट 16-6-27-3, ग्रैंडहोम 14-5-25-0, जेमीसन 17-7-33-0, पटेल 3-0-18-0

## मेसी के चार गोल से शीर्ष पर पहुंचा बार्सिलोना

**मैड्रिड।** लियोनेल मेसी के चार गोल की मदद बार्सिलोना ने शनिवार को बड़ी जीत दर्ज करके ला लिगा फुटबाल टूर्नामेंट की अंकतालिका में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया जबकि रियल मैड्रिड को लेवेंटे के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मेसी ने 14वें, 37वें, 40वें और 87वें मिनट में गोल किए जिससे बार्सिलोना ने इबार को 5-0 से करारी शिकस्त दी। बार्सिलोना की तरफ से पांचवां गोल आर्थर मेलो ने 89वें मिनट में किया। बार्सिलोना के अब 25 मैचों में 55 अंक हो गए है जो रियल मैड्रिड से दो अंक अधिक हैं। रियल को एक अन्य मैच में लेवेंटे से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। लेवेंट के लिए यह महत्वपूर्ण गोल जोस लुईस मोरलेस नोगालेस ने 79वें मिनट में किया।



## मध्य प्रदेश व नार्दन के बीच फाइनल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

मध्य प्रदेश अकादमी भोपाल ने रविवार को हॉकी हरियाणा को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट के जरिए 9-8 से एवं दूसरे सेफा मैच में नार्दन रेलवे नई दिल्ली ने रेलवे कोच फैक्ट्री कपूरथला को 7-6 से पेनाल्टी शूटआउट में हराकर 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच व समापन समारोह आज दोपहर 3 बजे से आयोजित है। स्टेडियम समिति राजनांदगांव द्वारा अन्तर राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जा रही 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के पहले सेमीफाएनल मैच में दर्शकों को काफी उतार-चढ़ाव भरा मैच देखने को मिला जिसमें नार्दन रेलवे नई दिल्ली ने रेल्वे कोच फैक्ट्री कपूरथला की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैच के तीसरे मिनट में संकल्प सिंह व चौथे मिनट में अजमेर सिंह के मैदानी गोल से कपूरथला ने 2-0 की बढ़त ले ली। लेकिन यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं टिकी व 15वें मिनट में नार्दन रेल्वे को पेनाल्टी कार्नर मिला जिस पर जसजीत ने गोल कर स्थिति 2-1 गोल पर ला दी।

## महिला टी-20 विश्व कपः पहले मैच में आस्ट्रेलिया को दी थी मात

# आत्मविश्वास से भारत देगा बांग्लादेश को जवाब

एजेंसी ▶▶| पर्थ

मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रभावशाली जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में सोमवार को यहां अपने दूसरे ग्रुप मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा और उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। लेग स्पिनर पूनम यादव के जादुई स्पैल से भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में आस्ट्रेलिया को 17 रन से हराया लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम बांग्लादेश को हल्के से नहीं ले सकती है क्योंकि उसे अपने इस प्रतिद्वंद्वी से 2018 में टी-20 एशिया कप में दो बार हार झेलनी पड़ी थी।

■ लेग स्पिनर पूनम यादव के जादुई स्पैल से जीता था भारत



जेमिमा रोड्रिग्स और पहले मैच में 15 गेंदों पर 29 रन बनाने वाली 16 वर्षीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा एशिया कप टीम का हिस्सा नहीं लेकिन अगर भारत को बांग्लादेश को हराना है तो शीर्ष क्रम में इन दोनों की भूमिका अहम होगी।

### एक-दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं

मध्यम गति की गेंदबाज शिखा पांडे ने भी आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था और हरमनप्रीत को खुशी है कि अब उनकी टीम एक दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। पहले हम एक-दो खिलाड़ियों पर निर्भर रहते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।" जहां तक बांग्लादेश की बात है तो उसका दारोमदार आलराउंडर जहांनारा आलम और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज फरगाना हक पर टिका रहेगा। छब्बीस वर्षीय हक के नाम पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शतक भी दर्ज है। बांग्लादेश की सबसे अनुभवी खिलाड़ी कप्तान सलमा खातून भी बल्ले और गेंद से योगदान दे सकती है।

## शरत-साथियान ने जीता रजत

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

अचंत शरत कमल और जी साथियान की भारत की पुरुष युगल जोड़ी को यहां आईटीटीएफ विश्व टूर हंगरी ओपन के फाइनल में बेनेडिक्ट डुडा और पैट्रिक फ्रांजिस्का की जर्मनी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में भारतीय जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद 16वीं वरीय जोड़ी के खिलाफ 30 मिनट में 5-11, 9-11, 11-8, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में शरत कमल का यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने मनिका बत्रा के साथ मिलकर मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा स्वीडन के ओरेब्रो में



स्वीडिश जूनियर एवं कैडेट ओपन में चेन्नई की मथान राजन हंसिनी ने मिनी कैडेट लड़कियों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता। दस साल की पांचवीं कक्षा की छात्रा हंसिनी को सेमीफाइनल में रूस की लूलिया पुगोवकिना के खिलाफ 12-10, 9-11, 5-11, 8-11 से हार झेलनी पड़ी। कैडेट लड़कियों के वर्ग में सुहाना सैनी और कैडेट लड़कों के एकल वर्ग में सुरेश राय प्रयेश ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# शरीफ 'कठपुतली' प्रधानमंत्री थे : बिलावल

**लाहौर।** विपक्षी दलों की एकता के अपने बयान से पलटते हुए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि इमरान खान की तरह ही पीएमएल-एन के प्रमुख नेता नवाज शरीफ भी 'कठपुतली'' प्रधानमंत्री थे। बिलावल के हवाले से 'डॉन न्यूज' ने एक खबर में कहा कि इमरान खान से पहले, नवाज शरीफ एक कठपुतली प्रधानमंत्री थे।' शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ पर निशाना साधते हुए पीपीपी नेता ने कहा कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की तरह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) भी संसद को महत्व नहीं देती है। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता की अहम भूमिका है लेकिन वह (शहबाज) लंदन में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही लौटेंगे और नेता विपक्ष की अपनी भूमिका निभाएंगे।'' शरीफ के भाई को लेकर बिलावल ने कहा कि जब पंजाब के लोगों को अपने नेता की जरूरत होती है तो वह 'गायब' रहते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का पिछले नवम्बर से लंदन में इलाज चल रहा है और शहबाज वहां उनकी देखभाल कर रहे हैं। बिलावल के बयान पर टिप्पणी करते हुए पीएमएल-एन के एक सांसद ने कहा, '' बिलावल एक बच्चा है और उनकी शरीफ विरोधी टिप्पणियों का जवाब देना विपक्ष की राजनीति को सही तरह से प्रतिबिंबित नहीं करता। पीटीआई हताशा के चलते विपक्ष में फूट डालने की कोशिश कर रही है।'' भाषा शफीक देवेंद्र




## ईरान में आए भूकंप से तुर्की में आठ लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** उत्तर-पश्चिम ईरान में रविवार को आए 5.7 तीव्रता के भूकंप से पड़ोसी देश तुर्की में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई जबकि सीमा के दोनों ओर दर्जनों लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अनादोलु न्यूज एजेंसी ने तुर्की के गृह मंत्री सुलेमान सोयलु के हवाले से रविवार को कहा कि पड़ोसी देश में आए भूकंप से तीन बच्चों समेत आठ नागरिकों की मौत हो गई।

एजेंसी के मुताबिक, स्वास्थ्य मंत्री फहरत्तिन कोका ने कहा कि 21 लोग घायल हो गए। इनमें से आठ की हालत गंभीर है। तुर्की के एक चैनल ने ईरान की सीमा पर मौजूद वान प्रांत के गांवों में कई तबाह घरों की तस्वीरें प्रसारित की।

## ईस्टर संडे हमलाः श्रीलंकाई सरकार ने छह सदस्यीय टीम नियुक्त की

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार ने पिछले साल ईस्टर संडे पर हुए आतंकवादी हमले की चल रही जांच को तेज करने और प्रामाणिक जानकारी एकत्र करने के लिए पुलिस की मदद के वास्ते रविवार को छह सदस्यीय टीम नियुक्त की है। इस हमले में 250 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने 21 अप्रैल को हुए हमले की जांच तेज करने का निर्णय लिया है। एक बयान के अनुसार 'हमले की जांच को तेज करने' के लिए पुलिस की मदद करने के वास्ते छह सदस्यीय टीम की नियुक्ति की गई है और जांच की प्रगति पर रक्षा मंत्रालय को साप्ताहिक रिपोर्ट सौंपी जायेगी।




